रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 20 जुलाई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-328 मूल्य 3.00 ₹

# भाटिया वाइन मर्चेंट प्रबंधन के सामने प्रशासन हो रहा बौना साबित, कार्रवाई के नाम पर महज औपचारिकता

## एसडीएम की नोटिस का जवाब तक नहीं दिया, पर्यावरण संरक्षण मंडल ने अब तक नहीं तय की जिम्मेदारी





कार्यालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)
//प्रेस विज्ञप्ति//
फैक्ट्री के केमिकल युक्त पानी नदी में छोड़े जाने के संबंध में, नोटिस जारी

पथरिया- अनुविभाग पथरिया जिला मुंगेली अन्तर्गत ग्राम धूमा तहसील सरगांव में संचालित हो रहे शराब फैक्ट्री से निकलने वाली गंदे बदबू से आसपास के ग्रामीण क्षेत्र वासियों को समस्या उत्पन्न रही है। जिसके संबंध में पूर्व में प्राप्त शिकायत के अनुसार शराब फैक्ट्री के संचालक श्री बी.एस. भाटिया, भाटिया वाईन मर्चेन्ट धूमा को आसपास 05 किमी० की परिधि में ग्राम धूमा, खजरी, नगपुरा, मोहभट्ठा, बारगांव एवं देवाकर आवासीय बस्ती से लगा हुआ है। जहां फैक्ट्री से शराब निर्माण किया जाता है शराब निर्माण के दौरान उत्सर्जित पदार्थ से वाले बदबू महसूस किये जाने के आधार पर उक्त फैक्ट्री से उत्सर्जित/निकलने वाले बदबू की शिकायत पर अपशिष्ट जल को फैक्ट्री से नाले में बहाये जाने से बदबू फैलता है एवं उक्त जल से पशुओं तथा जलीय जीव-जंतु एवं फसलों को नुकसान होना संभावित है। फैक्ट्री द्वारा प्रदूषित/जहरिली हवा एवं पानी छोड़ा जा रहा है जिससे लोकहित बाधित हो रही है।

इसी क्रम में सोशल मिडिया के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुआ है कि ग्राम धूमा तहसील सरगांव जिला मुंगेली में संचालित भाटिया वाईन मर्चेन्ट शराब फैक्ट्री से निकलने वाली केमिकल युक्त गंदे पानी से आसपास के ग्रामीण क्षेत्र वासियों को समस्या उत्पन्न होने हो रही है एवं नदी के पानी में बदबू और पानी का रंग नीला हो गया, जिससे नदी के मछली मर रहा है। अपशिष्ट जल को फैक्ट्री से नाले में बहाये जाने से बदबू फैलता है एवं उक्त जल से पशुओं तथा जलीय जीव-जंतु एवं फसलों को नुकसान हो रहा है। जिस पर अनुविभागीय दण्डाधिकारी पथरिया भरोसा राम ठाकुर के द्वारा तत्काल संज्ञान में लेते हुए शराब फैक्ट्री के संचालक के विरूद्ध दण्ड प्रकिया संहिता 1973 की धारा 133(1)(ख) के तहत कार्यवाही किये जाने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया गया एवं क्षेत्रीय प्रबंधक पर्यावरण संरक्षण मण्डल बिलासपुर से तत्काल जांच रिपोर्ट मांगा गया है।

प्रति,
सहायक संचालक,
जन संपर्क विभाग
जिला मुंगेली छ.ग.
विषय :- पेपर प्रकाशन करने बाबत्।
उपरोक्तानुसार विज्ञप्ति दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित है।

अनुविभागीय दण्डाधिकारी
पथरिया, जिला - मुंगेली (छ.ग.)

पायनियर संवाददाता ∢ भाटापारा/मुंगेली
www.dailypioneer.com

पथरिया अनुविभाग के सरगांव क्षेत्र के धुमा स्थित भाटिया वाइन मर्चेंट जहाँ बड़े पैमाने पर शराब बनाने का कार्य किया जाता है, वहां से निकलने वाला जहरीला पानी जिसको प्रबंधन को नो वेस्ट करके फैक्ट्री क्षेत्र से बाहर नहीं निकलने देना है लेकिन प्रबंधन ने लापरवाही करते हुए बड़े पैमाने पर कैमिकल युक्त इस पानी को फैक्ट्री के किनारे से निकलने वाली शिवनाथ नदी में अवैधानिक तरीके से बहाया जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर कुछ माह पूर्व पथरिया एसडीएम ने प्रबंधन को नोटिस जारी किया था जिसका जवाब तक नहीं दिया गया। लोकसभा चुनाव के वक्त यहां के दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार भी किया तब पथरिया एसडीएम न्यायलय में प्रबंधन के खिलाफ सीआरपीसी 132 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। इस प्रकरण में महज औपचारिकता निभाई गई जिस पर प्रबंधन की ओर से अधिवक्ता एक बार बस उपस्थित हुए उसके बाद से यह प्रकरण तारीख पे तारीख के साथ लंबित है।

### मछली मारने पर प्रतिबंध, लेकिन लाखों मछलियां मार दी गई

छत्तीसगढ़ सरकार ने वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को ध्यान में रखते हुए उन्हें संरक्षण देने के लिए राज्य में 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित किया है। इसलिए प्रदेश के सभी नदी-नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब या जलाशय (बड़े या छोटे) जो निर्मित किए गए हैं में किए जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट 16 जून से 15 अगस्त तक पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। उक्त नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र अधिनियम के अन्तर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रुपए का जुर्माना अथवा दोनों सजा एक साथ होने का प्रावधान है। लेकिन शिवनाथ नदी में विभिन्न प्रजातियों के मछली जो इस वक्त मर चुकी है उसका जिम्मेदार कौन है? और इस पर कार्रवाई कब होगी?

### आखिर पर्दा कब तक?

आम तौर पर बारिश के मौसम में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा इसके लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाई जाती है। सुप्रीम कोर्ट के गाइडलाईन के अनुसार यह व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है कि दूषित पानी नदी में किसी भी प्रकार से न जाए। लेकिन इस तरह की घटना होना पर्यावरण विभाग पर सवाल खड़ा कर रहा है। आखिर इसके लिए दोषी अधिकारियों पर कब तक पर्दा डाला जाएगा?

शिवनाथ नदी में बड़ी संख्या में मछलियों के मरने के मामले में मुंगेली कलेक्टर राहुल देव ने संज्ञान लिया है और उन्होंने इस मामले की जांच के लिए राज्य पर्यावरण संरक्षण विभाग को पत्र व्यवहार किया है जिस पर पर्यावरण संरक्षण विभाग अपने विशेषाधिकार पर कानूनी प्रावधानों के तहत जांच करेगा। साथ ही एसडीएम पथरिया द्वारा सीआरपीसी 132 के तहत प्रकरण दर्ज कर जवाब मांगा गया है। जैसे ही जवाब और पर्यावरण संरक्षण विभाग का प्रतिवेदन प्राप्त होगा उस आधार पर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर राहुल देव ने सख्त लहजे से स्पष्ट कर दिया है कि किसी तरह का कोई भी पक्षपात नही किया जाएगा रिपोर्ट आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## क्विक न्यूज़

### 31 जुलाई तक अंतरराष्ट्रीय राखी शिपमेंट की भारतीय डाक की अपील

**नयी दिल्ली।** रक्षा बंधन के साथ भारतीय डाक दुनिया भर में अपने प्रियजनों को राखी भेजने के लिए अपनी सहज अंतरराष्ट्रीय मेल सेवाओं का उपयोग करने के लिए लोगों से 31 जुलाई तक अपनी राखी शिपमेंट की योजना बनाने की सलाह दी है। डाक विभाग ने आज यहां एक बयान में यह अपील करते हुये कहा कि अपने प्रियजनों को अपने दिल से दिए गए उपहारों की समय पर प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए 31 जुलाई तक अपनी राखी शिपमेंट की योजना बनाएं। अंतर्राष्ट्रीय मेलिंग की जटिलताओं को नेविगेट करने और देरी और सीमा शुल्क से संबंधित बाधाओं की संभावना को कम करने की जरूरत है। विभाग ने कहा है कि सीमा शुल्क निकासी और पार्सल डिलीवरी में बेहतर सुविधा के लिए, राखी से संबंधित वस्तुओं के लिए हार्मोनाइज़्ड सिस्टम कोड शामिल करने पर विचार करें।

### अमीरी-गरीबी की बढ़ती खाई, महंगाई, बेरोजगारी बड़ी चुनौती : कांग्रेस



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को अपना सातवां बजट पेश करेंगी और इसको लेकर वह उद्योगपतियों, बैंकर्स, किसान संगठनों से बात कर चुकी है, लेकिन देश में सबसे बड़ी चुनौती बेरोजगारी, महंगाई और अमीर गरीब के बीच बढ़ती खाई है जिसे कम करने के लिए उनके इरादे स्पष्ट नजर नहीं आ रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बड़ा संकट यह है कि देश की एक फीसदी आबादी के पास लगभग आधा संपत्ति है जिसके कारण गरीबी और अमीरी के बीच की खाई बढ़ रही है।

### कार एवं ट्रक में टक्कर, छह लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान में बीकानेर जिले के महाजन थाना क्षेत्र में कार एवं ट्रक की टक्कर होने से दो महिलाओं एवं दो बच्चों सहित कार सवार छह लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि सभी मृतक एक ही परिवार के हैं तथा हरियाणा में डबावली तहसील के रहने वाले हैं। ये सभी लोग कार में सवार होकर बीकानेर की तरफ जा रहे थे कि गुरुवार रात को महाजन थाना क्षेत्र में भारत माला रोड के जैतपुर टोल प्लाजा के पास कार आगे चल रहे ट्रक से टकरा गयी। हादसे में कार में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी और एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

## निर्माण मजदूर कल्याण बोर्ड के विरुद्ध श्रमिक संगठनों का प्रदर्शन

वार्ता ∢ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



निर्माण मजदूरों के पंजीकरण, नवीनीकरण और हितलाभ की मांग तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध राष्ट्रीय राजधानी के भवन निर्माण मजदूर संगठनों ने शुक्रवार को दिल्ली भवन एवं अन्य सन्निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के मुख्यालय प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में श्रमिक संगठनों ने बोर्ड की उप सचिव माला सूद को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि दिल्ली में भवन निर्माण के मजदूरों का बिना किसी भेदभाव के पंजीकरण और नवीनीकरण व्यवस्था की जानी चाहिए। मजदूरों को उनके निर्धारित लाभ और सुविधायें समय पर उपलब्ध कराने चाहिए।

## मोदी ने ईसी की अध्यक्ष उर्सुला को दोबारा चुने जाने पर दी बधाई

वार्ता ∢ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूरोपीय आयोग (ईसी) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन को उनके उस पद पर पुनः चुने जाने पर बधाई दी। मोदी ने कहा कि वह उनके साथ भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) की रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने के इच्छुक हैं। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, बधाई हो, वॉनडेर, ईसी की अध्यक्ष के रूप में आपके पुनः निर्वाचन पर। वैश्विक कल्याण के लिए भारत-ईयू रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए (हम) मिलकर काम करने को उत्सुक हैं। यूरोपीय संसद ने लेयेन को यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष के रूप में पांच वर्ष के दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से चुना है। उनकी की उम्मीदवारी को गुरुवार को स्ट्रासबर्ग में यूरोपीय संसद के 720 सदस्यों में से 401 ने समर्थन दिया। उन्हें ज़रूरत से 41 ज़्यादा वोट मिले।

## यूपीएससी ने पूजा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की, उम्मीदवारी रद्द करने के लिए नोटिस जारी किया

एजेंसी ∢ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

संघ लोक सेवा आयोग ने महाराष्ट्र केडर की प्रशिक्षु भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी पूजा खेडकर के कदाचार की विस्तृत और गहन जांच करने के बाद उसके खिलाफप्राथमिकी दर्ज की है और उसका चयन रद्द करने तथा भविष्य की परीक्षाओं से वंचित करने के लिए उसे कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है। यूपीएससी ने कहा कि जांच में पाया कि पूजा ने नियमों का उल्लंघन किया है। यूपीएससी ने कहा, सिलसेवार जांच से पता चला है कि प्रशिक्षु आईएएस ने धोखाधड़ी से सिविल सेवा परीक्षा की उच्चतम आयु सीमा को बढ़ाया जिसके लिए उसने अपना नाम, अपने पिता-माता का नाम, अपनी तस्वीर/हस्ताक्षर, अपना ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और पता बदलकर अपनी फर्जी पहचान बनाकर परीक्षा नियमों के तहत स्वीकार्य सीमा से अधिक प्रयास का लाभ उठाया।

## अमित शाह ने की खुफिया ब्यूरो के कामकाज की समीक्षा




पायनियर संवाददाता ∢ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विभिन्न सुरक्षा और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए देश में सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए जिम्मेदार खुफिया ब्यूरो (आईबी) के मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) के कामकाज की समीक्षा की। जम्मू कश्मीर में पिछले कुछ दिनों में सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गृह मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री ने देश भर की सुरक्षा एजेंसियों और अन्य खुफ्यिा और प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों को राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति सरकार का संपूर्ण और समग्र दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिया। केंद्रीय गृह मंत्री ने देश में उभरते सुरक्षा खतरे के परिदृश्य से निपटने के लिए आतंकी नेटवर्क और उनके सहायक इको-सिस्टम को खत्म करने के लिए सभी एजेंसियों के बीच अधिक तालमेल पर जोर दिया। गृह मंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि एमएसी को विभिन्न हितधारकों के बीच सक्रिय और वास्तविक समय पर कार्रवाई योग्य जानकारी साझा करने के लिए एक मंच के रूप में दिन रात काम करना जारी रखना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, एमएसी ढांचा अपनी पहुंच और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए व्यापक तकनीकी और परिचालन सुधार के लिए तैयार है।

## वनों की कटाई से जलवायु परिवर्तन के कारण ग्रह तबाही के करीब पहुंच गया : धनखड़


**नयी दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जलवायु न्याय का आह्वान करते हुए कहा कि यह हाशिये के और कमजोर लोगों को सबसे अधिक प्रभावित करता है। धनखड़ ने जैव ऊर्जा विकसित



भारत का मार्ग विषय पर चौथे अंतर्राष्ट्रीय जलवायु शिखर सम्मेलन के समापन सत्र में मुख्य भाषण देते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन मानव जाति के लिए एक अस्तित्व का संकट है। प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन और वनों की कटाई से जलवायु परिवर्तन के कारण ग्रह तबाही के करीब पहुंच गया है। लंबे समय तक सूखे, जंगल की तेज आग और अभूतपूर्व तूफान जैसे जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभाव पर धनखड़ ने कहा कि ये परिवर्तन न केवल कमजोर आबादी को खतरे में डालते हैं, बल्कि जैव विविधता और खाद्य सुरक्षा को भी खतरे में डालते हैं। प्राकृतिक संसाधनों और कृषि प्रणालियों पर महत्वपूर्ण दबाव डालते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व और पारिस्थितिकी के प्रति गहरा सम्मान, भारत के सभ्यतागत लोकाचार का एक आंतरिक पहलू रहा है। उन्होंने कहा कि जलवायु न्याय लक्ष्य होना चाहिए, क्योंकि जलवायु परिवर्तन हाशिए के और कमजोर समुदायों को प्रभावित करता है। जैव ऊर्जा के लाभों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, आधुनिक जैव ऊर्जा न केवल स्वच्छ ईंधन प्रदान करती है। बल्कि प्रदूषण को कम करने, किसानों की आय बढ़ाने, आयात को कम करने और स्थानीय रोजगार पैदा करने में भी मदद करती है।

## चिल्फी में बना बम्बू टेट्स कबाड़ में तब्दील



पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्राकृतिक सुंदरता और बैगा आदिवासी के निवास करने और उनके रहन सहन के चलते चिल्फी को मिनी कश्मीर के नाम से देश और प्रदेश में जाना जाता है। राज्य गठन से लेकर अब तक जिले का अपना खुद का अलग ही वजूद रहा है। कबीरधाम वनमंडल द्वारा 17 अगस्त 2016 को तत्कालीन मुख्यमंत्री, वन मंत्री सहित कई जनप्रतिनियो ने लोगो के लिए बम्बू टेट्स का उद्घाटन करते हुए जनता को समर्पित किया लेकिन विभाग के उदासीन रवैया के कारण यह कबाड़ में तब्दील हो गया।

### पर्यटक हो रहे मायूस

हद तो तब हो गई जब भ्रष्टाचार में लिप्त विभाग ने उक्त भवन का निर्माण कर विभागीय वेबसाइट के साथ गूगल में भी इसे अपलोड कर दिया। जिसे देखकर आने वाले पर्यटक मायूस होकर सरकार को कोसते हुए वापस चले जाते है।

### 50 लाख रुपए बर्बाद

वनमंडलाधिकारी ने स्थानीय नेताओं और तत्कालीन मुख्यमंत्री को लोक लुभावन दृश्यों के साथ अंधेरे में रखकर पचास लाख रुपए की लागत का प्रोजेक्ट तैयार किया और लोकधन को पानी की तरह बहा दिया। बकायदा उसका लोकार्पण तत्कालीन मुख्यमंत्री , प्रभारी मंत्री, वन मंत्री , क्षेत्रीय विधायक,सांसद सहित अन्य जन प्रतिनिधि को बुलाकर कराया गया, लेकिन वह आज कबाड़ में तब्दील हो गया।

### साय सरकार का किसानों के हित में एक और बड़ा फैसला

## मंत्रिपरिषद की बैठक में कई अहम फैसले

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य प्राप्त हो, इसके लिए छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम में संशोधन किए जाने का निर्णय लिया गया। मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी (संशोधन) विधेयक-2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम में संशोधन होने से अन्य प्रदेश के मंडी बोर्ड अथवा समिति के एकल पंजीयन अथवा अनुज्ञप्तिधारी, व्यापारी एवं प्रसंस्करणकर्ता भारत सरकार द्वारा संचालित ई-नाम पोर्टल (राष्ट्रीय कृषि बाजार) के माध्यम से अधिसूचित कृषि उपज की खरीदी-बिक्री बिना पंजीयन के कर सकेंगे, इससे छत्तीसगढ़ राज्य के किसानों और विक्रेताओं को अधिकतम मूल्य मिल पाएगा। संशोधन प्रस्ताव के अनुसार मंडी फीस के स्थान पर अब ''मंडी फीस तथा कृषक कल्याण शुल्क'' शब्द जोड़ा जाना प्रस्तावित है। संशोधन प्रस्ताव के अनुसार कृषक कल्याणकारी गतिविधियों के लिए मंडी बोर्ड अपनी सकल वार्षिक आय की 10 प्रतिशत राशि छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण निधि में जमा करेगा। इस निधि का उपयोग नियमों में शामिल प्रयोजनों के लिए किया जा सकेगा। छत्तीसगढ़ राज्य के नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि के आबंटन, अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन और भूमि स्वामी को हक प्रदान करने के संबंध में मंत्रिपरिषद ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए इस संबंध में पूर्व में जारी निर्देश और परिपत्रों को निरस्त कर दिया है। जिसमें राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा नगरीय क्षेत्रों में अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन, शासकीय भूमि के आबंटन एवं वार्षिक भू-भाटक के निर्धारण एवं वसूली प्रक्रिया संबंधी 11 सितम्बर 2019 को जारी परिपत्र, नगरीय क्षेत्रों में प्रदत्त स्थायी पट्टों का भूमिस्वामी हक प्रदान किए जाने संबंधी 26 अक्टूबर 2019 को जारी परिपत्र, नजूल के स्थायी पट्टों की भूमि को भूमिस्वामी हक में परिवर्तित किए जाने के लिए 20 मई 2020 को जारी परिपत्र तथा नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि के आबंटन, अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन और भूमि स्वामी हक प्रदान करने के संबंध में 24 फरवरी 2024 को जारी परिपत्र शामिल हैं। मंत्रिपरिषद की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इन प्रपत्रों के अंतर्गत जारी आदेशों के तहत आबंटित भूमि की जानकारी राजस्व विभाग की वेबसाईट में प्रदर्शित की जाएगी और इस विषय में कोई भी आपत्ति और शिकायत प्राप्त होने पर संभागीय आयुक्त द्वारा इसकी सुनवाई की जाएगी। मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक-2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। जीएसटी कॉउंसिल द्वारा इनपुट सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर के संबंध में आगत कर प्रत्यय लिये जाने के प्रावधान को युक्तियुक्त बनाने एवं पान मसाला, गुटखा इत्यादि के विनिर्माण में लगने वाले मशीनों के रजिस्ट्रीकरण के लिए अधिनियम में कुछ संशोधन का निर्णय लिया गया था। इस निर्णय के परिपेक्ष्य में केन्द्रीय माल और सेवा कर संशोधन अधिनियम 2024, 15 फरवरी 2024 अधिसूचित है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर अधिनियम 2017 में भी तद्नुसार संशोधन किया जाना प्रस्तावित किया गया है।

## स्कूल का बाउंड्रीवॉल, गेट सहित गिरने से कमार छात्रा की दर्दनाक मौत

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com



प्राथमिक शाला छुरियारा पारा क्रमांक 19 नगरी में बाउंड्री वॉल सहित गेट के गिरने से वहां खेल रही कमार बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से स्कूल में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। बच्ची की मौत के लिए आखिर कौन जिम्मेदार? मिली जानकारी के अनुसार प्राथमिक शाला छुरियारा पारा क्रमांक 19 नगरी में पहली क्लास की बालिका दुर्गा पिता बिसाहू कमार वार्ड नंबर 2 निवासी शुक्रवार दोपहर 1:30 बजे स्कूल गेट के पास थी तभी दीवाल गिर गई जिससे बच्ची की मौत हो गई। बताया गया कि बच्ची एक महीना पहले ही यहां एडमिशन ली थी। बच्ची के ऊपर दीवार गिरने के बाद घायल बच्ची को बाइक से अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं मां बाप का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। स्कूल की दीवाल काफी जर्जर स्थिति में थी। शिक्षा विभाग भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा था जिसका नतीजा है कि राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले कमार परिवार की बच्ची को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। घटनास्थल पर जांच करने नगरी के तहसीलदार केतन भोयर, शिक्षा विभाग के बीईओ कलीराम साह, वार्ड पार्षद टिकेश्वर ध्रुव स्कूल पहुंचे। इस संबंध में तहसीलदार केतन भोयर ने बताया कि प्राथमिक शाला में गेट के पास बच्ची मध्यान्ह भोजन के बाद लगभग डेड़ बजे खेल रही थी तभी गेट छात्रा के ऊपर गिर गया। अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। इसमें मुआवजा का प्रावधान है। मामले की जांच की जा रही है। इस संबंध में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कलीराम साहू ने कहा कि मध्यान भोजन के पास बाद बच्ची गेट में झूल रही थी।गेट जर्जर दीवार सहित उसके ऊपर गिर गया। अस्पताल ले जाएगा जहां पर उसे बचाया नहीं जा सका।

# डॉ. यादव संस्कारधानी जबलपुर में करेंगे आरआईसी का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश में संतुलित और समतापूर्ण विकास की यात्रा आगे बढ़ाते हुए, राज्य सरकार 20 जुलाई को संस्कारधानी-जबलपुर में अपना दूसरा रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 80 करोड़ रूपये की लागत से नवनिर्मित नेताजी सुभाष चंद्र बोस सांस्कृतिक और सूचना केंद्र का उद्घाटन कर यहाँ होने वाले क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन का शुभारंभ भी करेंगे। सम्मेलन में प्रमुख उद्योगपतियों, विभिन्न उद्योग संघों के प्रतिनिधियों और प्रमुख विदेशी प्रतिनिधियों सहित 3500 से अधिक उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियाँ शामिल होंगी। डॉ. यादव 60 से अधिक इकाईयों का वर्चुअली उद्घाटन कर उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा भी करेंगे। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में शामिल होने वाली हस्तियों में बैद्यनाथ समूह, आईटीसी, वोल्वो आयशर, बेस्ट कॉर्प, एसआरएफ एवं दावत समूह जैसे प्रमुख औद्योगिक समूह भाग लेंगे।
आरआईसी में ताईवान, मलेशिया, ब्रिटेन, फिजी, जापान और इंडोनेशिया का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख विदेशी प्रतिनिधि भी इसमें शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि एमएसएमई मंत्री चैतन्य



काश्यप और पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह सहित अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। जबलपुर में हो रही आरआईसी के पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा और जबलपुर सहित अन्य क्षेत्रों के उद्योगपतियों के साथ बैठक कर औद्योगिक निवेश के लिए प्रोत्साहित किया। सम्मेलन का उद्देश्य क्षेत्रीय क्षमता का दोहन कर औद्योगिक विकास में क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करना है। जबलपुर क्षेत्र की औद्योगिक क्षमताओं और अवसरों से निवेशकों को रू-ब-रू करवाकर क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देना है। इस इनोवेटिव कान्क्लेव का उद्देश्य प्रमुख बाजारों से निवेशकों को एक मंच पर लाकर, सार्थक चर्चा कर सहयोग को बढ़ावा दिया जाना है। जबलपुर एवं आसपास के क्षेत्र की निवेश संभावनाओं पर केंद्रित 5 क्षेत्रीय सत्र आयोजित किए जाएंगे।
इनमें कृषि, खाद्य एवं डेयरी प्र-संस्करण, रक्षा, खनन एवं खनिज, कपड़ा एवं परिधान तथा पर्यटन शामिल है। साथ ही उद्योग संघों, स्टार्ट-अप्स एवं रक्षा, कपड़ा एवं परिधान के विशेषज्ञों के साथ राउण्ड-टेबल चर्चा भी होगी। सम्मेलन में 300 से अधिक क्रेता-विक्रेता मीटिंग्स और वन-टू-वन चर्चा भी होंगी। निवेशकों को महाकौशल का अनुभव प्रदान करने के लिए जबलपुर एक्सपो और रक्षा प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम और नेटवर्किंग डिनर के साथ होगा, जिसमें क्षेत्र की संस्कृति और व्यंजनों का प्रदर्शन किया जाएगा।

## श्री रामराजा लोक ओरछा में भगवान श्रीराम के प्रसंगों को दर्शाया जाए: यादव

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि ओरछा में विकसित हो रहे रामराजा लोक में भगवान श्रीराम के वनवास अवधि में वर्तमान मध्यप्रदेश के भू-भाग में बिताई गई समयावधि में हुए प्रमुख प्रसंगों को दर्शाया जाए। डॉ यादव ने प्रदेश में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक लोकों के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इन स्थानों पर लाइट एंड साउंड शो की प्रस्तुति की व्यवस्था भी हो। प्रदेश में विकसित हो रहे विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक लोक के आय के साधन सुनिश्चित करते हुए उनके निर्माण और प्रबंधन प्रक्रिया तय की जाए, ताकि सभी लोकों का संचालन सुव्यवस्थित रूप से हो सके। लोकों का बेहतर प्रबंध सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संबंधित विभागों जैसे संस्कृति, पर्यटन, धर्मस्व, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा नगरीय विकास एवं आवास विभाग की स्थानीय स्तर पर संचालन समिति बनाई जाए। बैठक में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, मुख्य सचिव वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव संस्कृति तथा पर्यटन शिवशेखर शुक्ला तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने सुनिश्चित करने को कहा कि विकसित हो रहे सभी धार्मिक और सांस्कृतिक लोकों के निर्माण कार्य में आकल्पन इस प्रकार से हो कि सौंदर्यीकरण और आकर्षण दीर्घकालीन बना रहे। उन्होंने संत रविदास लोक, सागर में शोधपीठ और शैक्षणिक संस्था विकसित करने के निर्देश दिए। डॉ यादव ने कहा कि भादवा माता लोक नीमच में श्रद्धालु दर्शन के साथ-साथ स्वास्थ्य लाभ की दृष्टि से भी आते हैं। भादवा माता लोक से आयुर्वेदिक अस्पताल और फिजियोथेरेपी सेंटर को भी जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंदिर जिस स्थापत्य शैली में बने हैं, उनकी विशेषताओं का संरचनाओं के निर्माण में अनुसरण सुनिश्चित किया जाए। डॉ यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के प्रचार-प्रसार के लिए प्रदेश की कला-संस्कृति-स्थापत्य और प्रमुख व्यंजनों पर केंद्रित मेले देश के अन्य राज्यों में आयोजित किए जाएं, इससे प्रदेश के पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलेगा। प्रदेश में सांस्कृतिक, धार्मिक पुनर्जागरण और पर्यटन के विकास के उद्देश्य से पर्यटन विभाग द्वारा 18 लोकों के विकास के लिए कार्य किया जा रहा है।

# हिमाचल के कुछ जिलों में भारी बारिश का 'ऑरेंज अलर्ट'



पायनियर संवाददाता < शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल में बरसात की गति धीमी बनी हुई है। बरसात में अभी तक सामान्य से 40 फीसदी तक कम बादल बरसे हैं। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों के दौरान बरसात में बढ़ोतरी के आसार जताए हैं और 22 व 23 जुलाई को जिलों में कुछ एक स्थानों पर भारी बारिश का 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। उसके बाद जुलाई के अंत तक मानसून में कमी देखने को मिलेगी। गत 24 घंटे के दौरान नाहन 63.9, कंडाघाट में 48.0, धौलाकुआं में 39.5, पच्छाद में 27.3 जबकि शिमला में 26.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगस्त माह की शुरुआत में मानसून के रफ्तार पकड़ने की उम्मीद है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने बताया कि अगले तीन से चार दिनों तक प्रदेश में वर्षा में तेजी आने की संभावना है इसके लिए विभाग ने अलर्ट जारी किया हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के चार जिला शिमला, मंडी, कांगड़ा और बिलासपुर में सामान्य के आस-पास वर्षा हुई है जबकि बाकी क्षेत्रों में बारिश सामान्य से कम दर्ज की गई है। सबसे कम बारिश लाहौल स्पीति, सिरमौर, सोलन और ऊना में हुई है। उन्होंने बताया कि जुलाई माह में मानसून कम ही असरदार रहेगा जबकि अगस्त माह की शुरुआत में मानसून के रफ्तार पकड़ने की उम्मीद है। पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने और बंगाल की खाड़ी से आने वाली हवाओं में इस बार कमी पाई गई है।

# कोल्हापुर के विशालगढ़ किले के पास तोड़फोड़ पर अदालती रोक

एजेंसी < मुंबई
www.dailypioneer.com

बॉम्बे उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र में कोल्हापुर के विशालगढ़ किले के आसपास तोड़फोड़ की गतिविधियों पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति बी. पी. कोलाबावाला और न्यायमूर्ति एफ पी. पूनीवाला की युगल पीठ ने कहा कि राज्य सरकार पर यह कहते हुए फटकार लगायी कि वह मानसून के दौरान संरचनाओं को नहीं गिराने की अपनी अधिसूचना का उल्लंघन कर रही है।
पीठ ने सरकार से सवाल किया, आप बरसात के मौसम में संरचनाओं को कैसे गिरा सकते हैं। वाणिज्यिक या घरेलू कोई भी संरचना अगले आदेश तक नहीं गिरायी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति कोलाबावाला ने चेतावनी दी कि यदि कोई उल्लंघन होता है, तो न्यायालय संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही और उन्हें जेल में डालने में संकोच नहीं करेगी। राज्य सरकार के मुख्य अधिवक्ता प्रियभूषण काकड़े ने तर्क दिया कि अधिकारी केवल व्यावसायिक संरचनाओं को गिरा रहे थे, जिन्हें न्यायालयों द्वारा कोई संरक्षण नहीं दिया गया था, लेकिन पीठ ने अधिकारियों को अगले आदेश तक किसी भी संरचना को ध्वस्त करने से रोक दिया। गौरतलब है कि विशालगढ़ किले के आसपास और किले से तीन किलोमीटर से अधिक दूर स्थित गजपुर गांव में भी लगभग 60-70 संरचनाओं को गिरा दिया गया था, जिसके कारण वहां सांप्रदायिक तनाव की स्थिति निर्मित हो गयी है। इस क्षेत्र में 14 जुलाई को अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक समुदायों के बीच झड़पें हुई थी। न्यायालय ने विशालगढ़ किले के अधिकार क्षेत्र में शाहूवाड़ी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक को हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ़ कार्रवाई से अवगत कराने के लिए उन्हें 29 जुलाई को व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

## उपचुनाव में निर्वाचित तीनों सदस्यों का शपथ ग्रहण 22 जुलाई को

**शिमला।** विधानसभा उपचुनाव में निर्वाचित तीनों सदस्यों का शपथ ग्रहण 22 जुलाई को होगा। इस संबंध में विधानसभा सचिवालय से अधिसूचना जारी हो गई है। शपथ ग्रहण के साथ ही सभी निर्वाचित विधायक विधानसभा के सदस्य गिने जाएंगे। विधानसभा के संयुक्त निदेशक हरदयाल भारद्वाज ने बताया कि इस संबंध में सभी सदस्यों और विधानसभा के अधिकारियों को जानकारी दे दी गई है। शपथ ग्रहण करने वाले सदस्यों में देहरा से कमलेश ठाकुर, हमीरपुर से आशीष शर्मा और नालागढ़ से हरदीप सिंह बावा शामिल हैं। देहरा से मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कमलेश ठाकुर ने 9399 वोटों से, नालागढ़ में कांग्रेस की टिकट पर हरदीप सिंह बावा ने 8990 वोट और हमीरपुर में भाजपा की टिकट पर आशीष शर्मा ने 1571 वोट के अंतर से विधानसभा का चुनाव जीता है। तीनों निर्वाचित सदस्यों के शपथग्रहण के साथ ही सदन में कांग्रेस के विधायकों की संख्या 40 और भाजपा के विधायकों की संख्या 28 हो जाएगी। इससे पहले लोकसभा चुनाव के साथ ही छह सीटों पर विधानसभा के उपचुनाव में कांग्रेस ने चार और भाजपा ने दो सीटों पर जीत हासिल की है।

# महाराष्ट्र में जिला स्तर पर प्रत्येक योजना के लिए एक समन्वय अधिकारी नियुक्त

वार्ता < रांची
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि बजट में शामिल सात कल्याणकारी योजनाओं के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए जिला स्तर पर प्रत्येक योजना के लिए एक समन्वय अधिकारी नियुक्त किया गया है। शिंदे गुरुवार शाम विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के संबंध में एक समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांतदादा पाटिल, कौशल विकास मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा, अल्पसंख्यक विकास मंत्री अब्दुल सत्तार, प्राचार्य मुख्यमंत्री सचिवालय के सलाहकार मनोज सौनिक और मुख्य सचिव सुजाता सौनिक सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इस बीच, मुख्यमंत्री ने विशेष निर्देश दिये कि सरकार के साथ-साथ विभिन्न प्राधिकरणों, स्थानीय निकायों, निगमों आदि को भी जागरूक किया जाये। विभाग ऐसे पात्र अभ्यर्थियों को तत्काल मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए पंजीकृत करें और उनकी योग्यता के अनुसार इस योजना से जोड़े ताकि बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को इस योजना के तहत छात्रवृत्ति दी जा सके। शुरुआत में शिंदे ने मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षण योजना के पोर्टल का उद्घाटन किया। उम्मीदवार और व्यवसाय, प्रतिष्ठान इस पोर्टल रोजगार.महा स्वयं.जीओवी.इन पर पंजीकरण कर सकते हैं। बैठक में मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना (महिला एवं बाल विकास विभाग), मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षण योजना (कौशल विकास विभाग), मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना (खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग), किशोरियों के लिए मुफ्त उच्च शिक्षा योजना (उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग), मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना (सामाजिक न्याय विभाग), मुख्यमंत्री बलिराजा बिजली रियायत योजना (ऊर्जा विभाग) और मुख्यमंत्री वयोश्री योजना (सामाजिक न्याय विभाग) की विस्तार से समीक्षा की गई।

## साइकोलॉजिकल थ्रिलर में काम करेंगे विक्रांत मेसी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मेसी साइकोलॉजिकल थ्रिलर में काम करते नजर आ सकते हैं। फिल्म 12वीं फेल की सफलता के बाद से विक्रांत मेसी चर्चा में हैं। 12वीं फेल की सफलता के बाद विक्रांत मेसी के पास कुछ नए प्रोजेक्ट्स आए हैं। चर्चा है कि विक्रांत मेसी शाहरुख खान की फिल्म रईस के निर्देशक राहुल ढोलकिया के साथ भी फिल्म करने जा रहे हैं। राहुल और विक्रांत के बीच पिछले कुछ महीनों से एक साइकोलाजिकल थ्रिलर फिल्म को लेकर बातचीत चल रही थी। कहा जा रहा है कि विक्रांत ने इस फिल्म के लिए हामी भर दी है, जल्द ही वह फिल्म को साइन कर ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर सकते हैं। निर्माता मधु मंटेना के प्रोडक्शन में बन रही इस फिल्म की शूटिंग अगले साल जनवरी में शुरू करने की योजना है।

## स्त्री 2 के गीत सभी वर्ग के श्रोताओं को आयेगा पसंद : सचिन जिगर

**मुंबई।** संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर का कहना है कि स्त्री 2 का गीत सभी वर्ग के श्रोताओं को पसंद आयेगा। हॉरर-कॉमेडी फ्रैंचाइज़ स्त्री के प्रशंसकों का इंतज़ार आखिरकार खत्म हो गया है। राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर अभिनीत बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। ट्रेलर पहले भाग से ज़्यादा बड़ा, डरावना और मज़ेदार होने का वादा करता है। लेकिन इससे भी ज़्यादा रोमांचक है संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर की वापसी, जो एक बार फिर अपना जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान, दोनों ने फिल्म के संगीत के बारे में कुछ बहुत ही रोमांचक जानकारी दी। उन्होंने संकेत दिया कि स्त्री 2 का संगीत एल्बम विविध गीतों का एक आदर्श मिश्रण है। उन्होंने कहा,यदि आप इस फिल्म के एल्बम को देखें, तो इसमें विभिन्न प्रकार के गीत शामिल हैं। इसमें एक प्रेम गीत, एक ऑल-बॉयज़ गीत और बहुत कुछ है। इसमें बहुत विविधता है, इसलिए हमें उम्मीद है कि श्रोताओं के सभी वर्ग एल्बम का आनंद लेंगे और इसे सुनेंगे और आशा है कि दर्शक स्त्री की तरह स्त्री 2 को भी पसंद करेंगे।

## हिमाचल सरकार को अडानी को नहीं देने होंगे 280 करोड़

**शिमला।** हिमाचल उच्च न्यायालय ने जंगी थोपन पोवारी बिजली परियोजना से जुड़े मामले में राज्य सरकार को अडानी समूह को 280 करोड़ की अपफ्रंट मनी नहीं लौटाने के आदेश दिए हैं। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश बिपिन चंद नेगी की खंडपीठ ने एकल पीठ के फैसले को पलटते हुए शुक्रवार को यह आदेश दिए। न्यायालय की एकल पीठ ने सरकार को आदेश दिए थे कि दो माह में राशि वापस करे नहीं तो सालाना नौ फीसदी ब्याज सहित राशि देनी होगी। एकल पीठ के इस फैसले को सरकार ने खंडपीठ के समक्ष चुनौती दी थी। गौरतलब है कि सरकार ने अक्टूबर 2005 में 980 मेगावाट की इस हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजना के संबंध में टेंडर निकाले। ब्रैकल कॉरपोरेशन को सबसे अधिक बोली लगाने वाला पाया गया। इसे देखते हुए कंपनी ने प्रीमियम के तौर पर 280 करोड़ सरकार के पास जमा किए। ब्रैकल को यह राशि अडानी समूह ने दी थी। सरकार ने यह टेंडर ब्रैकल कंपनी के साथ किया। बाद में तत्कालीन वीरभद्र सरकार ने परियोजना रिलायंस कंपनी को देनी चाही। गत 15 सितंबर 2016 को रिलायंस कंपनी ने परियोजना निर्माण से इन्कार कर दिया। उसके बाद सरकार ने परियोजना को पीएसयू में देने का फैसला लिया था।

## बिजली गिरने से दो छात्रों की मौत

**सतना।** मध्यप्रदेश के सतना जिले के जैतवारा थाना क्षेत्र के तुर्री गांव मे आज बिजली गिरने से दो स्कूली छात्रों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार स्कूल से घर जा रहे कक्षा 11 वीं के छात्र वरुण सिंह और आदर्श सिंह की बिजली गिरने से मौत हो गयी।

# समयावधि बढ़ने पर जल जीवन मिशन के तहत राजस्थान की शेष रही ढाणियों को किया जाएगा शामिल: चौधरी

वार्ता < जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने विधानसभा में सदन को आश्वस्त किया कि समयावधि बढ़ने पर जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश की शेष रही ढाणियों को सम्मिलित किया जाएगा। चौधरी प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि योजना के सुचारू क्रियान्वयन की दृष्टि से एक ही अधिकारी को परियोजना एवं रख-रखाव का जिम्मा देने के संबंध में गाइडलाइन्स जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत 60 हजार करोड़ से अधिक की राशि के कार्य किए जाने शेष हैं। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन की समयावधि गत मार्च को पूरी हो चुकी है लेकिन दुर्भाग्यवश पूर्ववर्ती सरकार द्वारा परियोजना को समय पर पूरा नहीं किया गया। यही कारण है कि राज्य द्वारा परियोजना का 50 प्रतिशत लक्ष्य ही हासिल किया गया है तथा कार्य पूर्णता में राज्य देश भर में 34वें स्थान पर है। उन्होंने बताया कि हाल ही जल जीवन मिशन की स्थिति के संबंध में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से मुलाकात के दौरान उन्होंने इस मिशन की समयावधि को बढ़ाये जाने के संबंध में निर्णय लेने का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि भीनमाल में पेयजल की स्वीकृत परियोजनाओं में देरी के लिए संवेदक की 20.98 करोड़ की राशि रोकी गई है। इसके अतिरिक्त 26 करोड़ रूपये की पेनेल्टी लगाई गई है, जबकि नियमानुसार 40 करोड़ रुपये जुर्माना लगना चाहिये था। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही अधिकारियों द्वारा गलत तरीके से कार्य पूर्णता की अवधि बढ़ाने के संबंध में भी अधिकारियों को चेताया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि संवेदक द्वारा इसके बावजूद भी कार्य में लापरवाही बरतने या देरी करने पर किसी अन्य संवेदक से कार्य को पूरा करवाया जाएगा।
उन्होंने कहा कि आगामी छह महीनों में परियोजना का कार्य पूर्ण करने के हर संभव प्रयास किये जाएंगे।

# क्रिप्टोकरेंसी ठगी: 45 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर

वार्ता < शिमला
www.dailypioneer.com

क्रिप्टोकरेंसी ठगी मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शिमला कोर्ट में चौथा आरोप-पत्र दाखिल किया है। इसमें 45 आरोपियों के खिलाफ 3,100 पन्नों का आरोप-पत्र दायर किया गया है। इसमें हिमाचल के 15 और बाहरी राज्यों के 30 आरोपी शामिल हैं। इन आरोपियों ने क्रिप्टोकरेंसी के नाम पर लोगों को करोड़ों का चूना लगाया है। अब तक इस मामले में 70 लोगों के खिलाफआरोप-पत्र दायर किया जा चुका है। पहली चार्जशीट वर्ष 2023 दिसंबर में पेश की गई थी। इसके बाद दूसरी जनवरी 2024, तीसरी मार्च 2024 और अब जुलाई 2024 में चौथा आरोप-पत्र दायर हुआ है। करीब 2,500 करोड़ रुपये के घोटाले में अब तक 25 आरोपियों की करीब 40 करोड़ की चल-अचल संपत्ति जब्त की जा चुकी है। इनमें आरोपी सुभाष, हेमराज, अभिषेक और सुखदेव और अन्य एजेंट शामिल हैं। बता दें कि इन चारों पर आरोप है कि इन्होंने हिमाचल के लोगों को ठगने का जाल बुना। निवेशकों को जोड़ने वाले एजेंटों को कमीशन दी जाती थी। उधर, क्रिप्टोकरंसी ठगी मामले में कोलकाता में पकड़े गए आरोपी मिलन गर्ग को पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। वह मुख्य आरोपी सुभाष का कामकाज देखता था। यह आरोपी भी कई लोगों को चूना लगा चुका है। एसआईटी की मानें तो ठगी का खेल वर्ष 2018 से चल रहा था। शुरुआत में आरोपियों ने कई लोगों को निवेश के 11 महीने के बाद डबल पैसे भी दिए। इसके बाद में जब लोगों को तीन साल बाद पैसे नहीं मिले तो पीड़ित पुलिस में शिकायतें करने लगे। एसआईटी के मुताबिक मामले में अभी और भी गिरफ्तारियां होनी हैं। आरोपियों से पूछताछ जारी है। गिरफ्तारी के डर से कई आरोपी भूमिगत हो गए हैं, जबकि कई एजेंटों ने गिरफ्तारी के डर से लोगों को पैसा लौटाना भी शुरू कर दिया है। आरोपियों ने हिमाचल के अलावा पंजाब, हरियाणा के लोगों को भी ठगा है। मंडी, बिलासपुर, हमीरपुर, पंजाब, दिल्ली, चंडीगढ़ में इनकी संपत्तियां हैं। कोलकाता से गिरफ्तार आरोपी पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेजे गये हैं।

## तस्करी में लगे कांस्टेबल को अवैध रूप से काम करने की इजाजत कैसे दी गयी: रोमाणा

**फरीदकोट।** शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता परमबंस सिंह रोमाणा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान बतायें कि किसकी सिफारिश पर मोहाली में 500 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा गया, कांस्टेबल गुरमीत सिंह कोटकपुरा में अपनी तैनाती के बजाय फरीदकोट में अवैध रूप से काम कर रहा था। अकाली नेता ने मोहाली में गुरमीत की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा कि आरोपी पुलिस कांस्टेबल को फरीदकोट में अवैध रूप से काम करने और नियमित रूप से ड्यूटी से अनुपस्थित रहने की अनुमति देने का सीधा मतलब है कि उसे ड्रग तस्करी में लिप्त होने का संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'फरीदकोट के एसएसपी को यह भी बताना चाहिये कि किसकी सिफारिश पर उन्होंने इस तरह के मामलों को इतने लंबे समय तक चलने दिया।' रोमाणा ने मुख्यमंत्री से यह पूछा कि इस समय पंजाब में ड्रग ओवरडोज से होने वाली मौतें इतनी ज्यादा क्यों हो रही हैं। उन्होंने कहा, 'हम हर दिन नशे के ओवरडोज से होने वाली मौतों के बारे में सुन रहे हैं। हाल ही के अखबार में एक खबर छपी थी, जिसमें बताया गया था कि 14 दिनों में ड्रग ओवरडोज से 14 मौतें हो चुकी हैं। एक ही गांव में एक ही दिन में कई मौतें होने की घटनायें भी सामने आयी हैं। इतना सब होने के बावजूद आम आदमी पार्टी ड्रग तस्करी को रोकने के लिये कुछ नहीं कर रही है।

## एक ट्रक के हाइवा से टकराने से ट्रक चालक और क्लीनर की मौत

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में तड़के एक ट्रक के सड़क किनारे खड़े हाइवा से टकरा जाने से ट्रक चालक और क्लीनर की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के पनागर थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर बम्हनौदा गांव के पास एक ट्रक सड़क किनारे खड़े हाइवा से टकरा गया और ट्रक में आग लग गई। इस हादसे में उत्तरप्रदेश के प्रयागराज जिले के गोहरी थाना क्षेत्र के बैचू का पुरवा के निवासी ट्रक चालक शिवकुमार पटेल (45) और क्लीनर पियूष पटेल (18) की जलने से मौत हो गई। मृतक पिता-पुत्र हैं। ट्रक में लगी आग को दमकलों की सहायता से बुझाया गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

## पुलिस ने अपहृत को राजस्थान में जंगल से मुक्त कराया

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के जौरा थाना क्षेत्र से पांच दिन पूर्व अपहृत एक ग्रामीण को पुलिस ने राजस्थान के डागवसई थाना क्षेत्र के ग्राम नगर के जंगल से सकुशल मुक्त करा लिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि 13 जुलाई को ग्राम कोआखो कुंवरपुर निवासी दामोदर गुर्जर घर से जौरा जाने के लिए निकला था। रास्ते में खाडोर की पुलिया से राजस्थान के डांगावसई थाना क्षेत्र के ग्राम नगर निवासी चार बदमाश विशंभर गुर्जर, लखन गुर्जर, एशवीर गुर्जर और रामकेश गुर्जर उसे एक चार पहिया वाहन में पकड़ कर ले गए।

# 'वाघ नख' की प्रामाणिकता पर संदेह करना निंदनीय : शिंदे

**कोल्हापुर।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने लंदन के एक संग्रहालय से वापस लाये गये छत्रपति शिवाजी महाराज के 'वाघ नख' (बाघ के पंजे)



की प्रामाणिकता पर संदेह जताये जाने पर विपक्षी नेताओं पर जमकर निशाना साधा। शिंदे सतारा संग्रहालय में 'वाघ नख' की प्रदर्शनी का उद्घाटन कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा, विपक्ष के नेता दावा कर रहे हैं कि ये 'वाघ नख' नकली हैं, लेकिन 'नकली बाघ' (विपक्ष) छत्रपति शिवाजी महाराज जैसे असली बाघ के 'वाघ नख' के महत्व को कैसे जानेंगे। प्रदर्शनी के उदघाटन के मौके पर उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार, सांस्कृतिक मंत्री सुधीर मुनगंटीवार, जिला संरक्षक मंत्री शंभूराज देसाई और सांसद उदयन राजे भोसले मौजूद रहे। इस मौके पर फडणवीस ने कहा कि उनके (विपक्ष के) नेता नकली हैं, इसलिए वे 'वाघ नख' को नकली कह रहे हैं। इससे पहले सरकारी गेस्ट हाउस से छत्रपति शिवाजी संग्रहालय तक विशाल रैली निकाली गयी। इस बीच इतिहासकार इंद्रजीत सावंत ने आरोप लगाया कि लंदन संग्रहालय में 'वाघ नख' शिवाजी महाराज का मूल 'वाघ नख' नहीं था।

# केन्द्रीय धन होने के बावजूद प्रोजेक्ट को पूरा नहीं करवा रहे मान: औजला

वार्ता < अमृतसर
www.dailypioneer.com



पंजाब के अमृतसर से कांग्रेस सांसद गुरजीत सिंह औजला ने कहा कि केंद्र सरकार के पैसे होने के बावजूद राज्य सरकार दिल्ली कटड़ा एक्सप्रेस वे प्रोजेक्ट पर संजीदगी से काम नहीं कर रही है, जिसके चलते यह प्रोजेक्ट बंद होने की कगार पर पहुंच गया है। सांसद गुरजीत सिंह औजला ने कहा कि दिल्ली कटड़ा एक्सप्रेस वे के लिये कई स्थानों पर या तो जमीन को एक्वायर किया जाना बाकी है या फिर एक्वायर की गयी जमीन पर कब्जा करना बाकी है, लेकिन भगवंत मान इसमें बेहद लापरवाही दिखा रहे हैं, जिसके चलते यह प्रोजेक्ट और अन्य नेशनल हाईवे के प्रोजेक्ट पंजाब और खास तौर पर अमृतसर से छिन सकते हैं। औजला ने बताया कि अभी तक 749.67 करोड़ रुपये की राशि जमींदारों को बांटनी बाकी है। यह राशि जमीन एक्वायर करने के एवज में लोगों को देनी है। सरकार की तरफ से 33.82 किलोमीटर की जमीन का कब्जा लेना बाकी है। इसमें कई जगह ऐसी भी है जहां जमीन एक्वायर की जा चुकी है लेकिन पेमेंट देना बाकी है। उन्होंने बताया कि इस डाटा में तरनतारन से मांनावाला, राजेवाल से अजनाला, अमृतसर से घुमारवी, राजेवाला से अजनाला वाया खेमकरण साहिब रोड, अमृतसर से रमदास और ब्यास-मेहता-बटाला और डेरा बाबा नानक में जमीन एक्वायर का काम लंबित है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान पहले लोकसभा चुनावों में व्यस्त रहे, फिर उपचुनाव करवा रहे थे, अब फिर से तीन उपचुनाव में व्यस्त रहेंगे और फिर हरियाणा में चुनाव में व्यस्त हो जायेंगे। इतने में दो साल निकल जायेंगे और प्रोजेक्ट को केंद्र सरकार बंद करने पर मजबूर हो जायेगी। औजला ने कहा कि केंद्र सरकार ने अभी भी सिर्फ दो महीने का समय दिया है कि राज्य सरकार नेशनल हाईवे के प्रोजेक्टों को पूरा करे, लेकिन इसके लिये मान को संजीदगी से काम करना होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली कटड़ा एक्सप्रेस हाईवे अमृतसर की इंडस्ट्री को एक बूस्ट देगा। अमृतसर की इंडस्ट्री टूरिस्टों पर निर्भर करती है। ऐसे में अगर दिल्ली का सफर सिर्फ चार घंटे का रह जायेगा, तो टूरिस्ट लाखों की तादात में आयेंगे, लेकिन मान जालंधर में घर लेकर बैठ गये हैं, और गुरु की नगरी को भूल गये हैं। सांसद औजला ने कहा कि इसके अलावा पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की ओर से अमृतसर को दी गयी हार्टीकल्चर यूनिवर्सिटी और पट्टी मक्खू रेल लिंक का प्रोजेक्ट भी पेंडिंग पड़ा है और यह वह प्रोजेक्ट है, जिनमें सरकार ने सिर्फ काम करना है, पैसा केंद्र की तरफ से आ चुका है, लेकिन जमीन ही एक्वायर नहीं की जा रही।

# वन्य प्राणी की अवैध तस्करी करने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

## जांच में बोरी के अंदर पाया गया 1 नग तेंदुआ



पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव वनमंडल अंतर्गत वन्य प्राणी की अवैध तस्करी का प्रयास करने का मामला सामने आया हैं। इस सूचना की जानकारी मिलते ही वनमंडलाधिकारी रमेश कुमार जांगड़े. द्वारा टीम गठित कर जांच दल द्वारा सुबह से ही उड़ीसा सीमा से लगे ग्रामों पर रेकी एवं आने जाने वाले वाहनों की जांच की जा रही थी। गश्त के दौरान शाम 5:30 बजे आरक्षित वन आरएफ195 जिले के ग्राम मिरमिण्डा मुख्य मार्ग के किनारे कुछ दूरी पर 6 व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में 3 नग दो पहिया वाहन के साथ एक बोरी में कुछ सामान के साथ उपस्थित थे, जिन्हें टीम के सदस्यों के द्वारा घेराबन्दी कर जांच पूछताछ की गई। सामान की जांच के दौरान बोरी में से 1 नग तेन्दूए की खाल प्राप्त हुई, जिसकी जप्ती की गई। जांच पूछताछ पर संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा अपना-अपना नाम मनुराम मरकाम निवासी नवरंगपुर उडीसा, गणेश गोंड निवासी नवरंगपुर उडीसा, धनपती पोयाम निवासी ग्राम मिरमिण्डा जिला कोण्डागांव, गंगाराम पुजारी निवासी नवरंगपुर उड़ीसा, चेरा पुजारी निवासी नवरंगपुर उड़ीसा, धनपती मरकाम निवासी ग्राम तोरण्डी जिला कोण्डागांव का रहना बताया गया। साथ ही बरामद सामान की जांब पश्चात् मौके पर ही विधिवत जप्ती पंचनामा तैयार किया गया। पूछताछ पश्चात आरोपी गणों के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 धारा 2. 9, 11, 12, 39, 40 (2), 48, 1, 49 1, 498, 50, 51, 57 के तहत् पर्याप्त साक्ष्य, सबूत पाये जाने पर सभी आरोपीगण के खिलाफ बन परिक्षेत्र अमरावती में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 18433/10 17 जुलाई को वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 धारा 2, 9, 11, 12, 39, 40 (2), 481, 49 1, 490, 50, 51, 57 जारी किया गया। इन सभी 6 आरोपियों को 18 जुलाई को कोंडागांव न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा उन सभी 6 आरोपियों को 14 दिनों की न्यायिक अभिरक्षा में केंद्रीय कारागार जगदलपुर भेजा गया।

# केन्द्र एवं राज्य शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ हितग्राहियों को मिले : मंत्री कश्यप

पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com



एक दिवसीय प्रवास पर बीजापुर पहुंचे छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता, संसदीय कार्य एवं जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान बस्तर के लोकसभा सांसद महेश कश्यप विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग, आदिम जाति, वन विभाग, खाद्य, जल संसाधन, राजस्व सहित सभी विभागों के कार्यो की विभागवार विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए एवं जिले के विषम परिस्थिति के बावजूद विभागीय समन्वय के साथ विकास कार्यो में बेहतर प्रदर्शन के लिए अधिकारियों का उत्साहवर्धन भी किया। मंत्री श्री कश्यप ने केन्द्र एवं राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना, सामुदायिक एवं व्यक्तिगत शौचालय, निर्माण, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, खाद-बीज की उपलब्धता, भण्डारण एवं वितरण सहित छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार की प्रगति की समीक्षा करते हुए अंदरूनी क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यो की जानकारी ली। शासन की योजनाओं से शतप्रतिशत हितग्राहियों को लाभान्वित करने आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला प्रशासन के पहल पर बीजापुर आम महोत्सव 2024, इन्द्रावती महाआरती, अंदरूनी क्षेत्रों में सुगमतापूर्वक खाद्यान्न पहुंचाने की योजना सहित नियद नेल्लानार योजना के तहत कांवड़गांव, मुतवेंडी, हिरोली जैसे क्षेत्रों में विकास कार्यों की प्रशंसा की। छत्तीसगढ़ शासन एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशों का पालन करते हुए जिला प्रशासन द्वारा जमीनी स्तर पर बेहतर कार्य किया जा रहा है, इसी तरह और भी बेहतर ढंग से योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। बीजापुर के शांति नगर वार्ड जो कि नक्सल पीड़ित परिवारों का बसाहट है वहां आजिविकामूलक गतिविधियां संचालित करने को कहा।

# पुलिस की एक और बड़ी सफलता, भारी मात्रा में नक्सलियों की सामग्री की बरामद





पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव और कांकेर जिलों की सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने नक्सलियों के डम्प सामग्री को बरामद किया है। 18 जुलाई को कांकेर और कोंडागांव के सीमावर्ती गांव उसेली, अड़ेगा, राजपुर, कुचल, कुदालवाली और आसपास के क्षेत्रों में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर, जिले की डीआरजी और बस्तर फाइटर्स की संयुक्त टीम को तैनात किया गया। जैसे ही पुलिस टीम कुदालवाही पहाड़ी पहुंची, नक्सलियों को पुलिस के आने की सूचना मिल गई, जिसके बाद वे अपना डेरा छोड़कर भाग निकले। इसके बाद पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान भारी मात्रा में बरामद सामग्री 9 पेट और शर्ट, 2 वर्दी, 15 कटर व्हील, 16 सीरिंज, 3 वायरलेस सेट, 4 रिमोट, 1 वॉकर बंडल, 1 मच्छरदानी, 4 जोड़ी जूते, प्लास्टिक हुम, 4 स्लीपर, 2 सोल्डर मशीन, 2 बंडल वेल्को काला व स्कॉच, 1 स्विच बंडल, विभिन्न प्रकार की दवाइयाँ, नक्सल साहित्य, 3 फॉमवेड कैप, 1 रेडियो, 12 लाल कपड़े व विस्फोटक और दैनिक उपयोगी सामग्री बरामद की गई।

## राजू रेड्डी बने किरंदुल ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष

**किरंदुल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी किरन्दुल में लोकसभा चुनाव के बाद से ब्लॉक अध्यक्ष पद रिक्त होने के कारण संगठनांत्मक कार्यवाही सुचारू रूप से नही चलने के कारण एवं आगामी नगरपालिका चुनाव को देखते छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा रायपुर की पीसीसी बैठक में दिये गये निर्देशानुसार पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजू रड्डी किरन्दुल निवासी को किरन्दुल ब्लॉक का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस किरंदुल कार्यकारी अध्यक्ष राजू रेड्डी ने चर्चा करते हुये बताया की पार्टी ने मुझ जैसे कार्यकर्ता को भरोसा कर कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व करने मुझे एक नई जिम्मेदारी दी गई हैं आगामी किरंदुल नगर पालिका चुनाव होना हैं मैं पार्टी की मुझ पर जो भरोसा किया गया हैं उसका सम्मान करते हुए तन मन से ब्लॉक के सभी कार्यकर्ताओं को एक लेकर एकजुटता के साथ काम करेंगे और मेरे नेतृत्व में संगठन को मजबूती प्रदान करने का काम करेंगे ।

# उच्च प्रा.शा. कदमपारा में किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

विकासखण्ड कोंडागांव के अंतर्गत शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कदमपारा में स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। संस्था के शिक्षक प्रेम कुमार नेगी ने बताया कि, इस परीक्षण का मूल उद्देश्य यह हैं समय-समय पर स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य जांच होता रहे, जिससे मौसमी व अन्य सामान्य बीमारियों से मुक्त रहे इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग के आरएचओ रीता पटेल के द्वारा छात्र-छात्राओं का वजन व लंबाई का मापन कर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उनके द्वारा मौसमी बीमारियों से बचाव के सुझाव व उपाय के बारे में बताया गया साथ ही आयरन व फोलिक एसिड टेबलेट के उपयोग और उसके महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। जिसमें संकुल समन्वयक रुद्रेश्वर प्रसाद मिश्रा, संस्था के प्रधानाध्यापक सतीश कुमार जनगाम, शिक्षक देवी कुमार पटेल, प्रेम कुमार नेगी एवं शिक्षिका मोहिनी साहू के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। इस वर्तमान शैक्षणिक सत्र में विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की दर्ज संख्या 70 है।

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत ऋण के लिए आवेदन आमंत्रित

**कोंडागांव।** जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) के तहत आनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। योजनांतर्गत विद्यमान निजी एवं नवीन सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों जैसे हालर मिल, गुड़ निर्माण, मिनी राईस मिल, मसाला उद्योग, आटा चक्की, पोहा मिल, बेसन निर्माण, नमकीन निर्माण, पापड़, बेकरी, चिप्स, रेवड़ी, ब्रेड, लाडू, रेडी टू इट निर्माण केटल फीड, बड़ी, आचार, मुरमुरा उद्योग, फुटा चना उद्योग आदि को शामिल किया गया है। इस योजना के अंतर्गत प्रति पात्र उद्योगों को परियोजना लागत का 35 प्रतिशत की दर से क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी परन्तु अधिकतम 10 लाख रू. दिये जाने का प्रावधान है एवं लाभार्थी का कुल लागत को न्यूनतम 10 प्रतिशत अंशदान राशि होगा एवं शेष राशि बैंक ऋण होगा। आवेदक आवेदन हेतु पीएफएफएमई के ऑनलाइन में रजिस्ट्रेशन कर आवेदन कर सकता है। इस योजना एवं आवेदन की प्रक्रिया की अधिक जानकारी के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## नगरीय निकाय संघ द्वारा काली पट्टी बांधकर नगरपालिका कार्यालय में किया गया काम



**दंतेवाड़ा।** नगरीय निकायों में वेतन भुगतान हेतु लंबित है। प्रतिमाह लंबित वेतन भुगतान सुनिश्चित हो इस पर न ही शासन द्वारा कोई सार्थक प्रायस किया जा रहा है न ही नगरीय निकायों द्वारा।प्रतिमाह वेतन भुगतान नहीं होने के कारण निकायों के नियमित एवं प्लसेमेंट कर्मचारी में रोष व्याप्त हैं एवम नगरीय निकाय संघ द्वारा इसके विरोध में चरणबद्ध तरीके से हड़ताल किया जा रहा हैं।हड़ताल के द्वितीय दिवस शुक्रवार को नगरीय निकाय संघ के पदाधिकारियों द्वारा किरंदुल नगरपालिका कार्यालय में काली पट्टी बांधकर कार्यालयीन काम किया गया।मौके पर नगरीय निकाय संघ के जिलाध्यक्ष गौरीशंकर तिवारी,जॉर्डन राम,विनीत साव,नरेश साहू, मनराखन ठाकुर,मनीषा ठाकुर,गोवर्धन टोप्पो एवम अन्य उपस्थित थे।

# एक पेड़ मां के नाम के तहत भाजपा ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

पायनियर संवाददाता ∢ कांकेर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी द्वारा पर्यावरण के संवर्धन हेतु जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस 23 जून से 6 जुलाई तक एक पेड़ मा के नाम अभियान चलाया जा रहा है । इस अभियान के तहत आज भाजपा कांकेर शहर मण्डल द्वारा पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, भाजपा प्रकास भरत मटियारा, महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष शालिनी राजपूत, भाजपा जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, पिव मोर्चा प्रदेश महामंत्री टेकेश्वर जैन की उपस्थिति तथा मण्डल अध्यक्ष दीपक खटवानी के नेतृत्व में शहर के शीतला मंदिर व बड़े कंकालीन मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया । इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण पृथ्वी का तापमान तेजी से बढ़ रहा है जिसके कारण गर्मी में अत्यधिक गर्मी पड़ रही है । शहरीकरण व विकास के कारण वनों का अधांधुंध कटाई हो रही है। पृथ्वी के बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने का एकमात्र उपाय अधिक से अधिक पेड़ लगाना है इसलिए भाजपा ने देश भर में वनों का क्षेत्रफल बढ़ाने व शहर में भी तापमान के नियंत्रण के लिए अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने का अभियान शुरू किया है और इस अभियान को एक पेड़ मां के नाम दिया है जिससे लोग अपने मा व अन्य परिजनों के नाम पर पेड़ लगाये व उसे बड़ा होने तक उसका संवर्धन भी करें ।

इस कार्यक्रम में राजीव लोचन सिंह, राजा देवनानी, निपेन्द्र पटेल, भूपेन्द्र नाग, ईश्वर कावड़े, संजय सिन्हा, गिरधर यादव, नीलू तिवारी, राकेश शर्मा, घनेन्द्र ठाकुर, पीयुष वलेचा, योगेश साहू, विजय लक्ष्मी कौशिक, अनिता सोनी, प्यारी साहू, उगेश्वरी उइके, जयंत अठभैया, जतीन अठभैया, प्रवेश चौहान, सुमन शर्मा, दशरथ साहू, बृजमोहन तिवारी, मीरा सलाम, उत्तम यादव, जितेन्द्र सिन्हा आदि उपस्थित रहे ।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत पारंपरिक शिल्पकार व कारीगरों का पंजीयन शुरू

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत जिले में पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों का पंजीयन किया जा रहा है। चयनित हितग्राहियों को प्रमाण पत्र और विश्वकर्मा परिचय पत्र दिया जाएगा। इन कारीगरों के पारंपरिक कौशल को निखारने के लिए 5 से 7 दिन का निशुल्क आवासीय युक्त प्रशिक्षण भी मिलेगा जिसमें 500 रूपए प्रतिदिन की दर से छात्रवृत्ति दी जाएगी। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद यंत्र एवं औजार के लिए 15 हजार रुपए का अनुदान सहायता भी मिलेगा। इच्छुक हितग्राहियों को पहले चरण में 1 लाख तक और दूसरे चरण में 2 लाख तक की वित्तीय सहायता मात्र 5 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंकों द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। योजना के तहत 18 प्रकार के चयनित ट्रेड वाले पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को लाभान्वित किया जाएगा। इनमें बढ़ई, नाव, बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथौड़ा और टूल किट निमार्ता, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, डलिया चटाई बनाने वाले, नाई, पारंपरिक गड़िया और खिलौने बनाने वाले, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली जाल बनाने वाले शामिल हैं।

# खेती और किराना दुकान शुरू करके ग्राम बालूद की कमला ने तय किया तरक्की का सफर

पायनियर संवाददाता ∢ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को स्वरोजगार के अनेकानेक अवसर देने के राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) प्रयास अब सही मायनो में रंग ला रहे है। ग्रामीण महिलाएं भी अब इस तथ्य को भलीभांति समझ रही है कि खेती किसानी और घर गृहस्थी के काम के अलावा भी उनकी एक अलग पहचान होना समय की मांग है और यह पहचान आत्मनिर्भर एवं आर्थिक सशक्तिकरण से ही संभव है और इसी के बदौलत ही वे बच्चों की शिक्षा दीक्षा के खर्च और परिवार के अन्य जरूरतें पूरा करने में हाथ बंटा सकती है। इस क्रम में जिला मुख्यालय से 3 किमी दूरी में बसा ग्राम पंचायत बालूद में निवासरत कमला ठाकुर एवं उनका परिवार अपने जीवन यापन के लिए परंपरागत खेती से ही जुड़ा हुआ था। फिर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के जरिये उन्होंने दिव्या स्व सहायता का गठन किया। इस समूह में अधिकतर सभी 10 महिलाएं निर्धन परिवार से संबंधित थी और सभी महिलाएं गृहिणी ही थी। इन महिलाओं को सी.आर.पी. दीदीयों के द्वारा बिहान योजना के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी गई। समूह से जुड़ने के पश्चात कमला ठाकुर ने घर के काम एवं खेती के साथ-साथ लघु व्यवसाय करने का विचार किया इस प्रकार कुछ नया करने की सोच के साथ उन्होंने बिहान के माध्यम से ही ग्राम संगठन के द्वारा 1,20,000 ऋण प्राप्त कर किराना दुकान शुरू किया। जिसमें उनके परिवार ने भी उनका साथ दिया और उनके द्वारा समय से ग्राम संगठन से लिये गये ऋण को ब्याज सहित चुकता भी कर दिया गया। इसी आत्मविश्वास के बलबूते उन्होंने अपने दुकान को विस्तार करने के उद्देश्य से पुनः बैंक से ऋण के रूप में 50,000 राशि लेकर अपने व्यवसाय को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया है।

# बालकैबिनेट द्वारा मनाया गया उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का जन्मदिन



पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिले के शासकीय उच्च प्राथमिक शाला मड़ानार में नवनिर्वाचित बाल कैबिनेट के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का जन्मदिवस समारोह विद्यालय में आयोजित किया गया। बच्चों और शिक्षकों द्वारा विजय शर्मा की काष्ठ शिल्प से बनाए गया। साथ ही पोट्रेट को लाली कुमकुम विजय तिलक से सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के कक्षा सातवी में अध्ययनरत छात्रा रामेश्वरी को प्रधानाध्यापक पीएल नाग शिक्षक शिवचरण साहू, शिक्षिका आरती बेर, रंजीता तिग्गा, ललिता समरथ ने जन्मदिन आशीष प्रदान कर मिठाई खिलाई अपने नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक माननीय केदारनाथ कश्यप कैबिनेट मंत्री के माध्यम से उपमुख्यमंत्री को बच्चों ने बधाई शुभकामनाएं दिया गया। विद्यालय गतिविधि से प्रभावित होकर विद्यालय के 103 बच्चों के लिए जितेंद्र गप्पी सुराना कोंडागांव द्वारा लड्डू मिठाई की व्यवस्था किया गया था जिसे जन्मोत्सव समारोह उपरांत सभी बच्चों को वितरित किया गया।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में ज्ञात)
सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई – 600031
फोनः +91 44 4564 4000 | फैक्सः +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत नोटिस**

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण का लाभ उठाया। नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों को गिरवी रखकर सुरक्षित किए गए हैं। चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों के नियमों और शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए थे, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया था। उनके द्वारा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि निम्नलिखित तालिका में विशेष रूप से वर्णित संबंधित नोटिस के अनुसार उल्लेख किया गया है और उक्त राशि पर आगे ब्याज भी लागू होगा और इसका शुल्क उनकी संबंधित तिथियों से संविदात्मक दर के अनुसार लिया जाएगा।

| क्र. सं. | ऋण खाता नं. | ऋण का प्रकार | उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के नाम | धारा 13(2) नोटिस दिनांक | धारा 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति का पताः |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 112107137 | सम्पत्ति विरूद्ध ऋण | 1. श्री अहमद हुसैन 2. श्री वसीम अहमद 3. श्रीमती शमीमुन निशा | 29.05.2024 | रु. 4,88,337.52/- | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि खसरा नं. 2408/7 क्षेत्रफल 0.008 हेक्टेयर, और खसरा नं. 2409/40, क्षेत्रफल 0.012 हेक्टेयर, कुल क्षेत्रफल 0.020 हेक्टेयर/2152.7859 फीट, ग्राम-अंबिकापुर, पी.एच. नं. 15, आर.एन.एम., अंबिकापुर-4, तहसील अंबिकापुर, जिला-सरगुजा, छत्तीसगढ़ - 497001, और चौहद्दीः पूरब में - मूसा का मकान, पश्चिम में - सड़क, उत्तर में - मोह. ताकिब का मकान, दक्षिण में - डॉ. खालिद का मकान |
| 2 | 44697603 | सम्पत्ति विरूद्ध ऋण | 1. प्रताप सिंह भारती 3. दलसे भारती 3. रुखमनी भारती | 10.04.2024 | रु. 17,30,358.52/- | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि सम्पत्ति/प्लॉट क्षेत्रफल 200 वर्ग मी. अर्थात 2368 वर्ग फीट, ख. सं. 82/10, गांव बरभाठा, पी. एच. सं. 24, आर.एन.एम-बिलाईगढ़, तहसील बिलाईगढ़, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, छत्तीसगढ़-493222 में स्थित और चौहद्दीः पूरब में - रामसिंह का खेत, पश्चिम में - सी.सी. रोड, उत्तर में - संतराम का मकान, दक्षिण में - रामसिंह का मकान |

आपको आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उपरोक्त तालिका में दिखाए गए विवरण के अनुसार, इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर और अन्य लागत, शुल्क आदि के साथ, ऐसा न करने पर अधोहस्ताक्षरी को सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4) और धारा 14 के तहत आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) की देय राशि की वसूली के लिए यहां उल्लिखित गिरवी संपत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिए बाध्य किया जाएगा। इसके अलावा आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत उक्त सुरक्षित संपत्तियों को बिक्री/पट्टे या अन्यथा के माध्यम से स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में ज्ञात)

दिनांकः 20.07.2024
स्थानः छत्तीसगढ़

# जय जगन्नाथ के नारों से पूरा शहर में जोश, उल्लास के साथ निकली बाहुड़ा यात्रा

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

इस वर्ष भी नगर में बाहुड़ा यात्रा ( रथ वापसी) का आयोजन बड़े धूमधाम से हुआ। भगवान जगन्नाथ, भैया वलभद्र एवं बहन सुभद्रा अपने मौसी माँ के घर से विदा होकर 11 दिन बाद बड़े धूमधाम से गाजे बाजे के साथ रथ में सवार होकर अपने मन्दीर में वापस विराजित हुये। छ.ग. करण महान्ती समाज माँ तारिणि महिला मंच एवं महान्ती युवा मंच के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित -2 दिवसीय कार्यक्रम किया जाता है। इस वर्ष 16 जुलाई 2024 मंगलवार को भगवान जगन्नाथ के रथ को दलदली रोड स्थित राजू जोशी जी के निवास स्थान से सुभाष नगर के उत्कल वासियों की बस्ति होते हुये जगन्नाथ भवन में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा को स्थापित किया गया। रात के आरती के पश्चात समाज के कलाकारों द्वारा नृत्य-गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। 17 जुलाई को प्रातः आरती छप्पन भोग के पश्चात भक्ति संगीत का कार्यक्रम 3 बजे तक चलता रहा इस दौरान दिन भर भजन कीर्तन, जिसमें प्रमुख रूप से समाज की महिलाएं गंजपारा की कीर्तन मंडली, राम जानकी मंदिर की महिलाओं द्वारा भजन मंडली के साथ भगवान के दर्शन के लिये भक्तों का तांता लगा रहा। संध्या 5 बजे भव्य बाहुड़ा यात्रा.. का शुभारम्भ हुआ, रथ प्रस्थान से पूर्व पुरी रथयात्रा के तर्ज पर छेरा पोहरा की प्रक्रिया हुई राजा के भेष में पवित्र मोहन महान्ती ने यह कार्य सम्पादित किया। इस प्रक्रिया के साथ बाहुड़ा यात्रा का शुभारम्भ हुआ। समाज के कलाकारों शुभम सरकार, गोपाल सरकार, कांत महान्ती, मनोज महान्ती ने के साथ गंजपारा के कीर्तन मंडली भजन गायक पुष्पांजलि नायक एवं राजू ने भी भक्ति संगीतों से डीजे के धुन से विशाल शोभा यात्रा को थिरकने को विवश कर दिया। हजारों की संख्या में भक्तगण नाचते गाते, राम जानकी मंदिर पहुंची जहां भगवान जगन्नाथ को राम जानकी मन्दीर के पुजारी आचार्य नारायण वैष्णव द्वारामें विराजित किये।






### साथ ही जय जगन्नाथ के नारों से पूरा शहर गुंजनयान हुआ

इस अवसर नगर के अनेक स्थानों में श्रद्धालुओं ने बाहुड़ा यात्रा में नास्ते चाय की सेवा अर्पित की। मेघबसंत कालोनी वासियों, एफसी. आई चौंक में बबलू महानंद गंजपारा में रमेश साहू जी एवं इंसाफ बैंक द्वारा से आलू चाप, मिर्ची भजिया, नेहरू चौक में मोहन शर्मा एवं मन्दीर प्रागण में इंसाफ बैंक की ओर से कोल्ड ड्रींक दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये छ्छ्छ साउन्ड प्रभु बैंड का सहयोग रहा। समाज के अध्यक्ष मनोहर महान्ती ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये छ.ग. करण महान्ती समाज, माँ तारिणि महिला मंच ,एवं महान्ती युवा मंच के सदस्यों को धन्यवाद दिया एवं समस्त श्रद्धालुओं का बाहुड़ा यात्रा की बधाई एवं शुभकामनायें दी।

# छत्तीसगढ़ में गौ तस्करी, गौ वध और गौमांस बिक्री जैसे मामलों पर सख्त एक्शन लेना स्वागत योग्य : उमेश साहू

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

उमेश साहू ने बताया कि राज्य सरकार ने गौ तस्करी को लेकर कड़ा निर्देश जारी किया है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने गोवंश के अवैध परिवहन पर सख्त एक्शन लिया हैं और गौ वध,गौ मांस रखने वालों को ना सिर्फ अब जेल जाना पड़ेगा, बल्कि 50 हजार रुपये तक का जुर्माना भी लगाया जाएगा और 7 साल की सजा सुनाई जायेगी। गोवंश तस्करी नही हो रही हैं यह सिद्ध करना अभियुक्त पर होगा। अपराध संज्ञेय और गैर जमानती होगा। सक्षम अधिकारी के अनुज्ञा पत्र प्राप्त किए बिना गौवंश का परिवहन नही कर सकेगा। परिवहन करते समय वाहन में फ्लेक्स आदि लगाना होगा। वाहन चालक पर कार्यवाही होगी। इससे अर्जित संपत्ति को चिन्हित कर कुर्क किया जायेगा। गोवंश तस्करी करने वालें पर वाहन राजसात होगा। राजपत्रित अधिकारी को उक्त घटनाओं की रोकथाम एवं पर्यवेक्षक करने हेतु नोडल अधिकारी शिथिल संलिप्त होंगे तो उन पर कठोर कार्यवाही होगी। प्रदेश के कई जगहों पर गौ तस्करी, वध और मांस की बिक्री की शिकायत मिल रही है। ऐसे प्रकरणों में अभियुक्तों को चिन्हांकित कर उनके खिलाफ कड़ाई से कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। ऐसी घटनाओं से जनता के मन में आक्रोश होता है। लिहाजा ऐसी घटनाओं को रोका जाना और कार्रवाई जरूरी है। परिपत्र में ये भी कहा गया है कि सिर्फ गौवध और तस्करी जैसे कृत्यों के लिए कार्रवाई का प्रावधान नहीं है, बल्कि जानवरों को भूखा रखने,अत्यधिक बोझ रखना, प्रताडित करना, पशुओं को टक्कर मारना या अन्य किसी भी तरह से यातना देगा, उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी।



### पुलिस अधिकारी के विरूद्ध होगी कार्रवाई

परिपत्र में साफ कहा गया है कि यदि नियम विरूद्ध परिवहन होना पाया जाता है तो जहां से परिवहन शुरू हुआ और जहां वाहन जप्त किया गया है। उस बीच के समस्त पुलिस अधीक्षक और थाना प्रभारियों के सर्विस बुक में नकारात्मक टीप अंकित की जावेगी और पांच से अधिक बार नकारात्मक टीप अंकित होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जावेगी। यदि किसी पुलिस अधिकारी,कर्मचारी की गौवंश के वध तथा गौवंश व दुधारू पशुओं की तस्करी अवैध परिधान की कार्यवाही में किसी प्रकार की शिथिलता व संलिप्तता पायी जाती है तो उनके विरूद्ध कठोर दण्डात्मक विभागीय कार्यवाही किया जायेगा।

# बृजमोहन अग्रवाल ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य परिषद का शपथ ग्रहण कराया

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल द्वारा राम वाटिका मौलबिहार रायपुर में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के नवीन राज्य परिषद का शपथ ग्रहण कराते हुए नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष राजेश अग्रवाल रायपुर, उपाध्यक्ष गण विजय केशरवानी बलौदाबाज़ार, राजेन्द्र गोलछा राजनांदगांव, कार्तिकेश्वर स्वर्णकार जांजगीर, लक्ष्मी वर्मा रायपुर, सुनीता संजय बोहरा दुर्ग, ओजस्वी भीमा मंडावी दंतेवाड़ा, कोषाध्यक्ष मुरली शर्मा रायपुर तथा राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव बिलासपुर सहित अन्य पदाधिकारियों को प्रतिज्ञा दिलाया। इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने पूरे छत्तीसगढ़ के समस्त शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में स्काउट गाइड की इकाइयों के गठन करने का निर्देश दिया। उन्होंने महाविद्यालयों में भी रोवर्स, रेंजर्स के गठन करने की बात कही। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ द्वारा एक लाख पौधों के रोपण का लक्ष्य दिया। इस दौरान राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव ने स्काउट गाइड की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि पौधरोपण अभियान 7 जुलाई से प्रारंभ किया गया है। लगभग 15 हजार पौधों का रोपण किया जा चुका है। डॉ यादव ने बताया कि हाल ही में नेशनल यूथ फोरम का आयोजन कोरबा में किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ सहित नौ राज्यों से रोवर्स, रेंजर्स ने भागीदारी की। शपथ ग्रहण पश्चात राज्य परिषद द्वारा वर्ष 2024- 25 की कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा अन्य एजेंडों पर भी चर्चा हुई। राज्य परिषद के पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन राज्य सचिव कैलाश सोनी ने किया। समारोह में राज्य प्रशिक्षण आयुक्त द्वय टीकेएस परिहार, डॉ करुणा मसीह, राज्य संगठन आयुक्त द्वय सीएल चंद्राकर, सरिता पांडेय, पूर्व राज्य सचिव देवेन्द्र साकरे, स्टेट को ऑर्डिनेटर (मेम्बरशिप ग्रोथ) मोहम्मद सादिक़ शेख के अलावा केआर कश्यप, सूरज कसार, राम खिलावन वर्मा, भूपेंद्र शर्मा, विजय यादव, सुरेश शुक्ला, दिलीप पटेल, बीना यादव, उत्तरा मानिक पुरी, पुष्पा शांडिल्य, बालक दास, देवब्रत मिश्रा आदि की उपस्थिति रही।




# श्री गणेश, प्रतिमा निर्माण, पैरा, काष्ठ, मिट्टी और रंग की कीमत बढ़ी

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

श्री गणेश, गणेश प्रतिमा निर्माण का। प्रारंभिक चरण में ही है फिलहाल यह काम लेकिन गणेश उत्सव समितियों को प्रतिमा स्थापना पर बीते साल की तुलना में 10 से 15 प्रतिशत अधिक श्रद्धा दान करनी होगी क्योंकि निर्माण सामग्रियां 15 से 20 प्रतिशत महंगी हो चुकी हैं। शुरूआती रुझान, बढ़त के ही मिल रहे हैं क्योंकि इस बार ग्रामीण क्षेत्र, गणेश उत्सव भव्य तरीके से मनाने की तैयारी में है जबकि शहरी क्षेत्र उत्सव को लेकर शांत हैं, फिर भी यहां से बड़े आकार के प्रतिमा की स्थापना की संभावनाओं को लेकर मूर्तिकार अपने स्तर पर तैयारी चालू कर चुके हैं।

**फ्रेम के लिए अहम**

गुणवत्ता युक्त पैरा और जरूरी लकड़ियां। अहम हैं यह दोनों क्योंकि इनकी मदद से ही ऊंचाई और चौड़ाई तय की जाती है। लिहाजा मूर्तिकार बेहद सावधानी के साथ दोनों की खरीदी कर रहें हैं। कार्यस्थल पर पहुंचाए जाने के बाद छोटी प्रतिमाओं के लिए फ्रेम बनाए जाने लगे हैं, तो मध्यम आकार वाली प्रतिमाओं के लिए यह काम पूर्णता की ओर है।

**अब 22 से 25 रुपए**

प्रतिमा निर्माण के लिए साफऔर छनी हुई ऐसी मिट्टी की जरूरत होती है, जिसमें चिकनाई ज्यादा आती है। यह विशेषता अहम है। इसलिए इस बार ऐसी मिट्टी 22 से 25 रुपए किलो की दर पर मूर्तिकार खरीद रहें हैं। बीते गणेश उत्सव के पूर्व यह मिट्टी 20 से 22 रुपए किलो पर थी। रुझान को देखते हुए मूर्तिकारों ने अग्रिम खरीदी करनी चालू कर दी है।

**हुए महंगे यह भी**

प्रतिमाओं को आकर्षक रूप देने के लिए जरूरी रंग और अन्य सहयोगी सामग्रियों की कीमतों में लगभग 15 से 20त्न की वृद्धि हो चुकी है। सबसे अंत में लगने वाली इन सामग्रियों की खरीदी तो फिलहाल नहीं की गई है लेकिन दरों की जानकारी को लेकर मूर्तिकारों ने आवश्यक मात्रा पर लगने वाली रकम की व्यवस्था का काम जरूर चालू कर दिया है।



प्रतिमा निर्माण के लिए जरूरी लगभग सभी सामग्रियों की दरें बढ़ चुकी हैं। इसलिए इस बार श्री गणेश प्रतिमा के लिए 10 से 15 अधिक श्रद्धा दान अनुमानित है।
**-तिलकराम वर्मा, मूर्तिकार, सूरजपुरा**

# जनसमस्या निवारण शिविर में हुआ समस्या एवं शिकायतों का समाधान

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के संकल्पों के अनुरूप बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम रसेड़ा में पहले जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन गांव के हाई स्कूल परिसर में किया गया जिसमें स्थानीय नागरिक सहित आस पास गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। शिविर में विभिन्न विभागों से संबधित कुल 186 आवदेन प्राप्त हुए जिसमे से 136 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया है। साथ ही बचे हुए 50 आवेदनों को अलग से समय सीमा में दर्ज कराया गया है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में हितग्राहियों को मुख्यमंच से योजनाओं से लाभांवित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कृषि विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को अरहर बीज,5 को उड़द बीज,5 मृदा स्वास्थ्य पत्रक,5 को पीएम किसान सम्मान निधि प्रमाण पत्र, मत्स्य पालन विभाग द्वारा 1 आईस बाक्स,1 मछली जाल, खाद्य विभाग द्वारा 14 नए राशन कार्ड,3 को उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर,स्वास्थ्य विभाग द्वारा 9 आयुष्मान कार्ड, 3 को सिकलिंग कार्ड, समाज कल्याण विभाग द्वारा 1 व्हील चेयर,3 बैशाखी एवं 2 छड़ी बुजुर्गो को प्रदान किया गया। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 5 गर्भवती महिलाओं का गोदभराई एवं 6 बच्चों का अन्नप्राशन कलेक्टर दीपक सोनी एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु, धनेश्वरी यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, उपाध्यक्ष ईशान वर्मा, गांव के सरपंच कृपाण साहू, पूर्व सरपंच रसेड़ी सेवक राम साहू,सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे। कलेक्टर सोनी ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर का मुख्य उद्देश्य यही है कि शासन-प्रशासन के सभी विभागों को एक जगह उपस्थित होकर आम लोगों की समस्या,जरूरत,मांग को यथा समय समाधान करना है ताकि जरूरतमंद व पात्र हितग्राहियों व जनहित के मुद्दे का निराकरण हो सके। उन्हें छोटी छोटी कार्यो के लिए आम लोगों को दफ्तरो के चक्कर लगाने की जरूरत ना पड़े एवं शासन की योजनाओं से अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभांवित किया जा सके। इसके पूर्व विभागीय अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में योजनाओं का लाभ प्राप्त करने,किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सम्बंधित विभाग में संपर्क करने का सुझाव संबधित जानकारी दिए। इस दौरान कलेक्टर ने आम नागरिकों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी.कुछ समस्याओं का मौके पर निराकरण किया।



# विहिप, बजरंग दल के सदस्यो ने भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस से की भेंट



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल जिला धमतरी लोकहित राष्ट्र हित मे कार्य करता है। संगठन के जिला कार्य अध्यक्ष दीपक सिंह प्रखण्ड अध्यक्ष गौरव जैन एवं गोपाल साहू द्वारा भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस से भेंट मुलाकात की गई एवं उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर उनका सम्मान किया गया । जिले में बढ रहे आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण करने हेतु और समाज को मानवीय मूल्यों को समझाने हेतु विस्तार से चर्चा की गई। दीपक सिंह ठाकुर ने उनसे आग्रह किया कि वर्तमान समय की परिस्थितियों को देखते हुए हमें समाज से दूरी बना चुके बच्चों कोजो नशे के आदि हो चुके हैं उन्हें पुनः शालाओं की ओर भेजने की आवश्यकता को बताया एवं जिले में एक सर्व सुविधायुक्त शासकीय नशामुक्ति केंद्र खुलवाने हेतु शासन का ध्यान आकृष्ट करवाने हेतु कहा गया। गौरव जैन एवं गोपाल साहू ने बैस को सदैव रचनात्मक कार्यों में अग्रसर होने के लिए साधुवाद किया।

# जल जगार अभियान में सहभागिता देने हेतु दीपक सिंह ठाकुर का हुआ सम्मान



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

विश्व हिन्दू परिषद ,बजरंग दल जिला धमतरी अपने मुलआवधारना के अतिरिक्त राष्ट्र हित, धर्महित एवम समाज हित मे सदैव कार्य करने में अग्रसर रहता है, जिसके अंतर्गत कार्यालय कलेक्टर,जलजगार अभियान के तहत विश्व हिंदू परिषद के जिला कार्य अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर को जलसंरक्षण, संवर्द्धन एवं वृक्षारोपण हेतु नगर पालिक निगम धमतरी क्षेत्रान्तर्गत रैन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर निर्माण एवं वृक्षारोपण कार्य में महत्वपूर्ण सहभागिता देने हेतु जिलाधीश एवम आयुक्त नगर पालिक निगम द्वारा प्रमाण पत्र देकर उनका सम्मान किया गया। साथ ही साथ विहीप के जिलामंत्री रामचन्द्र देवांगन को वृक्षारोपण एवं पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने हेतु प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । उपरोक्त अवसर पर समाजसेविका जानकी गुप्ता भी उपस्थित थी उनका भी सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर नगर निगम के आयुक्त विनय पोयाम ,शशांक मिश्रा एवम गौ सेवा से मानव,चित्रेश साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम में विहीप के जिलाध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने अपने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी और निगम के आयुक्त एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद इस स्नेह और सममान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया और आगे भी सृजनात्मक कार्यों में सहयोग करने का वचन दिया।

# तुमगांव क्षेत्र के ग्राम अछोला में हुई लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



घटना का विवरण इस प्रकार है कि 03 जुलाई को प्रार्थी पदमन ढीढी ग्राम परसवानी से ग्राम समोदा से पैदल जा रहा था कि रात्रि करीबन 07.30 बजे ग्राम अछोला के छोटे पुल के पास पहुंचा था उसी समय ग्राम समोदा की ओर से मोटर सायकल में दो अज्ञात व्यक्ति आये और पुछे कहां जाना है तब प्रार्थी भोरिंग जाना है बोला फिर दोनो व्यक्ति द्वारा ग्राम जोबा तक छोड देने कहने पर प्रार्थी उनके साथ मोटर सायकल में बैठकर जा रहा था कि रात्रि करीबन 07.40 बजे मोटर सायकल का चालक मोटर सायकल को अछोला हाई स्कुल ग्राउंड के अंदर ले जाकर मोटर सायकल का चालक मोटर सायकल को रोककर लूटने की नियत से प्रार्थी के गर्दन को पिछे से पकडा एवं मोटर सायकल में बैठे एक अन्य अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्टील के राड से दोनो पैर को मारा एवं मारपीट करते हुए प्रार्थी के जेब में रखे नगदी रकम 7430/- रूपये को दोनो अज्ञात व्यक्ति लूट लिये तथा मारपीट कर चोट पहुंचाए है प्रार्थी कि रिपोर्ट पर थाना तुमगांव में अपराध धारा 3(5), 309(6) BNS पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।विवेचना दौरान 17 जुलाई को दो व्यक्ति 01. भोज साहू पिता स्व0 महेन्द्र साहू उम्र 18 साल साकिन न्यू चंगोराभांठा राम मंदिर के पीछे रायपुर थाना ढीढीनगर रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) 02. एवन कुमार साहू पिता खामसिंग साहू उम्र 19 साल साकिन न्यू चंगोराभांठा राम मंदिर के पीछे रायपुर थाना ढीढीनगर रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) को पकडा गया जिनको प्रार्थी से पहचान कराया गया जिन्होंने पहचानते हुए इन्हीं व्यक्तियों द्वारा घटना कारित करना बताया । आरोपियों के कब्जे से एक होन्डा कंपनी का मोटर सायकल एक स्टील का स्टीक , 1800 रूपये नगदी रकम को जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध थाना तुमगांव में अपराध धारा 3(5), 309(6) BNS के तहत् कार्यवाही कर न्यायिक रिमांण्ड पर भेजा गया है ।

# वृक्षारोपण अभियानः भारतीय भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण केंद्र, रायपुर परिसर में सृष्टि सेवा संस्था के सहयोग से किया गया 300 पौधो का रोपण

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण केंद्र, विधान सभा के निकट, बलोदा बाजार रोड पर आज एक विशेष वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व केंद्र के निदेशक महोदय ने किया, जिसमें केंद्र के कर्मचारियों के साथ-साथ उनकी भू सीमा के अंदर स्थित सीआरपीएफ के जवान, कार्यालय महालेखाकार निवासीय परिसर के कर्मचारी, और गैलेक्सी आई लैंड कॉलोनी के निवासी भी शामिल हुए।







### सामूहिक प्रयास और उत्साह

वृक्षारोपण अभियान में सभी ने पूर्ण उत्साह और उमंग से भाग लिया। कार्यालय के अधीक्षक और अन्य कर्मचारियों ने अभियान से पहले भूमि को तैयार किया, जिससे वृक्षारोपण सुचारू और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सका। सृष्टि सेवा संस्था की कार्यकर्ता नीमा गुप्ता ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### सुरक्षा और संरक्षण का ध्यान

नीमा गुप्ता ने वृक्षारोपण की सुरक्षा और संरक्षण पर विशेष जोर दिया। उनकी मांग पर निदेशक महोदय ने 300 ट्री गार्ड मंगवाए, जिससे पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नीमा गुप्ता ने अपने संदेश में आज के बिगड़ते पर्यावरण और बढ़ते तापमान के बीच वृक्षारोपण के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि जल स्तर को बनाए रखने और हरियाली को संरक्षित रखने के लिए हर नागरिक, विशेष रूप से विद्यार्थियों और बच्चों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक होना आवश्यक है।

### भविष्य की पीढ़ियों के लिए

गुप्ता ने जोर देकर कहा कि वर्तमान पीढ़ी को वृक्षारोपण के महत्व को समझना और इसे अपनी जिम्मेदारी मानना होगा, ताकि भविष्य की पीढ़ियाँ भी इसके महत्व को समझ सकें और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम उठा सकें।

### सामुदायिक सहभागिता

इस अभियान ने न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि सामुदायिक सहभागिता का भी एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। सभी प्रतिभागियों ने मिलकर इस अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

### सामूहिक प्रयासों की जरूरत

निदेशक और नीमा गुप्ता के नेतृत्व में संपन्न हुआ यह वृक्षारोपण अभियान एक महत्वपूर्ण कदम है जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता को दर्शाता है। इस प्रकार के अभियानों से ही हम अपनी धरती को हरा-भरा और स्वस्थ बना सकते हैं। यह अभियान एक प्रेरणादायक उदाहरण है कि किस प्रकार सामुदायिक सहयोग और समर्पण से हम पर्यावरण संरक्षण में योगदान कर सकते हैं और भविष्य को एक सुरक्षित और सुंदर धरती दे सकते हैं।

## डी. के. कॉलेज में अतिथि व्याख्याता हेतु आवेदन 26तक

**बलौदाबाजार।** शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक एवं क्रीड़ा अधिकारी के रिक्त पदों के विरुद्ध अतिथि व्याख्याता एवं क्रीड़ा अधिकारी हेतु आवेदन 26 जुलाई 2024 तक आमंत्रित किये गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार समाज शास्त्र, वाणिज्य, गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, कम्प्यूटर एप्लीकेशन, कम्प्यूटर साईंस विषय में एक - एक अतिथि व्याख्याता एवं एक अतिथि क्रीड़ा अधिकारी कुल 8 पद हेतु आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाणपत्रों एवं आवश्यक दास्तावेज के साथ आवेदन 26 जुलाई 2024 को सायं 5:30 बजे तक रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते प्रस्तुत कर सकते हैं।

# सीईओ जिला पंचायत देवांगन ने पंचायतों में संचालित समस्त निर्माण कार्यों की ली समीक्षा बैठक

- स्वच्छता के लिए लापरवाही कर रहे ग्राम पंचायत कर्मचारियों एवं सरपंचों पर होगी कार्यवाही- जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन
- 1 अगस्त से 30 अगस्त 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा का होगा आयोजन



पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अश्वनी देवांगन ने पंचायतों में संचालित समस्त निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में आगामी पंचायत के अधूरे पड़े निर्माण कार्यों पर जिला पंचायत सीईओ देवांगन ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जिला विकास निधि जनपद पंचायत विकास निधि, समग्र एवं विकास प्राधिकरण जैसे सभी निर्माण कार्यों को ग्राम पंचायत के स्तर से पूर्ण कर पूर्णता प्रमाण पत्र जिला में उपलब्ध कराये। साथ ही लंबे समय से अपूर्ण निर्माण कार्यों वाले पंचायत के संरपचों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित किया जाने को कहा।

बैठक में उन्होंने ब्लॉक सीईओ को विकास प्राधिकरण समग्र के निर्माण अप्रारंभ एवं अपूर्ण निर्माण को 31 जुलाई 2023 तक पूर्ण कराने एवं जिला पंचायत विकास निधि एवं जनपद पंचायत विकास निधि अंतर्गत अपूर्ण/अप्रारम्भ कार्यों की सूची उपलब्ध कराने कहा। स्कूल जतन योजना के अधूरे तहत निर्माण कार्यों में भी प्रगति लाने हेतु कहा गया। जिला पंचायत सीईओ देवांगन ने आंगनबाडी भवनों, सामूदायिक भवनों एवं पंचायत भवनों में रैन वाटर हार्वेटिंग अनिवार्य रूप से किये जाने की बात कही। मनरेगा के तहत कुआं निर्माण, आँगनबाडी में शौचालय निर्माण, किचन शेड निर्माण कार्य के प्रस्ताव हेतु आवास के निर्माण कार्य जो पूर्ण हो चुके है उन्हें एम.आई.एस. में अपडेट करने को कहा। राज्य सरकार से प्राप्त मनरेगा योजना के तहत वर्षा ऋतु के दौरान कराये जा सकने वाले अनुमेय प्रधानमंत्री आवास, नवीन पंचायत भवन, आंगनबाडी भवन, बकरी, मुगी, पशु, शेड, वर्मी कम्पोस्ट, शमशान घाट, नर्सरी, व वृक्षारोपण कराना सुनिश्चित करने कहा। स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा अभिसरण के निर्माण कार्य सृजित मानव दिवस मस्टर रोल की एन्ट्री करने व ग्राम पंचायतों स्वच्छ भारत अभियान द्वारा चल रही गतिविधियों में सरपंच के द्वारा कार्य में लापरवाही किये जाने संबंधित पर धारा 40 के लिए प्रस्ताव के लिए कहा। वहीं स्वच्छता एक आदत में शमिल करने की दिशा में जिले में 1 अगस्त से 30 अगस्त 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा आयोजन के विषय में चर्चा की। असफल हैण्ड पम्प में रिचार्ज पिट निर्माण पूर्ण कराने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास में निर्माण के निर्माण कार्यो में तेजी लाने के लिए निर्माण कार्य हेतु हर सप्ताह लक्ष्य निर्धारित किया गया। जिससे अपना घर पक्का मकान कं हितग्राहियों का सपना पूरा हो सके। जनपद पंचायत स्तर के कर्मचारियों, आवास के हितग्राहियों को समय-समय में जारी राशि की जानकारी देने व उचित मार्गदर्शन करने निर्देशित किया। 30 जुलाई तक ब्लाकवार दिए गए लक्ष्यों को पूर्ण किये जाने को कहा। बिहान योजना (एनआरएलएम) से जिला दुर्ग को 60 करोड़ का बैंक लिंकेज जिसमें ब्लाक दुर्ग को 1607.78 लाख, पाटन 2200.00 लाख एवं धमधा 2200.00 लाख को लक्ष्य दिया गया हैं। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, बिहान एवं अन्य योजनाओं के सभी प्रमुख अधिकारी -कर्मचारी उपस्थित थे।

# भिलाई निगम क्षेत्र में सुपेला विद्या रत्न भसीन सेतु सेल्फी जोन नहीं



पायनियर संवाददाता ∢ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत घड़ी चैंक सुपेला स्थित विद्यारतन भशीन सेतू अंडर ब्रिज का निर्माण किया गया है। पहले नागरिको को पटरी के उस पार जाने के लिए लम्बे समय तक इंतजार करना पड़ता था। ट्रेन की क्रासिंग होते ही जाम लग जाता था। अंडर ब्रिज के निर्माण से आम नागरिको को काफी सुविधा मिल रही है। अंडर ब्रिज का निर्माण नागरिको के आने-जाने से लेकर शहर की सुन्दरता को एक नया स्वरूप दिया गया है। आम नागरिको को होने वाली असुविधा को देखते हुए अंडर ब्रिज में इस पार से उस पार जाने के लिए दो अलग-अलग रास्ते बनाये गये है। एक आने का एक जाने का एवं डिवाईडर भी लगा हुआ है। रास्ते के साथ ही दिवारो को कलर पेंटिंग से संवारा गया है। जो अपने आप में बहुत ही खुबसुरत दिखता है। रात्रि में भी आने जाने वालो के लिए लाईटिंग की सुविधा दिया गया है जिससे वाहन चालको को आने-जाने में किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। अंडर ब्रिज के बीच में मनमोहक कलाकारी की गई है, जो आकर्षक का केन्द्र बना हुआ है। अकसर देखने में आता है कि अपनी जान जोखिम में डाल कर वहां खडे होकर लोग सेल्फी लेते है, और रील बनाते है। जो दुर्घटना का कारण बन जाता है, वह सेल्फी लेने की जगह नहीं है। सावधान रहें। सेल्फी लेते समय पकड़े जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। सांसद विजय बघेल ने सभी नागरिको से अपील की है कि दो पहिया गाड़ी चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें। कार चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाये, जिससे आपका जीवन सुरक्षित रहें, सावधानी पूर्वक गाड़ी चलाएं। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने आने जाने वाले नागरिको से अनुरोध किया है कि कोई भी व्यक्ति अंडर ब्रिज से रॉग साईड गाड़ी मत चलाए, कुछ लोग थोड़े से जल्दी में रॉग साईड चलते है और दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। सड़क के नियमो का पालन करें, जिला, निगम, पुलिस प्रशासन आपके साथ है सभी लोगों से सहयोग की अपेक्षा है।

# कोषालय में देयकों के ऑनलाईन प्रस्तुतिकरण एवं जीएसटी-टीडीएस के संबंध में कार्यशाला सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



राज्य शासन द्वारा माह जुलाई से राज्य के सभी कोषालय में ई-देयक तथा ई-लेखे की व्यवस्था लागू की गई है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग दुर्ग के सभागार में कार्यशाला प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यशाला दो पालियों में आयोजित की गई। केन्द्रीय माल एवं सेवा कर अधिनियम 2017 एवं छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर अधिनियम 2017 की धारा 51 के प्रावधानों के अनुसार शासकीय विभागों द्वारा की जाने वाली सामग्री खरीदी एवं सेवा प्राप्ति पर प्रदायकर्ताओं को तथा ठेकेदारों को किए जाने वाले भुगतान पर स्त्रोत पर कर की कटौती किया जाना है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने वित्त विभाग के वित्त निर्देश के प्रावधानों के संबंध में सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं आहरण संवितरण अधिकारियों को दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए कोषालयों में एक जुलाई 2024 से देयकों एवं मासिक लेखे का अनिवार्य रूप से ऑनलाईन प्रस्तुतिकरण करने को कहा। इस प्रक्रिया के सुचारू रूप से संचालन हेतु यह आवश्यक है कि सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के पास नेटवर्क की सही स्पीड, देयकों के साथ अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज की स्केनिंग करने हेतु समुचित क्षमता वाला स्केनर तथा अन्य आवश्यक इलेक्ट्रानिक सामग्री उपलब्ध हो। साथ ही साथ वैध डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिक्रेट (डीएससी) भी आवश्यक होगा। उन्होंने ऑनलाईन प्रस्तुतिकरण संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए कोषालय अधिकारी राघवेन्द्र कुमार मोबाईल नंबर 9827952096, सहायक कमिश्नर जीएसटी अधिकारी भूपेन्द्र कुमार मोबाईल नंबर 8800839338 एवं एनआईसी अधिकारी श्वेता चौबे से सम्पर्क करने को कहा।

# भिलाई चरोदा निगम द्वारा किया गया जल मड़ई कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई-3
www.dailypioneer.com




दुर्ग कलेक्टर रिचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं जिला प्रशासन से प्राप्त मार्गदर्शन के अनुरूप भिलाई चरोदा निगम प्रशासन द्वारा वार्ड-23 चरौदा हाउसिंग बोर्ड में बुधवार को "जल मडई" कार्यक्रम आयोजित किया गया। चरौदा हाईट्स कैम्पस में आयोजित "जल मडई" कार्यक्रम में बडी संख्या में महिला एवं पुरूषों ने अपनी सहभागिता प्रदान की। इस कार्यक्रम आयोजन का मूल उद्देश्य नारी शक्ति से जल शक्ति थीम पर काम करना है, जिसके अंतर्गत जल संचय और जल बचाव के उपाय किये जाने है। साथ ही वृक्षारोपण अभियान एवं स्वच्छता कार्य को भी इसमें शामिल किया गया है। कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल महापौर निर्मल कोसरे ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुये कहा कि जल मडई कार्यक्रम का आयोजन करना सराहनीय है। हम सभी को पानी के महत्व को समझने की आवश्यकता है। साथ ही कोसरे ने यह भी कहा कि यदि आज जल के संरक्षण के लिए उपाय नही किये गये तो भविष्य में घटते भू-जलस्तर के कारण भयावह स्थिति निर्मित हो सकती है। निगम कमिश्नर एम भार्गव प्रशिक्षू आईएएस अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर और ज्यादा कार्य करने की आवश्यकता है तथा इस विषय पर जागरूकता का प्रचार और प्रसार भी किया जाना चाहिये। उन्होने यह भी कहा कि वृक्ष लगाये और उन्हें संरक्षित रखने की जिम्मेदारी ले। कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में जल प्रहरी और वाटर हीरो के नाम से प्रसिद्ध श्रद्धा सबूरी समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष नीरज वानखोडे ने जल मढई कार्यक्रम में उपस्थितजनों के समक्ष उनके और उनकी टीम द्वारा जल बचाव-जल संचय हेतु किये जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुये जीवन में जल के महत्व पर प्रकाश डालने का कार्य किया।

# परामर्श दात्री सामिति की बैठक में स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ ने आयुक्त को बताई समस्या

- स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ ने आयुक्त को चर्चा के दौरान सौंपा मांग पत्र



पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम।आज स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने आयुक्त लोकेश चन्द्राकर से मुलाकात कर कर्मचारियों के समस्याओं से अवगत कराया है।स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ अध्यक्ष संजय मिश्रा,महामंत्री अनिल सिंह के नेतृत्व में गई टीम ने इस दौरान कर्मचारियों के लंबित कई योजना व मामलों को भी निष्पादित करने की मांग की। कहा कि हम सभी कर्मचारियो के बकाया जी.पी. एफ/सी.पी.एफ अतिशीघ्र जमा कराया जावे।शासन के निर्देशानुसार सभी कर्मचारियों का वेतन भुगतान प्रत्येक माह 07 तारीख तक किया जावें,एवं वेतन के साथ जीपीएफ/ सीपीएफ भी जमा कराया जावे।चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को प्रत्येक डेढ़ वर्ष मे वर्षो में वर्दी एवं 03 वर्षो में गरम कपडा दिये जाने का प्रावधान है, लेकिन लगभग 06 वर्षो से वर्दी एवं गरम कपडा प्रदान नही किया गया। अतः प्रदाय किया जावे।नवीन पद संरचना जो शासन को स्वीकृति के लिए भेजा गया है। जिसकी स्वीकृति अप्राप्त है, उसके लिए पुनः स्मरण पत्र भेजा जावे। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर से निवेदन करते हुए अध्यक्ष संजय मिश्रा व महामंत्री अनिल सिंह ने कहा कि परामर्श दात्री समिति की बैठक प्रति 02 माह में आयोजित की जावे।बैठक के मौके पर अनुकम्पा नियुक्ति के लिए लंबित आवेदनों पर अतिशीघ्र विचार कर निराकरण किया जावे।कर्मचारियों का लंबित उपादान भुगतान किया जावे। नगर निगम क्षेत्र में स्थित विवेकानंद सभागार, कुशाभाउ ठाकरे भवन, बैगापारा स्टेडियम निगम के कर्मचारियों को उनके परिवार में होने वाले वैवाहिक कार्यकम एवं अन्य कार्यकम हेतु निःशुल्क दिया जावे। कर्मचारी/ अधिकारी के सेवानिवृत्त होने पर उसी तिथि को उन्हे अवकाश नगदीकरण की राशि का भुगतान किया जाये।

# भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रंस्पोर्टर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सांसद विजय बघेल से की मुलाकात

## 12 महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com

ट्रक ट्रेलर ट्रंस्पोर्टर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल से सौजन्य मुलाकात कर बी एस पी में परिवहन कार्य सुचारू रूप से चलाने हेतु यूनियन द्वारा प्लांट प्रबंधन को दिए गए 12 सुझावों को लागु कराने उनके सहयोग प्रदान करने के संबंध में निवेदन किया। परिवहन कार्य मे आने वाली समस्याओं को दूर करने यूनियन के समय समय पर प्लांट प्रबंधन को अपने महत्वपूर्ण सुझाव देती रहती है किंतु प्रबंधन द्वारा समस्याओं पर आवश्यक निर्णय नही लिया जाता है जिससे सरकार के राजस्व एवं परिवहनकर्ताओं का काफी नुकसान होता आ रहा है। सांसद विजय बघेल द्वारा उक्त विषय पर संज्ञान लेने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान यूनियन के संरक्षक गनी खान, प्रभु नाथ मिश्रा, महेंद्र सिंग (पप्पी ), गोपाल खंडेलवाल, सुधीर सिंह जी , अध्यक्ष इंद्रजीत सिंग ( छोटू ), कार्यकारणी अध्यक्ष अनिल चौधरी, महासचिव मलकित सिंह लल्लू, कोषाध्यक्ष जोगा राव, दिलिप खटवानी, बलविंदर सिंग, सुनील चौधरी, शाहनवाज़ कुरैशी, लाला यादव जी वाजिद अली, धनंजय सिंह, वाजिद अंसारी, जगजीत सिंह, सुनील यादव, लाला भैया, राजदीप नामदेव, कृष्णा कुमार, पंकज शर्मा, उपेंद्र यादव, सोमेश्वर, गिरीश खंडेलवाल, संजय तिलांथे, शिव पूजन, धीरमण जी अमित सिंग, अभिषेक जैन, सुधीर सोनू , रमन राव, आनंद सिंग, गुरमीत सिंग एवं एसोसिएशन के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद रहें।

# खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन अंतर्गत 15 प्रकरण में अर्थदंड की राशि 03 लाख 39 हज़ार 500 रुपए किये गए वसूल



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार जिले चल रहे अवैध उत्खनन/ परिवहन/भंडारण पर रोक लगाने हेतु 01 जुलाई 2024 से 15 जुलाई 2024 तक कार्यवाही खान एवं खनिज विकास अधिनियम के तहत परिवहन के 15 प्रकरण दर्ज कर 15 प्रकरण में अर्थदंड राशि 03 लाख 39 हज़ार 500 रुपए वसूल की गई है। तथा अवैध उत्खनन के 02 प्रकरण दर्ज कर 01 प्रकरण में अर्थदंड राशि 35000 रुपए वसूल की गई है एवं शेष 01 प्रकरण प्रक्रियाधीन है। खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों में गंभीरता से कार्यवाही करने के दिए गए निर्देश के बाद खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों पर जिला प्रशासन द्वारा नियमित निगरानी और कड़ी नजर रखी जा रही है। साथ ही खनिज के अवैध परिवहन में लिप्त वाहनों से निर्धारित अर्थदंड राशि वसूल की जा रही है।

# बारिश की आहट से निगम का बाढ़ नियंत्रण एवं आपदा प्रकोष्ठ हुआ एक्टिव

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम।मानसून सत्र को दृष्टिगत रखते हुए बाढ़ एवं आपदा की स्थिति में प्रबंधन हेतु महापौर धीरज बाकलीवाल एवं कमिश्नर लोकेश चन्द्राकर द्वारा तत्परता दिखते हुए बरसात के आगमन होते ही बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ को सक्रिय होने का निर्देश दिया है क्योकि नगर निगम क्षेत्र के निचली बस्तियों में पानी भरने की संभावना बनी रहती है। महापौर एवं आयुक्त ने सभी इंजीनियरो को अलर्ट रहने के निर्देश दिये है। निगम क्षेत्र के निचली बस्तियों में पानी ना भरे उसके बचाव के लिए महापौर एवं आयुक्त ने सभी इंजीनियर्स एवं स्वास्थ्य अमले को अलर्ट रहने के निर्देश दिए। बढ़ सभी इंजीनियर्स एवं स्वच्छता अमला को अलर्ट रहने के निर्देश दिये।बढ़ नियंत्रण कक्ष नगर निगम दुर्ग के मुख्य कार्यालय में 24 घंटे संचालित हो। महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा आयुक्त लोकेश चन्द्राकर से चर्चा कर आपात बैठक बुलाने और जलभराव क्षेत्र सहित नगर निगम टीम को अलर्ट रखने के निर्देश दिए गए।नगर निगम आयुक्त ने निगम अधिकारियों की आपात बैठक बुलाई जो कि शाम 6 बजे सम्पन्न हुई। बैठक में निगम मेंअधिकारी/ कर्मचारियों की टीम बनाई गई है जो अलर्ट मोड पर होगी। निगम ने भारी वर्षा को ध्यान रखते हुए कंट्रोल रूम भी बनाया है जिसमें आपात स्थिति में 24 घंटे संपर्क किया जा सकेगा। निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश में तेज वर्षा को ध्यान में रखते हुए वार्डो के गलियों,मोहल्ला, निचली बस्तियों में मच्छर उन्मूलन एवं जलजनित मौसमी बिमारियों से बचाव हेतु लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।आयुक्त ने अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश देते हुए बताया कि तेज वर्षा को ध्यान रखते हुए निचली बस्तियों एवं जल भराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण कर बरसाती पानी जमा होने से एवं पानी से फैलने वाले जलजनित बिमारियों से बचने नागरिकों को अपने घरों के कुलर, पुराने टायर, टंकी, ड्रम, पुराने मटके इत्यादि को खाली रखने कहा जाए। चूंकि साफ पानी में ही मच्छरों का प्रजनन होने से अण्डा देता है जिससे लार्वा बनता है और उल्टी,दस्त, पीलिया,डायरिया जैसे बिमारियां फैलते हैं।महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने नागरिकों से अपील की है कि बरसात के दिनों में होने वाले मौसमी बिमारियों से अपने एवं अपने परिवारजनों को बचाये साथ ही मैलाथियान दवाई एवं जला आईल का छिड़काव भी करे। इससे बचने के लिए घर-घर जाकर दवाई का वितरण करना, घरो को चेक करना, प्रत्येक जोन में विशेष दल गठित कर रखना जो आवश्यकता पड़ने पर मुस्तैद रहे।बैठक के समय एमआईसी प्रभारी अब्दुल गनी कार्यपालन अभियंता दिनेश कुमार नेताम, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, संजय ठाकुर, सहायक अभियंता वीपी मिश्रा।


## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में ज्ञात)
सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई – 600031
फोनः +91 44 4564 4000 | फैक्सः +91 44 4564 4022

**वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत नोटिस**

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण का लाभ उठाया। नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों को गिरवी रखकर सुरक्षित किए गए हैं। चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों के नियमों और शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए थे, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया था। उनके द्वारा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि निम्नलिखित तालिका में विशेष रूप से वर्णित संबंधित नोटिस के अनुसार उल्लेख किया गया है और उक्त राशि पर आगे ब्याज भी लागू होगा और इसका शुल्क उनकी संबंधित तिथियों से संविदात्मक दर के अनुसार लिया जाएगा।

| क्र. सं. | ऋण खाता नं. | ऋण का प्रकार | उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के नाम | धारा 13(2) नोटिस दिनांक | धारा 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 62229244 | सम्पत्ति विरूद्ध ऋण | 1. नरेन्द्र कुमार महानन्दे 2. पूर्णिमा बाई महानन्दे | 12.06.2024 | रु. 3,26,585.67/- |
| **सम्पत्ति का पताः सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जिसका सम्पत्ति क्षेत्रफल 1176 वर्ग फीट, आबादी भूमि खसरा सं. 402 का हिस्सा, मौजा अमलीडीह, पी.एच. संख्या 22, आरएनएम भखारा, तहसील और जिला धमतरी, छत्तीसगढ़-493770 में स्थित,** चौहद्दीः पूरब में - राम अवतार का मकान, पश्चिम में - इंदु बाई का मकान, उत्तर में - रोड़, दक्षिण में - चंद्रशेखर का मकान | | | | | |

आपको आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उपरोक्त तालिका में दिखाए गए विवरण के अनुसार, इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर और अन्य लागत, शुल्क आदि के साथ, ऐसा न करने पर अधोहस्ताक्षरी को सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4) और धारा 14 के तहत आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) की देय राशि की वसूली के लिए यहां उल्लिखित गिरवी संपत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिए बाध्य किया जाएगा। इसके अलावा आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत उक्त सुरक्षित संपत्तियों को बिक्री/पट्टे या अन्यथा के माध्यम से स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

हस्ता/-
**प्राधिकृत अधिकारी**
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में ज्ञात)

दिनांकः 20.07.2024
स्थानः छत्तीसगढ़



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

### // निविदा सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 110/ 156130 | POT Holes, Patch Repair & Other Maintenance Work To Various Roads Arang Section Under Survey Sub Division, Raipur. (C.G.) (1) मंदिर हसौद खौली-भानसोज-आरंग मार्ग लं.-0.645 कि.मी., (2) नवागांव गोढ-भानसोज-बरचा मलीडीह खौली मार्ग लं.-0.364 कि.मी., (3) रसनी - बोडरा-फरफौद-फरहदा मार्ग लं.-0.534 कि.मी., (4) नवागांव-पलौद-उपरवारा- निमोरा (स्टेडियम से राखी चौक) मार्ग लं.-0.188 कि.मी., (5) छत्तौना-कुटेसर- बडगांव-कुण्डा-नारा-लखौली मार्ग लं.-0.918 कि.मी., (6) अकोलीखुर्द-फरफौद-गुखेरा मार्ग लं.-0.565 कि.मी. संडी-बोदरा-गुमराभाटा-आरंग-खमतराई अमेठी मार्ग लं.-0.470 कि.मी.. (8) गुमराभाठा से कलई मार्ग लं. -0.125 कि.मी., (9) चोरहाडीह-बरचा मार्ग लं.-0.345 कि.मी., (10) कुकरा पहुंच मार्ग लं.-0.57 कि.मी., (11) खुटेरी पहुंच मार्ग लं.-0.292 कि.मी. (7) | रू. 49.90 लाख |
| 111/ 156131 | POT Holes, Patch Repair & Other Maintenance Work To Various Roads Mandir Hasoud Section Under Survey Sub Division, Raipur. (C.G.) (1) माना-मंदिर हसौद-रिको-पलौद-कोटनी-गुजरा मार्ग लं.-0.645 कि.मी., (2) उमरिया जरौद सिवनी-गोढ़ी बढगांव-मुंगेसर- चंदखुरी मार्ग लं.-0.439 कि.मी., (3) टेकारी- अमेरी-तुलसी मार्ग लं.-0.275 कि.मी.. (4) गोढ़ी-सोनपैरी-जुगेसर-कुटेसर-तोडगांव-पिपरहट्टा मार्ग लं.-0.384 कि.मी., (5) पिरदा-छेरीखेड़ी मार्ग लं. -0.83 कि.मी., (6) नवागांव-बकतरा मार्ग, लं.-0.166 कि.मी. (7) मंदिर हसौद नक्टा मार्ग लं.-0.661 कि.मी., (8) खपरी-बहनाकाड़ी मार्ग लं.-0.307 कि.मी. (9) तुलसी पहुंच मार्ग लं.-0.83 कि.मी., (10) सिवनी-चंडी मंदिर मार्ग लं.-0.243 कि.मी., (11) पलौद मोड़ से कुहेरा मार्ग लं.-0.83 कि.मी., (12) बहनाकाडी-खदान पहुंच मार्ग लं.-0.83 कि.मी., (13) तुलसी-छेरीखेड़ी मार्ग लं.-0.216 कि.मी. | रू. 49.85 लाख |
| 113/ 156132 | POT Holes, Patch Repair & Other Maintenance Work To Various Roads Chandkhuri Section Under Survey Sub Division, Raipur. (C.G.) (1) मुरेठी-मुनगी मार्ग लं.-0.166 कि.मी., (2) जावा-तुलसी (पुराना बस्ती मार्ग) मार्ग लं.-0.83 कि.मी., (3) गोढी-कुटेसर मार्ग लं.-0.129 कि.मी., (4) दरबा-बक्तरा-नक्टा मार्ग लं.-0.32 कि.मी., (5) टेकारी से कोलहान नाला मार्ग लं.-0.125 कि.मी., (6) जावा-तुलसी मार्ग लं.-0.83 कि.मी., (7) मुरेठी पहुंच मार्ग कि.मी.-0.83 कि.मी.. (8) बडगांव पहुंच मार्ग लं.-0. 125 कि.मी., (9) नागपुरा से जावा मार्ग लं.-0.199 कि.मी. | रू. 49.80 लाख |
| 114/ 156133 | POT Holes, W.M.M., Patch Repair & Other Maintenance Work To Various Roads Under Survey Sub Division, Raipur. (C.G.). (1) गोढी सोनपैरी जुगेसर-कुटेसर-तोडगांव-पिपराहट्टा मार्ग लं.-0.384 कि.मी., (2) पिरदा छेडीखेडी मार्ग लं.-0.83, (3) नवागांव-बकतरा मार्ग लं.-0.166 कि.मी., (4) मंदिर हसौद नक्टा मार्ग लं.-0.661 कि.मी., (5) खपरी-बहनाकाड़ी मार्ग लं.-0.307 कि.मी., (6) मंदिर हसौद खौली-भानसोज-आरंग मार्ग लं.-0.645 कि.मी., (7) नवागांव-गोढी भानसोज-बरचा मालीडिह खौली मार्ग लं. -0.364 कि.मी., (8) रसनी-बोडरा-फरफैद मार्ग लं.-0.534 कि.मी., (9) नवागांव-पलौद-उपरवारा-निमोरा (स्टेडियम से राखी चौक) मार्ग लं. 0.188 कि.मी., (10) छतौना-कुटेसर-बडगांव-कुण्डा-नारा-लाखोली मार्ग लं.-0.918 कि.मी., (11) अकोलीखुर्द-फरफैद-गुखेरा मार्ग ल.-0.565 कि.मी. (12) चंदखुरी-मुनगी-पचेड़ा (ग्यानगंगा से नरदहा) मार्ग लं. -0.418 कि.मी.. (13) मुरेठी-मुनगी मार्ग ल.-0.166. (14) जावा-तुलसी (पुराना बस्ती) मार्ग लं.-0.83 कि.मी., (15) गोढ़ी-कुटेसर मार्ग लं.-0.125 कि.मी., (16) दरबा-बक्तरा -नक्टा मार्ग लं.-0.32 कि.मी., (17) टेकारी से कोलहान-नाला मार्ग लं.-0.123 कि.मी. | रू. 30.00 लाख |
| 112/ 156134 | POT HOLES, PATCH REPAIR & OTHER MAINTENACE WORK TO VARIOUS ROAD UNDER SUB DIVISION NO.-1 RAIUPR C.G. (1) देवपुरी-बोरियाकला लं. 2.00 कि. मी. (2) कांदुल-मुर्रा मार्ग लं.-1.80 कि.मी., (3) सेजबहार आंतरिक मार्ग ल. - 2.00 कि.मी., (4) बोरियाकला आतरिक मार्ग ल. 1.50 कि.मी., (5) काठाडीह आंतरिक मार्ग ल. 1.00 कि.मी., (6) राजेन्द्र नगर आंतरिक मार्ग - 1.00 कि.मी., (7) डुण्डा बोरियाकला मार्ग लं. 1.50 कि.मी., (8) देवपुरी डूण्डा मार्ग लं. 2.00 कि.मी | रू. 49.82 लाख |

**डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 05.08.2024 समय सायं 5:30 बजे तक**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

**अधीक्षण अभियंता**
**लो.नि.वि., मण्डल क्रं.-1 रायपुर (छ.ग.)**

G-242501166/3

## संपादकीय

### नीति आयोग महत्वपूर्ण पुनर्गठन

**नीति आयोग का महत्वपूर्ण पुनर्गठन** कर सरकार ने उसमें 'रणनीतिक नियोजन' के लिए केन्द्रीय मंत्रियों तथा राजग सहयोगियों को शामिल किया है। अपनी नीति निर्माण प्रक्रिया को गति देने के लिए भारत सरकार ने 'नेशनल इंस्टीट्यूशन फार ट्रांसफार्मिंग इंडिया'- नीति आयोग का पुनर्गठन किया है। इसमें 15 केन्द्रीय मंत्रियों तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग के महत्वपूर्ण सहयोगियों को शामिल किया गया है। यह देश के नियोजन एवं विकास में 'रणनीतिक बदलाव' है। इससे सरकार की प्रतिबद्धता प्रकट होती है कि वह विभिन्न मंत्रालयों की जानकारियों को नीति-निर्माण प्रक्रिया में शामिल करना चाहती है। विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित मंत्रालय अनेक विशेषज्ञताओं और दृष्टिकोणों को सामने रखेंगे। इस समग्र दृष्टिकोण का लक्ष्य बहुआयामी राष्ट्रीय चुनौतियों से ज्यादा प्रभावशाली ढंग से निपटना है। इस पुनर्गठन में प्रमुख राजग सहयोगियों को भी शामिल किया गया है ताकि राष्ट्र का विकास एजेंडा संचालित करने के सामूहिक प्रयास हो सकें। राजग सहयोगियों को आमंत्रित कर सरकार आयोग के भीतर ज्यादा समावेशी व सहयोगी परिवेश बनाना चाहती है। इसमें शामिल उल्लेखनीय मंत्रियों में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हैं। इनकी उपस्थिति से देश की आर्थिक, आंतरिक सुरक्षा तथा रक्षा नीतियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। स्वास्थ्य, शिक्षा और ग्रामीण विकास मंत्रियों के समावेशन से भारत की विकास आवश्यकताओं के प्रति समग्र दृष्टिकोण की आशा है।




इस पुनर्गठन को परंपरागत 'योजना आयोग' माडल से रणनीतिक बदलाव माना जा रहा है जो नीति आयोग को ज्यादा गतिशील एवं समावेशी स्वरूप प्रदान करेगा। इससे सरकार का इरादा स्पष्ट होता है कि वह 'न्यू इंडिया' का दृष्टिकोण आगे बढ़ाने के लिए वरिष्ठ मंत्रियों व सहयोगियों के सामूहिक विवेक का प्रयोग करना चाहती है। आयोग के पुनर्गठन का उद्देश्य केन्द्र व राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित कर जमीनी स्तर पर नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। इस पुनर्गठन का एक प्रमुख लक्ष्य नीतियों का क्रियान्वयन सुधारना है। सरकार को उम्मीद है कि इससे प्रमुख पहलों व कार्यक्रमों का सहज क्रियान्वयन होगा। इसका परिणाम ज्यादा सक्षम नीतिगत क्रियान्वयन तथा जमीनी स्तर पर बेहतर नतीजे होंगे। नीति आयोग की स्थापना योजना आयोग के विकल्प के रूप में 1 जनवरी, 2015 को की गई थी। इसका प्रमुख उद्देश्य राज्य सरकारों को नीति निर्माण प्रक्रिया में शामिल कर 'सहयोगी संघवाद' प्रोत्साहित करना है। लेकिन धीरे-धीरे इसका महत्व समाप्त हो गया। भारत सरकार ने लगातार केन्द्रीकृत दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया है जिससे राज्यों की नियोजन एवं निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदारी घटी है। इससे नीति आयोग की भूमिका को नुकसान पहुंचा। नीति आयोग के पास वित्तीय शक्तियां तथा सीधे फंड आबंटन की शक्ति नहीं होती है, इससे वास्तविक नीति क्रियान्वयन पर इसका प्रभाव सीमित होता है। इसके साथ ही दीर्घकालीन रणनीतिक नियोजन के बजाय तात्कालिक आर्थिक व राजनीतिक लक्ष्यों को प्राथमिकता देने की प्रवृत्ति होती है। इससे टिकाऊ विकास में नीति आयोग की प्रासांगिकता घटती है। नीति आयोग के नए चरण में जाने के साथ ही इसकी संभावनाओं तथा समुचित प्रगति करने की क्षमताओं के प्रति आशावाद की भावना पैदा हुई है। उम्मीद है कि सरकार के नवीनतम कदम से ज्यादा जीवन्त नीतिगत ढांचा तैयार होगा।

# संसद में सांसदों का कर्तव्य

विपक्ष को संसदीय बहसों में शामिल होकर अपने निर्वाचन क्षेत्रों से जुड़ना चाहिए, पर वे वाकआउट व विरोध प्रदर्शनों से अक्सर अपना समय खराब करते हैं।



प्रफुल्ल गोराडिया
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



सांसदों को संसद में अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए, पर अक्सर वे ऐसा नहीं करते हैं। विपक्ष को संसदीय बहसों में शामिल होकर अपने निर्वाचन क्षेत्रों से जुड़ना चाहिए, पर वे वाकआउट व विरोध प्रदर्शनों से अक्सर अपना समय खराब करते हैं। यह समझना कठिन है क्योंकि खासकर कुछ सांसद अपने कर्तव्यों की मूल भावना की अनदेखी करते हैं। इसी कारण आमतौर से विधायिका अपने मूल काम पर ज्यादा ध्यान नहीं दे पाती है। वर्तमान संसदीय सत्र का बाकी समय विपक्ष के लिए एक अवसर है कि वह टेलीवीजन के माध्यम से अपनी प्रतिभा और प्रतिबद्धता प्रकट करे। सत्तारूढ़ पार्टी या पार्टियों को अपने विधेयक पास कराने तथा उनको कानून में बदलने के सिवा विधायिका का और कोई काम नहीं होता है। यदि कोई कानून न हों अथवा उनको तत्काल पास कराने की जरूरत न हो तो सरकार और सत्तारूढ़ पार्टी लगभग पूरे साल बिना विधायिका के अपना काम चला सकते हैं।

हालांकि, बजट पेश करने और उसे पास कराने की मूल आवश्यकता होती है, जिसे केवल विधायिका ही वैध रूप दे सकती है। इसमें लोकसभा की खास भूमिका होती है। ये तथ्य खासकर भारत में राज्य विधानसभाओं की कार्यवाहियों से सामने आते हैं। वे साल में एक बार महत्वपूर्ण विधेयक पास कराते हैं और इस दृष्टिकोण से पूरे साल में एक बार बजट पास कराना राज्य विधायिकाओं के कामकाज का प्रमुख अंग होता है। अधिकांश राज्य विधानसभायें औसतन एक बार में तीन या चार दिन बैठकें करती हैं। यदि उनको विधिक आवश्यकतायें पूरी करने के लिए साल में कुछ समय तक बैठकें न करनी हों तो वे शायद यह भी न करें। इसी कारण राज्य विधानसभाओं का प्रत्येक सत्र मुश्किल से तीन या चार दिन का होता है। लेकिन इसके बावजूद राज्य विधानसभाओं के सदस्य विधायक-एमएलए विधायिका के पूरे कार्यकाल के लिए अपने वेतन और भत्ते प्राप्त करते हैं।

मोटेतौर से यह बात काफी कुछ संसद पर भी लागू होती है। हालांकि, संसद के तीन सत्र-बजट, मानसून व शीत सत्र होते हैं और ये काफी लंबे समय तक चलते हैं। इस महत्वपूर्ण तथ्य को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि यदि विधायिकाओं के सत्र ज्यादा से ज्यादा समय तक चलें तो विधि-निर्माता सांसदों और विधायकों, खासकर विपक्षी दलों के सदस्यों को अपना कौशल, ज्ञान तथा मतदाताओं के साथ अपना जुड़ाव प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा। इससे वे अपने निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं से जीवन्त संवाद स्थापित कर सकते हैं। आजकल टेलीवीजन चैनलों पर विधायिकाओं की लगभग पूरी कार्यवाही दिखाई जाती है जिसमें 'संसद टीवी' की प्रमुख भूमिका है। विपक्ष को इन टेलीवीजन प्रसारणों से बहुत लाभ मिल सकता है। यह उनके लिए अत्यन्त लाभदायक है क्योंकि यह माध्यम मुफ्त है तथा निरंतर उनकी सेवा में लगा रहता है। इसके माध्यम से वे अपने निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाताओं तथा देश-प्रदेश की जनता से निरंतर संवाद कर सकते हैं। जब मैं संसद में था, उसी समय इस संस्थान-संसद टीवी की शुरुआत हुई थी। उस समय अधिकांश समय अधिकांश मंत्री टेलीवीजन चैनलों का पूरा प्रयोग करते थे। वे यथासंभव अधिकाधिक समय तक बोलते थे ताकि संसद टीवी पर उनका प्रसारण मतदाता देख सकें।

इसी कारण 11 बजे सवेरे से 12 बजे दोपहर तक 'प्रश्न काल' में केवल पांच या छः सवाल सामने आते थे जिनके जवाब दिए जाते थे, जबकि इस दौरान अधिकाधिक 20 सवाल शामिल किए जा सकते हैं। इसका कारण यह है कि प्रश्न पूछने वाले सांसद अधिकाधिक समय अपने 'पूरक प्रश्नों' पर बोलने के लिए खर्च करते थे जो सांसदों का विशेषाधिकार था। आमतौर से विपक्षी पार्टियों की तुलना में सत्तारूढ़ पार्टी या पार्टियों को अपनी बात रखने और संसद टीवी के सामने जनता के पास जाने का ज्यादा अवसर मिलता है। इसके बावजूद विपक्ष आमतौर से अपना ज्यादातर समय सत्र में विचारहीन ढंग से 'वाकआउट' व विरोध प्रदर्शनों के माध्यम से खराब करता है। विपक्ष के इस हंगामे और अराजकता के कारण अध्यक्ष को मजबूरी में कई घंटे या पूरे दिन के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ती है। विपक्ष के इस अनैतिक एवं अनुचित व्यवहार का प्रमाण 2 जुलाई को मिला, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई बहस का जवाब दिया।

विडंबना है कि दो घंटे से ज्यादा समय तक विपक्षी सदस्यों के समूह बारी-बारी से शोर मचाते रहे ताकि संसद में प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन को दबा दिया जाए। वे शायद प्रधानमंत्री को बोलने से रोकना चाहते थे। लेकिन वे शायद यह समझ ही नहीं पाए कि अधिकांश टेलीवीजन चैनल उनकी नारेबाजी और शोर-शराबे को काट कर प्रधानमंत्री मोदी के भाषण का 'लाइव' प्रसारण करते रहे। इसके कारण केवल लोकसभा के सदस्य ही शोरशराबे के कारण प्रधानमंत्री का भाषण ठीक से नहीं सुन सके। इससे जनता में नारेबाजी करने वाले सांसदों के बारे में यह छवि बनी कि वे 'समय बरबाद करने' और 'कार्यवाही में बाधा डालने' वाले हैं। संसद सदस्य के रूप में वे करदाताओं का काफी पैसा अपने वेतन, भत्तों व अन्य सुविधाओं पर खर्च करते हैं। प्रधानमंत्री को भाषण देने से रोकने के प्रयास से उनकी जनता में केवल नकारात्मक छवि बनी। संसद में प्रत्येक सत्र और यहां तक कि हर दिन के कामकाज पर करोड़ों रुपये खर्च होते हैं। प्रत्येक संसद सदस्य पर हर साल देश का लाखों रूपया खर्च होता है जिसे उसे देश और जनता की सेवा के लिए दिया जाता है। उसका काम संसद के कामकाज में बाधा डालना नहीं है।

विरोध व्यक्त करने के अनेक तरीके हैं जिनमें बाहों पर काली पट्टी बांधना या कभी-कभी पूरे काले कपड़े पहनना शामिल हैं। सदस्य विरोधस्वरूप पूरे दिन अपनी सीटों पर बैठने से इनकार कर सत्र के दौरान दूसरे स्थान पर बैठने का फैसला कर सकते हैं, लेकिन उनको संसद की कार्यवाही जारी रहने देनी चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि उनके मतदाताओं समेत संसद के कामकाज पर पैसा खर्च करने वाले सभी लोग तथा संसद के हजारों कर्मचारी अपना रचनात्मक योगदान देश के विकास में दे सकेंगे।

संसद में शोरशराबा करने वाले विपक्षी सांसदों को समझना चहिए कि अंग्रेज दशकों पहले भारत से जा चुके हैं और ऐसे में अब हमारे देश में नकारात्मक गतिविधियों को कोई स्थान नहीं मिलना चाहिए। संविधान निर्माता बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर ऐसी गैर-कानूनी व असंसदीय गतिविधियों के खिलाफ पहले ही चेतावनी दे चुके थे। सांसदों और विधायकों तथा खासकर विपक्षी दलों के विधि-निर्माताओं को यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि संसद या राज्य विधानसभाओं में उनका निर्वाचन उनको विशेषाधिकार की तुलना में राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व अधिक देता है। लेकिन विडंबना है कि अनेक सांसद और विधायक संसद और राज्य विधानसभाओं में निर्वाचन के बाद स्वयं को जनता का सेवक मानने के बजाय उसका मालिक तथा 'विशेषाधिकारों' वाला विशिष्ट व्यक्ति मानने लगते हैं।

यह समझ पूरी तरह गलत है। 2 और 3 जुलाई को हमने लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष का जो आचरण देखा, वह लोकतंत्र के इन महत्वपूर्ण संस्थनों के लिए शुभ संकेत नहीं है। विपक्षी दलों से लेकर मीडिया तथा अकादमिक लोगों को लोकतंत्र पर यह खतरा समझ लेना चाहिए। उनको यह नहीं भूलना चाहिए कि ऐसे लोग विदेशों में 'भारत खतरे में है' का राग अलापते रहते हैं। लेकिन संसद में हुई इन घटनाओं से क्या यह नहीं कहा जा कता है कि भारतीय लोकतंत्र को खतरा उसके भीतर से है? यह बात अच्छी तरह समझ लेनी चाहिए। किसी भी लोकतंत्र को खतरा इसलिए नहीं पैदा होता है कि मतदाताओं ने भारत को 'विकसित अर्थव्यवस्था' वाला देश बनाने तथा भावी पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य हेतु स्थिर सरकार के लिए स्पष्ट जनादेश दिया है। इस तथ्य को किसी प्रकार अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि लगभग 60 साल बाद भारतीय मतदाताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा नीत राजग को लगातार तीसरा कार्यकाल दिया है। लेकिन कुछ राजनीतिक पार्टियां तथा देश में स्वयं को सत्ता का 'अधिकारी' मानने वाले कुछ परिवार पूर्णतः अराजक और अनैतिक व्यवहार कर रहे हैं। वे संसद और उसके कामकाज का संचालन करने वाले नियमों व प्रोटोकालों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। भारतीय लोकतंत्र के सामने यही असली खतरा है।

# यथार्थ स्वीकार करने का महत्व

"यथार्थ में जीना तथा चीजों को उसी रूप में स्वीकार करना बहुत महत्वपूर्ण है।"

रवि वल्लूरी
(लेखक, आध्यात्मिक शिक्षक हैं)



पुराने जमाने में चीन में एक किसान था जो सालों तक अपने खेतों पर काम करता रहा। एक दिन उसका घोड़ा भाग गया। यह खबर सुन कर कुछ पड़ोसी उसे सांत्वना देने आए। ग्रामीणों ने कहा, 'यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।' इस पर किसान ने कहा, 'हो सकता है।' कुछ दिनों बाद घोड़ा वापस आ गया। उसके साथ तीन जंगली घोड़े और थे। इस पर ग्रामीणों का एक और समूह किसान को मुबारकवाद देने गया। वृद्ध किसान ने कहा, 'हो सकता है।'

इसके अगले दिन किसान के लड़के ने एक घोड़े पर चढ़ने का प्रयास किया, लेकिन घोड़े ने उसे गिरा दिया और लड़के की टांग टूट गई और उसके पट्टियां बंध गईं। पड़ोसी एक बार फिर किसान के पास इस दु:साहस पर हमदर्दी प्रकट करने गए। किसान ने एक बार फिर तटस्थ भाव से जवाब दिया, 'हो सकता है।' कुछ दिनों बाद सेना के लोग गांव में नौजवानों को भर्ती करने आए। लेकिन लड़के के पैर में पट्टियां बंधी होने के कारण उसे भर्ती के अयोग्य ठहरा दिया गया। इस पर पड़ोसियों ने बूढ़े किसान को इसके लिए मुबारकवाद दी। किसान ने एक बार फिर जवाब दिया, 'हो सकता है।' श्री श्री रविशंकर ने मजेदार ढंग से इस कहावत का महत्व बताते हुए अपनी शिक्षाओं में कहा है कि 'लोगों और स्थितियों को उसी प्रकार स्वीकार करना चाहिए, जैसी वे हैं।'

'विकीपीडिया' के अनुसार, असामान्य व्यवहार को ऐसे व्यवहार के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो परेशान करने वाला या सामाजिक रूप से अस्वीकार्य, तनाव पैदा करने वाला, गलत या स्वयं को नुकसान पहुंचाने वाला तथा अक्सर संज्ञानात्मक रूप से विकृत विचारों को लाने वाला हो। असामान्य व्यवहार चार प्रकार के होते हैं। इनमें विकृति, निष्क्रियता, तनाव और खतरा शामिल हैं। विकृत व्यवहार अक्सर अलग, अतिवादी तथा असामान्य होता है और इसमें आश्चर्यजनक व्यवहार पैटर्न भी शामिल हैं। इसके बाद परेशान करने वाला व्यवहार सामने आता है। ऐसे लोगों से जुड़े लोग अक्सर दु:खी अनुभव करते हैं और उनकी उपस्थिति में असहज रहते हैं। विकृत व्यवहार रोगी को ऐसी स्थिति में ले जा सकता है जहां वह दिन-प्रतिदिन के काम में बाधा पैदा करने लगे तथा अपने व्यवहार से अनेक गतिविधियों को बाधित करे। बेचैनी के पांच प्रकार इस श्रेणी में आते हैं। पहला, सामान्य बेचैनी विकृति है। यह लंबा, अस्पष्ट व व्याख्या से परे ऐसा भय है जिसका कोई वस्तुनिष्ठ आधार नहीं होता है। इसके साथ ही अत्यधिक सक्रियता मस्तिष्क में तनाव का कारण बनती है।



इसके बाद 'क्वोटोडियन पारलेंस' या घबराहट वाली विकृति का स्थान है। लगातार बने रहने और अक्सर आने वाले बेचैनी के हमले अक्सर अन्य मनोवैज्ञानिक लक्षणों के साथ आते हैं जिनमें सांस लेने में कठिनाई, धड़कन बढ़ाना, हाथ पैर कांपने जैसा अनुभव, सुस्ती तथा अपने ऊपर से पूर्ण नियंत्रण खोने की भावना शामिल है।

मानसिक विकृतियों में अगला स्थान 'फोबिया' या भय का है। मनुष्य अनेक अतार्किक फोबिया का शिकार हो सकते हैं। इनमें एक्रोफोबिया यानी ऊंचाई से भय, ग्लासोफोबिया यानी लोगों को संबोधित करने का भय, क्लास्ट्रोफोबिया यानी बंद स्थानों से भय तथा एवियोफोबिया यानी उड़ान से भय आदि आते हैं। ऐसी स्थितियों में मनुष्य अनेक प्रकार के विचारों से ग्रस्त हो सकता है जो सामान्य रूप से अतार्किक होते हैं।

मानसिक विकृतियों में अंत में 'पोस्ट ट्रामैटिक स्ट्रेस डिसआर्डर'-पीटीएसडी आता है, लेकिन यह भी भारी परेशानी का कारण बन सकता है। इससे पीड़ित व्यक्ति अक्सर बार-बार आने वाले भयानक सपनों, पुरानी यादों, ठीक से ध्यान न लगा पाने तथा भावनात्मक कमजोरी का शिकार बनते हैं जो अपरिहार्य रूप से आघात या तनाव का कारण बनी घटनाओं का परिणाम होते हैं। हमारा देश तीन प्रमुख समस्याओं-नशाखोरी, महिलाओं के मुद्दों तथा मनोवैज्ञानिक विकृतियों से पीड़ित है। आमतौर से नागरिक तांत्रिकों, बाबाओं और धोखेबाजों से चमत्कारी इलाज के लिए संपर्क करते हैं। लेकिन ऐसे में योग्य डाक्टर की सहायता बहुत जरूरी होती है। डाक्टर की सलाह से दवायें लेना पहला कदम है।

इसके बाद रोगी को स्वयंसहायता समूहों से संपर्क करना चाहिए जो इलाज को जारी रखने में सहायता करते हैं। 'आर्ट आफ लिविंग' के 'हैपीनेस कोर्स' में सुदर्शन क्रिया सिखाई जाती है जिससे समुचित तरीके से सांस लेकर शरीर और विचारों के बीच संतुलन स्थापित हो सकता है। गौतम बुद्ध ने कहा था, 'अतीत चाहे जितना कष्टदायक रहा हो, तुम हमेशा फिर से शुरुआत कर सकते हो।'

## आप की बात

# मां के नाम पर पेड़ लगाए और पिता के नाम पर उनका संरक्षण करें

**एक** पेड़ मां के नाम, मां के नाम पर पेड़ लगाए और पिता के नाम पर उनका संरक्षण करें एक पेड़ मां के नाम केन्द्रीय सरकार की बहुत ही सराहनिय योजना है, और हम सब भारतवासी इस योजना के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद देते हैं सरकार को जिन्होनें पर्यावरण के बारे में इतना बड़ा कदम आज के समय में उठाया और इसे बढ़ते हुए तापमान को संतुलित करने के लिए योजना अमृत तुल्य है जिस दौर से पृथ्वी पर जनसंख्या बढ़ रही है। यातायत उद्योग धन्धे और संचार के साधनों के विकास और मानवीय आवश्यकताओं की बढ़ती मांग ने पृथ्वी वातावरण को अत्यधिक गर्म और प्रदुषित कर दिया है और साथ ही पृथ्वी अधिक गर्म हो रही है। सरकार प्रतिवर्ष बरसात की शुरुआत में वृक्षारोपण का सतत् कार्य बहुत ही अच्छा कार्यक्रम चलाती है,परंतु यह एक जटिल पश्न है। कि लगाए हुए पौधों में कितने प्रतिष्टित बचते हैं? मुश्किल से 5 या 7% कम ही होंगेक्योंकि बढ़ती आबादी आवारा मवेशी मैं जून का तपमान जो 45 डिग्री तक चला जाता है और उच्च देख रेख के आभाव में जो भी पौधे लगाये जाते हैं वह बाल रूप में ही अपने जीवन त्याग देते हैं पेड़ों को लगाना और पेड़ों को बडा करना इन दोनों में जमीन और आसमान का फर्क है, ना यह मेरा व्यक्तिगत अनुभव है, और यह बहुत हद तक सही बात भी है अगर वास्तव में हमारी सरकार जितने पेड़ लगाती है। और हम व्यक्तियों पर भी अन्य तरीकों से बाहरी लोग जितने पेड़ लगाते हैं उनमें से मुश्किल से 30-40% पेड़ भी नहीं बच पाते अगर इनमें से थोड़े भी पेड़ उगते बच जाते तो आज यह पृथ्वी पुरी के पेड़ो से भर जाती।परंतू वास्तव में ऐसा नहीं होता है हमारी सरकारों बिना तैयारी के भोजनपूर्ति के लिए ही वृक्षारोपण न करें पूरी तैयारी पर्याप्त रूप से उचित सुरक्षा और निरंतर रख रखव के साथ दर्णि संकल्प, होकर और आम जनता को इस मुहीम के लिए वृक्षारोपण के साथ संवाद करें तो यह अभियान ज्यादा सफल हो सकता है निरंतर 24 वर्षों से वृक्षारोपण का कार्य चल रहा है तकरीबन 40 से 50 करोड़ पौधे निश्चित तौर पर इसलिए लगाये जा चुका है पर क्या इनमें से एक दो करोड़ पौधे भी जीवित रहते हैं वृक्षारोपण और संरक्षण में हजार बाधाऐं हुई हैं सबसे कमजोर प्रशासनिक कमला है सरकार वृक्षारोपण का वृहत अभियान चलाती है इनके बड़ा करने वाले अफसर उदासीन होते हैं बढ़ती जनसंख्या आवारा मवेशी निरंतर चल रहे निर्माण कार्य और आम जनता भी वृक्षारोपण और संरक्षण में बाधक है पौधरोपण की भी नियमावली है मिट्टी से निर्मित उपयुक्त भूमि का चयन और पौधरोपण का कार्य 20 जुलाई तक हो जाना चाहिए, जससे ईनहे बढ़ने का उपयुक्त समय मिल जाता है बरसात के बचे हुए समय में और साथ ही साथ उपयुक्त भूमि का चयन भी महत्वपूर्ण पहलू है हर किस्म के पौधे के लिए एक ही तरह की जमीन उपयोगी नहीं होती, पौधरोपण अभियान को बढ़ाया जाए और निरंतर होता रहे जैसे माता और पिता दोनों जीवन के अंग है। जिस तरह पिता विहीन बच्चे बहुत कमजोर हो जाते हैं ठीक उसी तरह संरक्षण और देख रेख के अभाव में हम सब के लगाए गए पौधे भी कमजोर हो जाते हैं आप सब ने इस बार जून की गर्मी को महसूस किया है बढ़ते तपमान प्रदुषण के कारण दिनों दिन हमारा मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बिगाड़ता जा रहा है जो हमारे आने वाले संतानों के लिए और हम सबके लिए डरावना सच है आए हम सब मिलकर वृक्षारोपण करें और वृक्षों का संरक्षण भी करें वर्ष 2024 का वृक्षारोपण कार्यक्रम ऐसा हो कि यह वर्ष वृक्षारोपण के लिए ऐतिहासिक और स्वर्णिम वर्ष हो। मैं माननीय वन मंत्री जी से निवेदन कर्ता हूं वे मां प्रकृति की सेवा करें, मन और धन से काम करें और पूरे भारतवर्ष में यह कार्यक्रम बहुत ही यादगार और शानदार हो और साथ ही साथ आम जनता भी विशेष सहयोग के भागीदार बने।

**- जयश्री शर्मा, भाटापारा**

## बजट से उम्मीदें

**हर वर्ष** आम बजट से आम जनता को महंगाई से राहत, टैक्स में छूट और जीवन की मूलभूत जरूरत की चीजें सस्ती होने की उम्मीद होती है। लेकिन विडंबना है कि गरीब-उत्थान के नाम पर मध्यम वर्ग को बजट में कोई महत्व नहीं दिया जाता है। मध्य वर्ग अपनी आमदनी से टैक्स देकर सरकार का खजाना भरता है, पर पिछले दस साल से अनेक वादों के बावजूद उसे समुचित राहत नहीं दी गई है। आय कर से कृषि को पूरी तरह छूट दी गई है जबकि आम आदमी को 7 लाख तक की छूट है। भारत में अमीर किसान अनेक प्रकार की सरकारी सुविधाओं व सब्सिडी का लाभ उठाते हैं, पर वे टैक्स नहीं देते हैं। अत: खेती से 10 लाख रुपये से अधिक कमाई वालों पर आयकर लगाया जाना चाहिए। अब खेती कालाधन छिपाने और टैक्स बचाने का माध्यम बनती जा रही है। रेलवे में लोकल डिब्बों व लोकल ट्रेनों की भारी कमी से छोटे कस्बों के लोगों को सार्वजनिक परिवहन की भारी कमी से जूझना पड़ता है। सरकार को अब हर ट्रेन में 50 प्रतिशत सामान्य डिब्बे और लोकल ट्रेनों की संख्या में पर्याप्त संख्या में इजाफा करने की जरूरत है।

**- विभूति बुपक्या,** खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# भक्तों की जत्था के साथ कांवड़ यात्रा का शुभारंभ 22 जुलाई से




पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर का शिव संस्कार धाम, एक धार्मिक स्थल है जहां पर हिंदू धर्म से संबंधित विभिन्न संस्कार किए जाते हैं इस संस्कार धाम में प्रतिदिन सुबह-शाम भक्तों का पूजा अर्चना करने के लिए तांता लगा रहता है। खासकर सोमवार के दिन तो भोर से ही लोगों का महादेव को जल अभिषेक करने के लिए तथा पूजा अर्चना के लिए आना-जाना लगा रहता है । प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान महादेव का जल अभिषेक करने के लिए शिव संस्कार धाम बोल बम कांवरिया समिति के 72 भक्तों की जत्था शिव संस्कार धाम के कोषाध्यक्ष एवं संरक्षक हेमशंकर के नेतृत्व में 22 जुलाई 2024 दिन सोमवार को दोपहर 1:30 बजे बाबा धाम कावड़ यात्रा के लिए निकलेगी यह जत्था मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पावन नगरी अयोध्या की भी यात्रा करेगी द्य शिव संस्कार धाम के संरक्षक एवं कोषाध्यक्ष हेम शंकर साहू के नेतृत्व में हर वर्ष कांवड़ यात्रा लेकर दल्ली राजहरा के शिव भक्त बाबा बैजनाथ को जाते हैं । लगातार भक्तों की संख्या हर वर्ष बढ़ती जा रही है द्य बहुत अच्छी व्यवस्था के साथ महिलाएं भी कावड़ यात्रा के लिए जाती है और भगवान शिव को जलअभिषेक करती है द्य यात्रा का शुभारंभ शिव संस्कार धाम में आशुतोष भगवान शिव जी की पूजा अर्चना के साथ होगी। बोल बम प्रमुख रूप से जाने वाले श्रद्धालु जे आर यादव, हेमशंकर साहू,अतुल ललवानी , आशीष साहू ,जय लालवनी रमेश रावटे, मदन देवागन, संतोष सिन्हा,सुशील, हेमंत डेवहारी, नरासिग,डोमन साहू,संजय दर्रो,हरिवंश कुमार कांति सेन,लक्ष्मी, रेखा साहू,कांति साहू, है श्रद्धालुओं का कहना है कि ,देवघर की नगरी मे महादेव की कृपा बरसती है। इसीलिए सावन महीना मे यहां जाने को,हर शिव भक्त तरसते है ।

# शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुआ वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पर्यावरण को बचाने और हरियाली बढ़ाने के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की गई है। इसी कड़ी में आज शुक्रवार को वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा जिले के शास. बालक उच्च. माध्य. विद्यालय में ग्रीन बेमेतरा अभियान वन महोत्स्व 2024 का आयोजना किया गया ।इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि स्थानीय विधायक दीपेश साहू, ईश्वर साहू विधायक साजा, कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, डीएफ्ओ चंद्रशेखर परदेसी, विशिष्ट अतिथि सुनीता-हीरालाल साहू अध्यक्ष जिला पंचायत, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि ओमप्रकाश जोशी सहित जिला प्रशासन तथा वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे । ग्रीन बेमेतरा अभियान के तहत स्कूल परिसर में समस्त विशिष्ट अतिथिगणों, प्रशासनिक अधिकारीयों एवं स्कूल के छात्र छात्राओं ने सामूहिक वृक्षरोपण किया ।वृक्षारोपण करने से पर्यावरण को संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी । यह पहल छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और हरियाली बढ़ाने के महत्वपूर्ण कदम है। वृक्षारोपण से न केवल हवा की गुणवत्ता सुधरती है बल्कि यह ध्वनि प्रदूषण को भी कम करने में सहायक होता है। इस दौरान बच्चों ने फ्लदार और छायादार पौधे लगाए ।लगातार बढ़ रही वृक्षों की कटाई से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है और तापमान में वृद्धि हो रही है, इसलिए पीएम मोदी ने ÷मन की बात÷ कार्यक्रम के दौरान लोगों से ÷एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ कर एक-एक पेड़ लगाने की अपील की थी और पौधारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश दिया था । कार्यक्रम को संबोधित करते हुये स्थानीय विधायक दिपेश साहू ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम लगाकर अपनी मां की याद को चिर स्थायी बनाये एंव धरती मां को भी सवारें। उन्होंने ग्रीन बेमेतरा अभियान के तहत शहरवासियों से अपने अपने क्षेत्र में अपनी मां की स्मृति में बड़ी संख्या में वृक्षारोपण करने का आह्वान किया साथ ही पौधे की सुरक्षा के लिए सजग रहने की हिदायत भी दी ।विधायक साहू ने कहा की दिन-ब-दिन तापमान बढ़ता जा रहा है, इसका एकमात्र उपाय है वन क्षेत्र में वृद्धि करना, वृक्षों की संख्या जितनी ज्यादा बढ़ेगी लोगों को उतनी ही गर्मी से राहत मिलेगी ।उन्होंने बरसात में भीषण गर्मी को देखते हुये कहा की बारसात का मौसम जाने वाला है, फ्रि भी हम देख रहें है कि कितनी तेज़ धुप है ।पर्याप्त मात्रा में वृक्षों का संतुलन नहीं होने से प्रकृति के चक्र में परिवर्तन आ रहा है ।

# भटकती अवस्था में मिली विक्षिप्त महिला को सखी में मिला संरक्षण



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बीते दिवस 17 जुलाई 2024 को सामाजिक कार्यकर्ता हरीश चौहान द्वारा सखी बेमेतरा केन्द्र प्रभारी को फोन से सम्पर्क कर जानकारी दी कि एक अज्ञात महिला उम्र लगभग 24-25 वर्ष सैगोना कारेसरा पेट्रोल पम्प में बैठी है। फोन से सम्पर्क मिलते ही जिला कार्यक्रम अधिकारी चन्द्रबेश सिसोदिया जी के मार्गदर्शन से सखी केन्द्र प्रभारी द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए। अपने स्टॉफ केस वर्कर रामेश्वरी साहू द्वारा उक्त पते पर जाकर अज्ञात महिला को रेस्क्यू कर सखी सेंटर लाया गया। जिसका प्रायमरी चिकित्सा जांच पश्चात उक्त महिला को सखी आश्रय में रखा गया है। आगे की कार्यवाही सखी द्वारा पूर्ण की जा रही है।

# कलेक्टर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरडोंगर का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने 18 जुलाई को डौण्डी विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरडोंगर का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने क्लास रूम में विद्यार्थियों से बातचीत कर अध्ययन-अध्यापन के व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर चन्द्रवाल स्टॉफ रूम में पहुँचकर कर्मचारियों के उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित प्रभारी प्राचार्य एवं स्टॉफ से विद्यालय में कार्यरत कुल शिक्षकों एवं कर्मचारियों के संख्या के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने आज अवकाश पर रहने वाले संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षकों के आवेदन पत्र का भी अवलोकन किया। चन्द्रवाल ने कक्षा 12वीं विज्ञान एवं कक्षा 11वीं कला एवं विज्ञान संकाय के क्लास रूम में पहुँचकर विद्यार्थियों से उनके पढ़ाई-लिखाई के व्यवस्था के संबंध में बातचीत की। चन्द्रवाल ने शाला परिसर में स्थित प्रयोगशाला का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक से शिक्षा सत्र 2022-23 में विद्यालय के कक्षा 8वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों की संख्या तथा इन विद्यार्थियों के कक्षा 9वीं के प्रवेश के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान चन्द्रवाल ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत शाला परिसर में नीलगिरी के पौधा का भी रोपण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# दाढ़ी नगर पंचायत सीएमओ अपने जन्मदिन पर नेवता भोज वृक्षारोपण कर मनाया






पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर पंचायत के सी एम ओ श्रीनिवास द्विवेदी अपने जन्मदिन पर नेवता भोज वृक्षारोपण कार्यक्रम कर मनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर देश भर में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत आज नगर पंचायत दाढ़ी में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी ने अपने जन्मदिन पर शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों के साथ नेवता भोज कराकर अपना जन्मदिन मनाया इस कार्यक्रम में विशेष रूप से जनप्रतिनिधि राजेश जैन जनपद सदस्य अर्पित गुप्ता समाजसेवी हीरा सोनी एसडीएम तहसीलदार सीताराम कंवर प्रोफेसर कमलेश दुबे थाना प्रभारी धूलेश्वर चंद्रवंशी उप अभियंता संजय मोटवानी राजस्व उप निरीक्षक विनीत ठाकुर सहायक ग्रेड 3 देवेंद्र बनाकर चंद्रभान ध्रुव आरती गुप्ता झमन विनय सेन रामकुमार जायसवाल रोहित साहू शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों के साथ सीएमओ श्रीनिवास द्विवेदी अपने परिवार को शामिल कर जन्मदिन मनाया और नेवता भोज कराया आरती द्विवेदी अर्पित आश्री द्विवेदी के साथ नगर पंचायत भिंभौरी सीएमओ रमेश ध्रुव शिक्षक शामिल हुए और साथ में बैठकर बच्चों के साथ भोजन प्राप्त किए।

# लापरवाही बरतने पर एसडीओ सहित 11 अधिकारीयों को कारण बताओ नोटिस



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की महत्वाकांयोजनाओं में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सख्त कदम उठाए हैं। कलेक्टर शर्मा ने विगत दिवस ज़िला पंचायतों के विकास, काम-काज की समीक्षा करते हुए कार्य में लापरवाही अरुचि बरतने के कारण प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग साजा, हंसराज साहू सहित 11 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इन पर ज़िले के साजा विकासखण्ड में 13 सेग्रिगेशन शेड अभी भी पूर्ण होना शेष पाया गया। जो सेग्रिगेशन शेड पूर्ण दिखाए गए है। ज़मीनी स्तर और समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुछ निर्माण कार्य अधूरे और गुणवत्ता निम्न स्तर की पायी गई हैं। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने समीक्षा बैठक में कहा कि विकास योजनाओं में इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे दो दिनों के भीतर अपना जवाब प्रस्तुत करें। इस कार्रवाई का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ग्रामीण विकास योजनाएं सही ढंग से लागू हों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग इनका पूर्ण लाभ उठा सकें। यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि भविष्य में योजनाओं के कार्यान्वयन में सुधार हो और किसी भी प्रकार की लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को उचित दंड मिल सके। कलेक्टर के इस सख्त रवैये से जिले में विकास कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है और यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि सभी योजनाएं समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरी हो। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल ने सभी संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। जारी नोटिस में दो दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने कहा है।

# कलेक्टर ने विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर खेती-किसानी का जाना हाल




पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने 18 जुलाई कोजिले के विभिन्न ग्रामों में पहुँचकर खेती-किसानी का हाल जाना। इस दौरान चन्द्रवाल ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे एवं अन्य अधिकारियों के साथ जिले के सुदूर ग्रामों में किसानों के खेतों में पैदल पहुँचकर मौजूदा खरीफसीजन में जिले में खेती-किसानी के वास्तविक स्थिति की पड़ताल की। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने डौण्डी विकासखण्ड के सुदूर ग्राम चिहरो में मुख्य मार्ग से किसान अजय कुमार टेकाम के खेत तक पग डंडियों से चलकर पैडी ट्रांसप्लांटर के माध्यम से धान के रोपाई कार्य का अवलोकन किया। चन्द्रवाल ने किसान अजय कुमार टेकाम से बातचीत कर खेती-किसानी का हालचाल पुछा। उन्होंने किसान टेकाम से मशीन के माध्यम से धान की रोपाई करने की कुल लागत एवं समय आदि के संबंध में भी जानकारी ली। इसके पश्चात् कलेक्टर चन्द्रवाल डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम लखमाटोला के किसान रामाश्रय धनगुन के खेत में पहुँचकर जैविक खेती के कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान चन्द्रवाल ने कृषि विभाग के अधिकारियों एवं किसान रामाश्रय धनगुन से ग्राम लखमाटोला में जैविक खेती की कुल रकबा तथा जैविक खेती की कुल लागत एवं उत्पादन की बिक्री आदि के संबंध में जानकारी ली।

# एनएचएम एवं एड्स कंट्रोल के संविदा कर्मचारी 18 सूत्रीय मांग को लेकर दो दिवसीय हड़ताल के लिए ज्ञापन दिए

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम एंव एड्स नियंत्रण कार्यक्रम कर्मचारी संघ के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी का बेमेतरा जिला .एनएचएम , एवं एड्स नियंत्रण कार्यक्रम कर्मचारियों का लंबी 27त्न वेतन वृद्धि एवं नियमितीकरण सहित 18 बिंदु मांग के संबंध में प्रदेश स्तरीय दो दिवस धरना प्रदर्शन आंदोलन रायपुर में 22 एवं 23 जुलाई को दो दिवस किया जाना है, इस हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन दिए। ज्ञापन देते समय एनएचएम एवं एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के कर्मचारियों में एक जुड़ता दिखाई दिया. एनएचएम एंव एड्स नियंत्रण संविदा स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा विगत 6 माह में वर्तमान सरकार को 24 बार ज्ञापन एवं आवेदन दिया जा चुका है इसके बाद भी कोई भी कार्यवाही नहीं होने के कारण उक्त कर्मचारी में भारी रोश व्याप्त है जिससे आंदोलन में जाने विवश हो रहे हैं ज्ञात होगी पिछली जुलाई 2023 में बजट सत्र के दौरान अनुपूरक बजट में 37000 संविदा कर्मचारियों के लिए 27त्न वेतन वृद्धि का प्रदान किया गया था कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि उक्त वेतन वृद्धि लाभ स्वच्छता मिशन मनरेगा,समग्र शिक्षा विभाग को मिल गया है। जबकि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एंव एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के 15000 संविदा कर्मचारियों को 27त्न वेतन वृद्धि अब तक अप्राप्त है जिसके कारण कर्मियों में भारी निराशा एवं रोश व्याप्त हैं, जिससे विवश होकर एनएचएम एंव एड्स नियंत्रण संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी 22 व 23 जुलाई को बड़ी आंदोलन के तैयारी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बेमेतरा को पदाधिकारियों ने ज्ञापन दिया है, उक्त कर्मचारियों के हड़ताल में जाने से स्वास्थ्य व्यवस्था पर असर पड़ेगा। निम्न कार्यक्रम प्रभावित होगा डिलीवरी संस्थागत प्रसव टीकाकरण,ओपीडी,आईपीडी, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय कार्यक्रम टीबी जांच,दवाई वितरण,मलेरिया, गर्भवती महिलाओं का रूटीन टेस्ट, एच आई वी एड्स टेस्ट जाँच एंव काउंसलिंग, एसटीआई जांच एव दवाई, ए आर टी सेवा,डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा कार्यक्रम पर प्रभावित हो सकता है, वर्तमान में जिला में डायरिया नियंत्रण एंव मलेरिया के संभावित मरीजों का सर्वे चल रहा हैं कर्मचारियों के हड़ताल में जाने से सभी स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रभावित होगा आम जनता को परेशानी का करना पड़ेगा सामना।

### ये है प्रमुख मांगें

18 बिंदु माँगों में नियमितिकरण,लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, ग्रेड पे निर्धारण ,वेतन विसंगति निराकरण, सी आर व्यवस्था में सुधार ,चिकित्सा परिचर्या,अवकाश नियम में बदलाव, अनुकंपा नियुक्ति और अनुदान में राशि मे वृद्धि, सेवा पुस्तिका संधारण, तबादला व्यवस्था में नियमितता जैसी प्रमुख मांगें सम्मिलित हैं । ज्ञापन देते समय एनएचएम जिला अध्यक्ष पूरन आनंद, ओ पी कश्यप, अमित दीक्षित गुलाब साहू, विजय, धनेश्वर, श्रद्धा,केशर,सुनील सेन आदि मौजूद रहे ।

# कलेक्टर की राजस्व अधिकारियों को दो टूकः आम जनता को राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु किसी भी स्थिति में परेशानियों का सामना न करना पड़े

## संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ करें राजस्व प्रकरणों का निराकरण : इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल



पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि राजस्व संबंधी मामले आम नागरिकों के हितों से सीधा जुड़ा होता है। इसलिए राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में उचित निराकरण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी राजस्व विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को राजस्व प्रकरणों का निराकरण हेतु पूरी संवदेनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिससे कि निर्धारित समय-सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित की जा सके। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने राजस्व संबंधी मामलों को लेकर मुलाकात करने आने वाले लोगों से मधुर एवं आत्मीय व्यवहार करने तथा उन्हें उनके प्रकरणों के निराकरण के संबंध में उचित मार्गदर्शन देने के भी निर्देश दिए।

### समयावधि में करें प्रकरणों का निराकरण

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा हम सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी एक शासकीय सेवक है। इसलिए हमारी प्रतिबद्धता और निष्ठा भी आम जनता के हित में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी शासकीय सेवकों की भाषा एवं आचार-व्यवहार सभ्य, संयत एवं शालीन होनी चाहिए। बैठक में उन्होंने तहसीलवार लंबित राजस्व प्रकरणों की निराकरण की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में राजस्व प्रकरणों का अनिवार्य रूप से निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक एवं राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### सीमांकन के प्रकरणों का शीघ्र करें निराकरण

बैठक में इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने राजस्व अधिकारियों को आरबीसी 6/4 के प्रकरणों का निराकरण विशेष प्राथमिकता के साथ करने को कहा। जिससे कि प्रभावित व्यक्ति यों को तत्काल राहत पहुँचाया जा सके। उन्होंने कहा कि आरबीसी 6/4 के प्रकरणों के लिए प्रभावित लोगों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके लिए आरबीसी 6/4 का प्रकरण पटवारी के माध्यम से प्रस्तुत किया जाना चाहिए। बैठक में उन्होंने सीमांकन के प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने सीमांकन के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने हल्का पटवारियों के उनके मुख्यालय में उपस्थिति के संबंध में लेते हुए नियत तिथि में सभी पटवारियों का अनिवार्य रूप से मुख्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने हल्का पटवारियों को बैठक एवं विशेष कार्यों को छोड़कर तहसील एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में नही बुलाने के भी निर्देश दिए। बैठक में इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बंदोबस्त त्रुटि सुधार, नामांतरण, बँटवारा, खाता विभाजन आदि सभी राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आम जनता को राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु किसी भी स्थिति में परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित डाक्टर स्टाफ के विरुद्ध कार्रवाई के दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण कर उन्होंने सुनिश्चित किया कि जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाएं और सुविधाएं जनता को सही ढंग से प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने अस्पताल की साफ्सफाई, स्वच्छता, डॉक्टर्स और नर्स स्टाफकी उपस्थिति, और औचित्य की जांच की। इसके अलावा, उन्होंने चिकित्सा उपकरणों की स्थिति और उपयोग की भी समीक्षा की, ताकि अस्पताल की कार्यक्षमता और गुणवत्ता का मूल्यांकन किया जा सके। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में मरीजों से बातचीत की, जिससे उन्हें चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता और सुविधाओं के बारे में सही जानकारी प्राप्त हो सके। यह मरीजों के अनुभवों और सुझावों को सुनने का एक महत्वपूर्ण माध्यम होता है, जिससे उन्हें अस्पताल की सेवाओं में सुधार की जरूरतों का पता चल सके। इस बातचीत के माध्यम से कलेक्टर ने मरीजों के साथ संवाद को स्थापित करते हुए सुनिश्चित किया कि वे उनकी चिकित्सा देखभाल के प्रति संतुष्ट हैं और उनकी जरूरतों को समझते हैं। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन को मरीजों का इलाज पूरी संवेदनशीलता के साथ करने के निर्देश दिए इस दौरान उन्होंने कहा की मरीजों को मिलने वाले सभी सुविधा समय पर उपलब्ध हो।

घटना के बाद कोलकता हुआ था फरार, शादी स्टेज पर भेंट किये गये लिफाफा व जेवरातों से भरे बैग की किया था उठाईगिरी

# होटल अंश के शादी समारोह में हुई चोरी का खुलासा

## आरोपी से सोने की अंगूठी, नकदी रकम बरामद, चोरी के अपराध में पुलिस ने भेजा जेल

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

बीते दिनों अंश होटल में हुई उठाईगिरी मामले में कोतवाली पुलिस के हाथ सफलता लगी है। 14 जुलाई को अंश होटल रायगढ़ में शादी समारोह के स्टेज के पास वर वधु को दिए गए लिफाफे और गिफ्ट भरे लेडीज पर्स को उठाकर अज्ञात युवक रफू चक्कर हो गया था। घटना को लेकर अखिलेश मिश्रा निवासी बोईरदादर बिनोबा नगर द्वारा 15 जुलाई को थाना कोतवाली में उठाईगिरी (चोरी) की रिपोर्ट दर्ज कराया गया। थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। उठाईगिरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन



पर नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल, साइबर सेल व कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल घटनास्थल जाकर घटना की तस्दीकी किया गया एवं सीसीटीवी फुटेज चेक किये गये जिसमें संदिग्ध की तस्वीर प्राप्त हुई जिस संबंध में शादी में आये मेहमानों और होटल स्टाफ से पूछताछ किया गया जिसमें संदिग्ध के अजय कैटरिंग में काम करने वाले वेटर- शेख अकबर उर्फ बुद्धन के होने की जानकारी मिली। तत्काल पुलिस द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए स्टाफ लगाया गया जो ट्रेन से कोलकाता फरार हो गया था। पुलिस अधीक्षक से अनुमति प्राप्त कर कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा कोलकाता में दबिश दिया गया, आरोपी उसके परिचित से मिलकर वापस रायगढ़ के लिये निकल चुका था, आरोपी का पीछा करते हुये पुलिस टीम रायगढ़ आयी और आरोपी को आज ढिमरापुर रायगढ़ के पास हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी ने अपने मेमोरेंडम पर घटना दिनांक को उठाईगिरी करना स्वीकार किया है। आरोपी के मेमोरेंडम पर सोने की अंगूठी कीमती करीब 15,000 एवं नदी रकम 9200 कुल 24,200 बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ पुख्ता साक्ष्य संकलन कर पुलिस ने आरोपी शेख अकबर उर्फबुद्धन पिता स्वर्गीय शेख कादिर उम्र 32 साल निवासी वार्ड क्रमांक 39 तिलजला रोड कोलकाता को चोरी अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### गोविंद प्रधान की जमानत याचिका खारिज, अधिवक्ता संघ ने कोर्ट में खड़े होकर किया विरोध

**रायगढ़।** दो शादियों और कोर्ट के भीतर वकील से मारपीट के केस मेजैल की हवा खा रहे अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के बाबू गोविंद प्रधान की जमानत अर्जी कल खारिज हो गई। उनके जमानत का विरोध करने अधिवक्त ा संघ के तमाम सदस्य कोर्ट में आ गए थे। गोविंद प्रधान जो एसडीएम कार्यालय रायगढ़ में बाबू के पद पर कार्यरत हैं इन पर आरोप है कि उन्होंने कोर्ट के अंदर वकील के साथ धक्क ा मुक्क ी की। यही नहीं उन्होंने सरकारी कर्मचारी होते हुए भी दो शादियां की जो नियम के विरुद्ध है। ऐसे में जब वकील ने उनके पहली प ी को उचित भत्ता दिए जाने की बात कही तो वे भड़क गए और कोर्ट में ही वकील को भला बुरा कहने लगे और मारपीट करने पर उतारू हो गए। गोविंद प्रधान पिछले कई दिनों से जेल में हैं और इस बार भी उनकी जमानत याचिका खारिज हो गई। अब आने वाले कम से कम एक माह और उन्हें जेल में ही बिताना पड़ेगा। इधर गोविंद प्रधान के दोनों पत्नियों ने अलग अलग शिकायत की है उसपर भी जांच जारी है। उनको नौकरी से बर्खास्त करने के लिए मंत्री और रायगढ़ कलेक्टर से उनकी शिकायत भी कर दी गई है।

# कलेक्टर ने डायरिया से बचाव के लिए वीडियों कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की ली बैठक



पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर आकाश छिकारा ने आज जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष से वीडियों कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में डायरिया से बचाव के लिए सभी जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने डायरिया रोकने के लिए अधिकारियों को जनजागरूकता के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने गांव-गांव में कोटवारों, मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से मुनादी कराने एवं स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों में जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि सभी संबंधित अधिकारी मैदानी स्तर पर उतर कर कार्य करें। उन्होंने कहा इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि फील्ड स्तर पर सचिव, सुपरवाईजर, आरएचओ, मितानिन के माध्यम से जांच बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामवासियों को ओआरएस, जिंक टेबलेट का वितरण एवं उबाल कर पानी पीने के लिए प्रेरित करें। डायरिया के मरीज़ों को नियमित अंतराल पर जाँच किया जाए एवं गंभीर स्थिति होने पर हायर सेंटर में रेफर किया जाए। उन्होंने जिन गांवों में डायरिया के प्रकरण निकल रहे हैं उन गाँव के समस्त पारे का कम से कम अगले 15 दिवस तक प्रतिदिन मितानिनों के द्वारा प्रत्येक घर में जाकर कोई डायरिया पीड़ित मरीज़ तो नहीं है, ये जानकारी लेने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य अमलों से कहा कि यदि आपके किसी भी स्वास्थ्य केंद्र में किसी गाँव से कोई डायरिया के मरीज़ आता है, तो तुरंत उस गाँव के सेक्टर सुपरवाइज़र, आरएचओ एवं मितानीन को डोर टू डोर जाकर सभी घरों में कोई डायरिया से पीड़ित तो नहीं है इसकी जानकारी संबंधित अधिकारी को उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

# परिवहन नियमों के उल्लंघन पर 8 गाडियों पर ढाई लाख का जुर्माना

## बिना तारपोलिन ढके व ओवरलोड का मामला, जिला परिवहन विभाग ने की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

परिवहन नियमों के उल्लंघन पर 8 गाडियों पर जिला परिवहन विभाग ने 2.53 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। इन गाडियों में बिना तारपोलिन या कवर ढंके परिवहन करते और ओवरलोडिंग करना पाया गया। गौरतलब है कि कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों पर लगातार कार्यवाही करने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारी को दिए हुए हैं। जिला परिवहन अधिकारी अमित प्रकाश कश्यप से प्राप्त जानकारी अनुसार 8 गाडियों पर 2.53 लाख पर जुर्माने की कार्यवाही की गई है। इसमें वाहन



क्रमांक ओडी 23 ई 0059 पर 45 हजार रुपये का शमन शुल्क लगाया गया। इसी तरह वाहन क्रमांक सीजी 11 बीई 3664 पर 42 हजार रुपये, वाहन क्रमांक सीजी 13 एडब्ल्यू 3065 पर 50 हजार रुपये, वाहन क्रमांक एमपी 18 एच 6515 पर 36 हजार रुपये, वाहन क्रमांक एमपी 65 जी ए 1601 पर 41 हजार रूपये, वाहन क्रमांक सीजी 28 जे 0027 पर 12 हजार रुपये, वाहन क्रमांक सीजी 28 बीएफ 0027 पर 12 हजार रुपये तथा वाहन क्रमांक सीजी 13 व्ही 1224 पर 15 हजार रुपये का शमन शुल्क लगाया गया। जिला परिवहन अधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि आगे भी जांच और उल्लंघन करने वालों में लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

# बाईक से करता था पेट्रोल की चोरी जूटमिल पुलिस के हत्थे चढ़ा पेट्रोल चोर

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

वार्ड क्रमांक 30 बाजीराव पारा में रहने वाले अमित पांडे (उम्र 43 वर्ष) द्वारा उसके घर के पास खड़ी उसकी पल्सर से 14-15 जुलाई की रात्रि अज्ञात व्यक्ति द्वारा बाइक के पेट्रोल पाइप को काटकर करीब 5 लीटर पेट्रोल चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि उनके घर के बाहर लगे सीसीटीवी के फुटेज चेक करने पर चोर की तस्वीरें कैपचर हुई जिसे व्हाटसअप ग्रुप में शेयर करने पर आरोपी दरोगापारा के रोशन शर्मा होने का पता चला, रिपोर्ट पर आरोपी रोशन शर्मा के विरुद्ध थाना जूटमिल में अपराध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में दिया गया। अपराध



विवेचना के क्रम में जूटमिल पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज चेक कर आरोपित की पहचान पुख्ता किया गया और विधिवत सीसीटीवी फुटेज की साफ्ट फाइल पेन ड्राइव में सुरक्षित कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिये दबिश दी गई। कल रात्रि आरोपी रोशन शर्मा पिता राजेंद्र शर्मा उम्र 33 साल निवासी दरोगापारा गुजराती गली रायगढ़ को हिरासत में लिया गया। आरोपी रोशन शर्मा ने बाइक से पेट्रोल चोरी करना स्वीकार किया और पेट्रोल को बेचकर रूपये खाने-पीने में खर्च कर देना बताया। आरोपी को जूटमिल पुलिस द्वारा चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# एनटीपीसी लारा में बीएमडी जांच शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

एनटीपीसी लारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा 18 जुलाई को अस्थि खनिज घनत्व (बीएमडी) जांच शिविर का आयोजन किया गया। अनिल कुमार, कार्यकारी निदेशक (एनटीपीसी लारा) ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ शिविर का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर श्री कुमार ने अपने अस्थि स्वास्थ्य की जांच भी की तथा चिकित्सक से परामर्श भी लिया। श्री कुमार ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि अधिक से अधिक कर्मचारियों तथा परिवार के सदस्यों की सुविधा के लिए इस तरह के शिविर नियमित अंतराल पर आयोजित किए जाने चाहिए। अस्थि स्वास्थ्य का शीघ्र निदान, बुढ़ापे की समस्याओं से बचने के लिए सही खानपान के साथ जीवनशैली में



बदलाव एवं सही समय पर डॉक्टर की परामर्श से दवाइयों का सेवन से अस्थि मज्जा का सही स्वास्थ्य बनाया रखा जा सकता है। इस शिविर में कुल 66 व्यक्तियों ने अपने अस्थि स्वास्थ्य की जांच कराई। इस अवसर पर रविशंकर, जीएम (परियोजना), कल्पना तायडे, सीएमओ, जाकिर खान, एजीएम (एचआर), प्रेरिता महिला समिति के पदाधिकारी, चिकित्सक तथा पैरामेडिकल स्टाफउपस्थित थे।

# डंडे से वार कर ले ली पत्नी की जान, आरोपी गिरफ्तार

## अधिक शराब पीना व खाना नही बनाना बनी हत्या की वजह



पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

महिला के अधिक शराब पीने और खाना नही बनाने से नाराज एक पति द्वारा अपनी पत्नी को डंडे से पीट-पीटकर मौत के घाट उतारने का मामला सामने आया है।

घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नवापारा निवासी शिवा माझी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 17 जुलाई को उसकी चचेरी बहन शिवरात्रि के पति जेठूराम ने उसे फोन कर बताया कि 10 जुलाई की शाम 7 बजे शिवरात्रि को अधिक शराब पीने और खाना नही बनाने की वजह से डंडे से कमर में वार करके घायल कर दिया था। जहां कमर में गंभीर चोट लगने की वजह से कल शाम शिवरात्रि की मौत हो गई। महिला की हत्या की जानकारी मिलते ही लैलूंगा पुलिस नवापारा ठाकुरपोडी पहुंचकर मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए आरोपी के खिलाफ धारा 103 (1) बीएनएस दर्ज कर आरोपी जेठूराम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# रामभांठा वार्ड में सप्ताह भर से बोर पंप खराब पानी की किल्लत से जूझ रहे मोहल्लेवासी

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ नगर निगम की महापौर के घर के बगल वार्ड में बीते सप्ताह भर से अधिक समय से बोर पंप खराब हो जाने के कारण क्षेत्र के लोगों को पीने के पानी के लिये कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्लेवासियों के शिकायत के बावजूद उनकी समस्या का समाधान अभी तक नही हो सका है। मिली जानकारी के अनुसार रामभांठा बहिदार गली में स्थित बोर पंप बीते सप्ताह भर से अधिक समय से खराब हो चुका है। इस वजह से मोहल्लेवासियों को पीने और नहाने के पानी के लिये विकट परिस्थिति का सामना करना पड़ रहा है। बोर पंप खराब होने की जानकारी मोहल्लेवासियों के द्वारा करने के बावजूद आज तलक उनकी समस्या का समाधान नही हो सका है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र की महापौर के घर



के बगल वाले वार्ड में सप्ताह भर से अधिक समय से बोर पंप खराब हो जाने के कारण उन्हें रोजाना समस्याओं से जूझना पड रहा है। यहां तक की अमृत मिशन योजना के तहत यहां हर घर उसका कनेक्शन भी लग चुका है लेकिन इसमें भी बीते कई महीनों से पानी नही आता। इस वजह से मोहल्लेवासी जिनके घर बोर पंप लगे हैं उनके घरों से पानी लाकर अपना काम निपटा रहे हैं। मोहल्लेवासियों का यह भी कहना था कि पहले भी कई बार इस क्षेत्र में लगे बोर पंप खराब हो जाने के बावजूद उन्हें कई दिनों तक बोर पंप से पानी नसीब नही हो पाता था और फिर मोहल्लेवासी आपस में चंदा करके बोर पंप बनवाने थे तब जाकर बोर पंप ठीक हो पाता था और उन्हें पानी मिलता था।

# अवैध कबाड़ परिवहन पर पुलिस की कार्रवाई 1 टन कबाड़ समेत पिकअप वाहन की जप्ती

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर अवैध कबाड़ पर जिले में लगातार कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में कल दोपहर थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी को उनके लगाये मुखबीर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग के पिकअप वाहन में लोहे छड़ के टुकड़े अवैध कबाड़ को धनागर की ओर से रायगढ़ की ओर जाना बताया।

तत्काल थाना प्रभारी अपने स्टाफके साथ कोसमनारा तिराहा पर नाकेबंदी कर वाहनों की जांच किया गया। इस दौरान सफेद रंग के पिकअप क्रमांक सीजी 13 ए.आर.- 5781 को रोककर चेक किया गया। ड्रायवर ने अपना नाम राजेश गुप्ता पिता विश्वनाथ गुप्ता उम्र 42 साल निवासी गढउमरिया थाना जूटमिल रायगढ़ का रहने वाला बताया। ड्रायवर से वाहन में लोड लोहे के कबाड़ के



संबंध में पूछताछ कर कागजात मांग करने पर वाहन चालक ने कोई कागजात होना नहीं बताया। पुलिस टीम द्वारा वहां में रखी संपत्ति चोरी के होने के संदेह पर जप्ती कर कबाड़ का वजन कराये जो करीब 1 टन कबाड़ कीमती- 20,000 पाया गया। अवैध कबाड़ मय पिकअप वाहन (जुमला कीमती- 4,20,000) जप्त कर वाहन चालक राजेश गुप्ता पर थाना कोतरारोड में धारा 35(क),(ड), 303(2) ठछै के तहत कार्यवाही की गई है। कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक बाबूलाल पटेल, आरक्षक टिकेश्वर यादव शामिल थे।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)**

**// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //**
**(प्रथम निमंत्रण)**

दिनांक 16.07.2023

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा ''डी'' श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 06.08.2024 है।

| एन.आई.टी. क्रं./ निविदा क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| NIT NO. 287 Tender No. 156160 | बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न 09 मार्ग (व्ही.आर. एवं एम.डी. आर.) लं. 42.70 किमी. परडब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच मरम्मत का कार्य। | रू. 144.98 लाख |
| NIT NO. 288 Tender No. 156162 | बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न 10 मार्ग (एम.डी.आर. एवं व्ही. आर.) लं. 74.43 किमी पर डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य। | रू. 140.00 लाख |
| NIT NO. 289 Tender No. 156163 | भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न 10 मार्गों (एम.डी.आर.) कुल लंबाई 115.35 किमी. पर डब्ल्यू. एम.एम. एवं बी.टी. पेंच मरम्मत का कार्य। | रू. 165.00 लाख |
| NIT NO. 290 Tender No. 156164 | भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न 21 मार्गों (व्ही.आर.) कुल लंबाई 83.90 किमी. पर डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच मरम्मत का कार्य। | रू. 170.00 लाख |
| NIT NO. 291 Tender No. 156165 | बिलाईगढ़ अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न 02 मार्ग (एम.डी.आर. एवं एस.एच.) लं. 27.20 किमी. पर डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच मरम्मत का कार्य। | रू. 75.00 लाख |
| NIT NO. 292 Tender No. 156166 | बिलाईगढ़ अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न 07 मार्ग (एम.डी.आर. एवं व्ही.आर.) लं. 36.185 किमी. पर डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच मरम्मत का कार्य। | रू. 75.00 लाख |
| NIT NO. 293 Tender No. 156167 | कसडोल अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न 09 मार्ग (एम.डी.आर. एवं व्ही.आर.) लं. 19.70 किमी.पर डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच मरम्मत का कार्य। | रू. 65.00 लाख |
| NIT NO. 294 Tender No. 156168 | गरियाबंद अनुविभाग क्रं.-02 के अंतर्गत उपखण्ड देवभोग के विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच रिपेयर का कार्य। | रू. 60.00 लाख |
| NIT NO. 295 Tender No. 156169 | गरियाबंद अनुविभाग क्रं.-02 के अंतर्गत उपखण्ड मैनपुर के विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच रिपेयर का कार्य । | रू. 60.00 लाख |
| NIT NO. 296 Tender No. 156170 | राजिम अनुविभाग के अंतर्गत उपखण्ड राजिम एवं फिंगेश्वर के विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच रिपेयर का कार्य। | रू. 99.00 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र बिडकेपेसीटी उपलब्धता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. रायपुर मण्डल क्रं.-2 (छ.ग.)

G-242501138/7

आपकी थी चाह, हमने बनाई राह


## राखड़ एवं पानी की समस्या को लेकर किया था चक्का जाम

# ओडेकेरा के निवासियों कि माग पूरा होने से चेहरे खिले और आंदोलन खत्म

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत ओडेकेरा के निवासियों ने राखड का बहाव खेतों में होने से एवं पानी अधिक भर जाने से धान की फसल नष्ट होने पर आज सुबह मुख्य सड़क ओडेकेरा में चक्का जाम किया। पानी का बहाव इतना तेज था कि सड़क को भी अपने चपेट में ले लिया जिससे सड़क काफी गहराई तक गडडा हो गया। क्षेत्रीय विधायक बालेश्वर साहू ने मांग रखा की जो खेतों में पानी भरा है उसे निकाला जाए एवं फसल जो नाष्ट हुआ है उनकी भरपाई किया जाए विधायक के कहने पर पानी निकासी के लिए





पोकलेन लाया गया और 15 फीट गडडा नाली बनाया गया। । जिससे खेत में भरे लबालब पानी निकासी हुआ यह कार्य 3:30 बजे तक चलता रहा । वहां पर दिन भर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जैजैपुर वर्षा रानी चिकन जुरी उपस्थित रही। वहीं पर सुबह से ही पुलिस अमला तैनात रहा और सड़क विभाग के अधिकारी भी रहे ओडेकेरा गांव के लोग अपनी फसल को नष्ट होते देख हुए आंदोलन की सूचना पहले से ही शासन प्रशासन को दे चुके थे बड़ी मकसद के बाद उनका आंदोलन समाप्त हुआ यदि विधायक नहीं आते तो वह आंदोलन में ही लगे रहते। पानी का बहाव इतना तेज था कि वहां की सड़क अंदर से खोखली हो गई। मांग पूरी होने से सभी किसान के चेहरे खिलते हुए नजर आए और वे अपना नष्ट हुए धान के बदले में दूसरा धान पाकर पुनः खेत में बुवाई करेंगे।

ओडेकेरा में चक्का जाम होने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा और आवागमन। बाधित होने से परिवर्तन मार्ग सेअपने गंतव्य स्थान तक पहुंचे।

हमारे क्षेत्र के विधायक माननीय बालेश्वर साहू ने कहा कि इसकी बात मैं मंत्रालय तक पहुंचाऊंगा और आने वाले समय में आप लोगों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो सके आप लोगों का मांग को शासन पूरा कर रही है। निकासी के लिए पोकलेन लाया जा रहा है जिसे पानी को खुदाई करके बाहर निकाला जाएगा और आपकी जो नुकसानी हुई है उसके लिए 350 बोरी धान आप लोगों को दिया जाएगा।

**-बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर**

# बालको सीईओ टॉउनहॉल में सुरक्षा संस्कृति पर हुई चर्चा

पायनियर संवाददाता ‹ बालकोनगर
www.dailypioneer.com





वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने सीईओ टाउनहॉल आयोजित किया। वरिष्ठ प्रबंधन की उपस्थिति पर कंपनी के रणनीति कार्यों पर चर्चा की गई जिसमें कंपनी के उत्कृष्ट उत्पादन के साथ कार्यस्थल को सुरक्षित बनाना शामिल था। सीईओ ने मजबूत सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 300 से अधिक शॉपफ्लोर, सेफ्टी और संगठन के विभिन्न अन्य विभागों के कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों को एकजुटता के साथ सुरक्षा प्रथम दृष्टिकोण के पालन के लिए प्रोत्साहित किया। सीईओ ने कहा कि हमने समुदाय में सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा दिया है। सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता कर्मचारियों के साथ-साथ समुदाय के प्रति भी है। बालको एक औद्योगिक संगठन के रूप में समुदाय की सुरक्षा और भलाई को प्राथमिकता दिया है। मानसून ध्यान में रखते हुए कंपनी ने संयंत्र परिसर और टाउनशिप के जल निकासी को सुदृढ़ किया है। बालको अपने दैनिक पत्रिका में प्रतिदिन वन पॉइंट सेफ्टी लेसन मुहिम चलाया है। इसका उद्देश्य है कर्मचारियों को प्रतिदिन सुरक्षा संबंधित एक नई जानकारी देना है। सभी कर्मचारियों के अंदर किसी भी असुरक्षित कार्य को ना कहने के लिए स्वयं को सशक्त महसूस करने के भाव में वृद्धि हुई है। कंपनी संयंत्र के साथ बालको टाउनशिप में यातायात नियमों को लागू करके सभी के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाने में भी योगदान दे रहा है। कंपनी ने अपने मासिक सुरक्षा कार्यक्रम 'सुरक्षा संकल्प' के जुलाई माह की थीम, मानसून में सुरक्षित ड्राइविंग- फिसलन/ट्रिप से बचाव ने मौसम की वजह से आने वाली चुनौतियों के लिए सभी को संबोधित किया। कंपनी का उद्देश्य सभी कर्मचारियों के साथ समुदाय के बीच सुरक्षा जागरूकता को अधिकतम करना है। कंपनी नियम तथा सभी दिशा निर्देशों का पालन कर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल बनाए रखने के महत्वपूर्ण महत्व पर जोर देना है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि कर्मचारियों और परिसंपत्तियों की सुरक्षा बालको के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रचालन के विभिन्न स्तरों पर स्मार्ट तकनीकों के अपनाए जाने से उत्पादकता में बढ़ोत्तरी तो होने के साथ सुरक्षा संस्कृति को भी बढ़ावा मिला है। कंपनी अपने ज़ीरो हार्म दृष्टिकोण के अनुरूप सुरक्षा प्रथम नीति को प्राथमिकता देता है जो कंपनी की कार्य संस्कृति में शामिल है। सीईओ ने कहा कि सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता सिर्फ नियमों का पालन करना नहीं है बल्कि यह हमारे कार्य करने के तरीके में समाहित है। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बालको युवाओं के अंदर सुरक्षा संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। वाहनों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए कंपनी ने 6 किमी तक थर्मोप्लास्टिक मार्किंग सहित विभिन्न मार्गों पर 12 स्पीड ब्रेकर, कई जेब्रा क्रॉसिंग और 40 रेट्रो-रिफ्लेक्टिव साइनबोर्ड तैनात किया है। कंपनी ने आग से बचाव के उपाय पर जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किये। कंपनी निरंतर जागरूकता और शैक्षिक पहल के माध्यम से समुदाय के भीतर सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने के लिए कटिबद्ध है। कंपनी के सुरक्षा कार्यक्रमों में 'चेतना' सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक है जो पांच मूलभूत सुरक्षा युक्तियों पर केंद्रित है जो सभी के लिए सुरक्षित आवाजाही, कार्यों और अनुभवों को सुनिश्चित करते हुए संयंत्र परिसर के भीतर एक सुरक्षित वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# एनटीपीसी सीपत द्वारा ग्राम जांजी में ब्लॉक स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन





पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

18 जुलाई 2024 को एनटीपीसी सीपत द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत ग्राम जांजी में ब्लॉक स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख वी.के. पाण्डेय की मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा ग्राम जांजी के सरपंच शिवनाथ कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए वी.के. पाण्डेय ने स्थानीय प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और खेलों को बढ़ावा देने में एनटीपीसी सीपत के व्यापक दृष्टिकोण को उजागर किया। उन्होंने बताया कि एनटीपीसी हमेशा आसपास के क्षेत्रों में ग्रामीणों की जीवन शैली में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रकार के विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा एनटीपीसी सीपत युवा एथलीटों को खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने और उच्च स्तर पर पहुँचने के अवसर प्रदान कर रहा है। इस प्रतियोगिता में 08 स्कूलों की भागीदारी रही, जिसमें छात्र-छात्राओं ने खेल भावना दिखाते हुए प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भाग लेने वाले स्कूलों में शामिल थेः जांजी हाई स्कूल, बाल भारती पब्लिक स्कूल, स्वामी आत्मानंद स्कूल, लिटिल लर्नर स्कूल, हाई स्कूल निरथु, हाई स्कूल धनिया, विरानी पब्लिक स्कूल और माध्यमिक शाला परसाही। इन सभी स्कूलों के प्रतिभागियों ने प्रशंसनीय कौशल का प्रदर्शन कर प्रतियोगिता को बहुत रोमांचक बनाया। यह आयोजन केवल एक प्रतियोगिता नहीं बल्कि खेल भावना, अनुशासन और कड़ी मेहनत का उत्सव भी था। इस ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता से चयनित प्रतिभागी 19.07.2024 को जिला स्तर की ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जो उनके खेल यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस प्रकार एनटीपीसी सीपत युवा एथलीटों को खेल उत्कृष्टता प्राप्त करने का अवसर प्रदान कर रहा है।

# निगम जोन 9 ने खम्हारडीह में डेयरी पर कार्यवाही की, 28 गायों को बाहर शिफ्ट किया



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

खम्हारडीह आवासीय क्षेत्र के रहवासियों द्वारा की गयी शिकायत पर आज नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार एवं अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता के निर्देशानुसार निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही, निगम जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के नेतृत्व एवं कार्यपालन अभियंता के. शर्मा, पदमाकर श्रीवास, सहायक अभियंता अंशुल शर्मा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अदिव्य हजारी स्वच्छता निरीक्षक महेंद्र कलिहारी, भोला तिवारी की उपस्थिति में नगर पालिक निगम जोन 9 क्षेत्र के तहत नेताजी सुभाषचन्द्र बोस वार्ड नम्बर 31 के खम्हारडीह आवासीय क्षेत्र में अभियान चलाकर काऊकैचर वाहन एवं विशेष टीम के श्रमवीरों की सहायता से आवासीय क्षेत्र में संचालित की जा रही संचालक भावना पटेल की डेयरी पर कार्यवाही की. डेयरी की 28 गायों को काऊकैचर वाहन से नगर पालिक निगम आवासीय क्षेत्र की सीमा के बाहर के क्षेत्र में शिफ्ट किया और जोन के स्तर पर नागरिकों द्वारा आवासीय क्षेत्र में डेयरी के चलते प्रदूषण और गंदगी की जनशिकायतों का त्वरित निदान किया।

# इसुजू आई-केयर मॉनसून कैम्प' 22 जुलाई से




पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

इसुज़ू मोटर्स इंडिया ने वाहन स्वामित्व का बेहतरीन और अतुलनीय अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के साथ पूरे देश में 'इसुज़ू आई केयर मॉनसून कैम्प' की घोषणा की है। इसुज़ू डी-मैक्स पिक-अप और एवयूवी के लिए डिज़ाइन किए गये ये शिविर पूरे देश में इसुज़ू वाहन मालिकों को आकर्षक लाभ और प्रिवेंटिव मेंटेनेंस जाँच प्रदान करेंगे। इसुज़ू केयर द्वारा 22 से 28 जुलाई 2024 (ये दोनों दिन भी शामिल) के बीच सभी अधिकृत इसुज़ू डीलर सर्विस आउटलेट्स पर एक मॉनसून कैम्प लगाया जा रहा है। इस अवधि में ग्राहकों को उनके वाहनों के लिए विशेष आफर और लाभ दिये जा रहे हैं। इस शिविर में आने वाले ग्राहकों को मुफ़्त 37-पॉइंट विस्तृत जांच , लेबर पर 10 प्रतिशत की छूट, पार्ट्स पर 5 प्रतिशत की छूट, ल्यूब और फ्लूइड पर 5 प्रतिशत की छूट, रिटेल आरएसए ख़रीद पर 10 प्रतिशत की छूट, मुफ़्त आरईजीईएन जैसे लाभ प्राप्त होंगे एवं नियम व शर्तें आवश्यकतानुसार लागू होंगी । 'मानसून कैम्प' रायपुर सहित अहमदाबाद, बारामूला, बेंगलुरु, भाण्डुप, भुज, चेन्नई, कोयंबतूर, दिल्ली, दीमापुर, दुर्गापुर, गांधीधाम, गोरखपुर, गुरुग्राम, गुवाहाटी, हुबली, हैदराबाद, इंदौर, ईटानगर, जयपुर, जैगांव, जम्मू, जालंधर, जोधपुर, करनाल, कोची, कोल्हापुर, कोलकाता, कुरनूल, लखनऊ, एलबी नगर हैदराबाद, लेह, मदुरई, मण्डी, मैंगलोर, मेहसाणा, मोहाली, मुंबई, नागपुर, नासिक,नोयडा, नेल्लौर, पुणे, राजामुंदरी, राजकोट, सिलीगुड़ी, सूरत, त्रिचूर, तिरूपति, त्रिची, त्रिवेंद्रम, वडोदरा, विजयवाडा, और विशाखापतनम में इसुज़ू के अधिकृत सर्विस केंद्रों में लगाये जाएँगे।

# भिलाई में आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की दूसरी शाखा खुली



पायनियर संवाददाता ‹ भिलाई
www.dailypioneer.com

आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने भिलाई-पदुम नगर शाखा के उद्घाटन के साथ छत्तीसगढ़ में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह छत्तीसगढ़ में एएचएफएल की 11वीं शाखा है। इस लॉन्च के साथ एचएफसी ने भिलाई एवं छत्तीसगढ़ में ऋण को आसान और सुलभ बनाने का लक्ष्य तय किया है। इससे पहले कंपनी दुर्ग में अपनी शाखा के माध्यम से शहर को अपनी सेवाएं प्रदान कर रही थी। इस अवसर पर एएचएफएल ने पावन गंगा जी टॉवर पर उद्घाटन समारोह का आयोजन किया, जिसमें आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ ऋषि आनंद मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, साथ ही कंपनी के अन्य प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। देश भर के कई राज्यों में 523 शाखाओं के साथ एएचएफएल अर्द्ध-शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में एलआईजी/ ईडब्ल्यूएस वर्गों के लिए ऋण को सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि उन्हें घर खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। अकेले छत्तीसगढ़ में रु 400 करोड़ के एयूएम के साथ एएचएफएल राज्य के अधिक से अधिक लोगों को घर खरीदने में सक्षम बना रही है।

# रामगढ़िया सेवक सभा महिला विंग के द्वारा सावन उत्सव



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया भवन , टाटीबंध में बड़े ही हर्ष उल्लास से पंजाबी पारंपरिक वेशभूषा में फैशन वॉक, संगीत डांस और पकवान के साथ मनाया गया। एक खास एक्ट पुरातन समय के मेहंदी-संगीत के कार्यक्रम को महिला विंग द्वारा स्टेज पर प्रस्तुत किया गया। समाज के बड़ी उम्र के लोगों ने अपना वक्त याद किया और नई पीढ़ी को गए वक्त से अवगत कराया गया। साथ शॉपिंग स्टॉल्स का भी सब ने आनंद लिया। महिला विंग के BODs हरशरण कौर, बलविंदर कौर, कुलदीप कौर, जसबीर भुई, कमलजीत कौर, संजीत कौर, बलजीत बच्चू, नरेंद्र कौर, प्रदीप कौर( अध्यक्ष), अंशु राणा, नीतू भुई, कवलजीत कौर (सोनू), जसविंदर कौर, सिमरन कौर, जीत कौर, मंजू भामरा, स्वीटी सग्गू, रूबल रिहल, मोना और रोमा विरदी के साथ बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मोहर्रम का त्यौहार सादगी से मनाया गया

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com



हजरत मोहम्मद साहब के नवासे एवं हजरत अली के बेटे इमामे हुसैन के पूरे परिवार द्वारा हक और इंसाफ के लिए दी गई कुर्बानी को याद करते हुए मुस्लिम समाज के द्वारा सादगी पूर्वक मोहर्रम का त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर बनाये गए शाही ताजिया में मुस्लिम समाज के अलावा अन्य समाज के लोगों ने भी माथा टेक कर सभी के लिए अमन-चैन की दुआ मांगी। मुस्लिम जमात सरायपाली के अध्यक्ष शाहिद हुसैन ने बताया कि लगभग 1400 वर्ष पूर्व दसवीं मोहर्रम को कर्बला के मैदान में इमामे हुसैन एवं उनके 72 साथियों को शहीद कर दिया गया था। उनकी इस कुबार्नी की वजह से पूरे विश्व के मुस्लिम जन 10 दिनों तक उनकी याद में अपने शहरों व गांवों में उनके बताए हुए बातों का जिक्र करते हैं और उनके बताए मार्ग पर चलने की कोशिश करते हैं। इसी माह से प्रतिवर्ष इस्लामिक नये वर्ष की शुरूवात भी होती है। इसी कड़ी में दसवें मोहर्रम को मस्जिद में सुबह 9.30 बजे एक विशेष नमाज अदा की गई, जिसे आशुरा की नमाज कहते हैं। उसके बाद पूरे मुल्क में अमन-ओ-शांति और खुशहाली की दुआ मांगी गई एवं कब्रिस्तान जाकर कुरआन शरीफकी तिलावत करके फातिहा देकर सभी मरहूमों को याद किया गया। दोपहर 3 बजे मदरसा निजामिया में जिक्रे शोहदाए कर्बला की महफिल में जौनपुर उत्तर प्रदेश से आये हुए मेहमान हजरत अल्लामा मौलाना नसीम रजा चतुर्वेदी साहब के द्वारा हजरत इमामे हुसैन की जीवनी पर आखिरी तकरीर की गई। उक्त कार्यक्रम विगत 10 दिनों से प्रतिदिन रात्रि के समय चल रहा था, जिसका कल समापन हुआ। उनके साथ ही पूरे दस दिनों तक मौलाना अब्दुस्सत्तार अशरफी भी मौजूद रहे। इसके पूर्व रहनुमा कमेटी के अध्यक्ष आबिदा खानम की अध्यक्षता में समाज के महिलाओं द्वारा प्रतिदिन 10 दिनों तक मदरसा निजामिया में हजरत इमामे हुसैन की याद में कुरआन ख्वानी की गई।

## ताजिया पर माथा टेक कर मांगी अमन चैन की दुआ

मोहर्रम के अवसर पर पूर्व विधायक राजा देवेन्द्र बहादुर सिंह अपने परिवार व पुत्रों कुमार आदित्येन्द्र बहादुर सिंह एवं यशवेन्द्र बहादुर सिंह के साथ मदरसा निजामिया में शाही ताजिया पर माथा टेकने पहुँचे। सिंह ने ताजिया पर नारियल चढ़ाकर सरायपाली, बसना क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में अमन चैन के लिए दुआ मांगी। उन्होंने सामाजिक जनों से अपने पुत्रों का परिचय करवाया और विभिन्न मुद्दों पर समाज हित के लिए चर्चा की। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस नेता अब्दुल नईम लखानी, विजय साहू, बाबू भाई जमील हुसैन, शेख वहीद नियारिया, जनाब खान, इसराइल खान, तबारक हुसैन, अय्युब हुसैन, कय्युम हुसैन, शहादत हुसैन, मुकीम हुसैन, आबिद हुसैन, मो. जाहिद रजा, आफताब हुसैन, फारूख हुसैन, शकील हुसैन, अल्ताफ हुसैन, अनीस हुसैन, अल्जार हुसैन, अरबाज हुसैन, अन्शाद हुसैन, अजमल हुसैन, अजमत हुसैन, अल्काश हुसैन, मो. शहीर सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे। ज्ञात हो कि विगत कई वर्षों से राजमहल सरायपाली की ओर से मुजावर अय्यूब हुसैन व उनके परिवार के द्वारा प्रतिवर्ष स्व. वीरेन्द्र बहादुर सिंह व स्व. महेन्द्र बहादुर सिंह के नाम से जुड़वां ताजिया बनाया जाता है।

# छत्तीसगढ़ में पत्रकारिता में अनेक संभावनाएं अग्रसेन महाविद्यालय है श्रेष्ठ विकल्प

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में विकास और ई-गवर्नेंस का क्षेत्र हाल ही में एक नया उदाहरण बना है, जिसका मुख्य आधार नई नीतिगत व्यवस्था, परिवर्तित व्यवसाय परिवेश और वैश्वीकरण है। इन समसामयिक स्थितियों के कारण पत्रकारिता की प्रासंगिकता व्यापक रूप से बढ़ गई है। पत्रकारिता के बढ़ रहे महत्त्व को देखते हुए, कई मीडिया संस्थाएं और शैक्षिक संस्थाएं स्थापित हो रहे हैं। मीडिया समाज तथा शासन का वास्तविक दर्पण बन गया है जिससे पत्रकारिता में रोजगार की अपार संभावनाएं उत्पन्न हो गई हैं ।पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय में वर्ष 2007 से पत्रकारिता पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। विषय के अध्यापन के साथ यहां प्रैक्टिकल भी करवाया जाता है। ये महाविद्यालय रायपुर का एकमात्र महाविद्यालय है जहां स्वयं का अत्याधुनिक इंटरनेट रेडियो स्टेशन 'अग्रवाणी' और न्यूज स्टूडियो छात्रों के प्रैक्टिकल के लिए उपलब्ध है। अग्रसेन महाविद्यालय में संचालित पत्रकारिता पाठ्यक्रम के अन्तर्गत बीए जर्नलिस्म ,पीजी डिप्लोमा इन जर्नलिस्म, बी एस सी इन इलेक्ट्रानिक मीडिया की शिक्षा दी जा रही है महाविद्यालय परिसर की बात की जाए तो शिक्षा के लिए पर्याप्त कक्षाएं, खुला वातावरण, लाइब्रेरी कैंटीन की सुविधा उपलब्ध है । यहां से अध्ययन करके निकले छात्र विभिन्न संचार माध्यमों में उच्च पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं । पत्रकारिता में करियर एक प्रभावी विकल्प है और कुछ मामलों में एक उच्च वेतन देने वाला व्यवसाय भी । इसी खूबी के कारण बड़ी संख्या में युवा इसकी तरफ आकर्षित हो रहे हैं। पत्रकारिता में अध्ययन करने वाले छात्रों के पास नीजि एवं सरकारी दोनों क्षेत्रों में रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं।

# सलधा में श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज का प्रथम चातुर्मास व्रत 21 जुलाई से

**रायपुर/बेमेतरा।** आषाढ़ पूर्णिमा ( गुरू पूर्णिमा)21 जुलाई को गुरू व्यास पूजा, स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंदः सरस्वती जी महाराज का प्रथम चातुर्मास व्रत सलधा में प्रारंभ होगा।



यह जानकारी देते हुए सपाद लक्षेश्वर धाम निर्माण सेवा समिति सलधा के पदाधिकारियों ने बताया प्रतिदिन प्रातः 7 से 9 दैनिक पूजन, सायं 3 से 5 सत्संग प्रवचन।पूरे श्रावण मास में प्रतिवर्ष की भांति प्रातः 8 से रात्रि 8 तक कई पारियों में रूद्राभिषेक का आयोजन होगा। आप और सबको सूचित कर देंगे।सपाद लक्षेश्वर धाम निर्माण सेवा समिति ने श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

# विधायक संदीप साहू ने सरवाडीह में प्राथमिक शाला अतिरिक्त भवन का लोकार्पण किया



**लवन।** कसडोल विधानसभा के तहसील लवन अंतर्गत ग्राम सरवाडीह (कोलिहा) में प्राथमिक शाला में निर्मित अतिरिक्त भवन का शुक्रवार लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था जिसमे मुख्य अतिथि कसडोल विधायक संदीप शामिल हुए इस दौरान उन्होंने प्राथमिक शाला में नव निर्मित अतिरिक्त कक्ष भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास मेरी प्राथमिकता में है बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा मिले इसके लिए संसाधन भी जरूरी है अच्छे संसाधन से ही शिक्षा का विकास होता है वही शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया इस अवसर पर,देवीलाल बार्वे, कोमल वर्मा, रूपचंद मनहरे,बीरेंद्र बहादुर कुर्रे, ,सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शिक्षक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# विशाल नि :शुल्क स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन

**सरायपाली।** स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, एस.एम.सी. सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर एवं सुन्नी मुस्लिम जमात, सरायपाली के संयुक्त तत्वावधान में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का आयोजन 21 जुलाई 2024, रविवार को अग्रवाल धर्मशाला में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। शिविर में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अखिल जैन (हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. सौरभ धरे (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. संजय कुमार अग्रवाल (पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ) और डॉ. योगेश राज सिंह (हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ) अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर में हृदय रोग, पेट रोग, लिवर, हड्डी रोग, अस्थि रोग, हर्निया, पाइल्स, पित्त थैली की पथरी जैसी बीमारियों पर विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध होगा।

IndiaShelter Home Loans
इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः 6वीं मंजिल, प्लॉट नं. 15, सेक्टर-44, गुरुग्राम - 122002, हरियाणा

सार्वजनिक सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड ("इंडिया शेल्टर") जिसकी रायपुर शाखा "स्काईपार्क, भांटिया नर्सिंग होम के सामने, रवि नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001" में है, जिसे दिनांक 20-10-2024 से बंद किया जा रहा है और उसके बाद हम बेहतर स्थान और बेहतर ग्राहकों से संपर्क प्राप्त करने के लिए रायपुर में अपनी अन्य शाखा के साथ काम करेंगे।

हालाँकि, हम आपको आश्वस्त करते हैं कि इससे आपके खाते की सेवा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और ऋण खाते से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए, आप हमारे टोल -फ्री नंबर 1800-572-8888 पर संपर्क कर सकते हैं।

इसके अलावा, हमने श्री रूपक गुमान सिंह को स्थानीय सेवा प्रदाता के रूप में नामित किया है। उनसे इंडिया शेल्टर, शाखा रायपुर, संपर्क नं. 8823041000 पर संपर्क किया जा सकता है।

हम आश्वासन देते हैं कि आपको हर समय सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

किसी भी प्रश्न के लिए कृपया ऊपर दिए गए संपर्क नंबर पर हमारी शाखा से संपर्क करें।

इंडिया शेल्टर के लिए एवं उसकी ओर से
दिनांक: 20-07-2024

# ओला इलेक्ट्रिक ने 25,000 रुपये तक की बचत के साथ आकर्षक डील्स पेश की

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

ओला इलेक्ट्रिक अपने ओला एस1 स्कूटरों की खरीद पर 25,000 रुपये तक के आकर्षक बेनफिट्स प्रदान कर रहा है। 22 जुलाई तक लागू इन ऑफरों में एस1 एक्स+ पर 10,000 रुपये और एस1 प्रो एवं एस1 एयर पर 5,000 रुपये का फ्लैट डिस्काउंट दिया जा रहा है। इसके अलावा कंपनी चुनिंदा क्रेडिट कार्ड ईएमआई पर ग्राहकों को 5,000 रुपये तक का अतिरिक्त डिस्काउंट भी दे रही है। इन ऑफ़रों के अलावा ग्राहकों को ईएमपीएस 2024 के अंतर्गत 10,000 रुपये की सब्सिडी भी मिलेगी। इन आकर्षक ऑफरों का लाभ उठाने के लिए ग्राहकों को कीमतें बढ़ने से पहले ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदकर उसे रजिस्टर कराना होगा।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK
एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना ]

जबकि, अद्योहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060721703032, जय कृषि केन्द्र जरिये प्रोपराइटर लोमेश कुमार, लोमेश कुमार ( सहऋणी ) | 12-जनवरी-24 ₹ 17,36,962/- सत्रह लाख छत्तीस हजार नौ सौ बासठ रूपये मात्र 10-जनवरी-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पीएच नं. 55, खसरा नं. 1954, मौजा केशरा, आरएनएम पाटन, तहसील पाटन, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1435.18 वर्गगज, पूर्वः भगवती वर्मा की भूमि, पश्चिमः रोड, उत्तरः घनश्याम की भूमि, दक्षिणः संतोष सिन्हा की भूमि | 18-जुलाई-24 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060721808007, रूपेश कुमार धुरंधर ( ऋणी ), ओमप्रकाश धुरंधर ( सहऋणी ), अश्वनी कुमार धुरंधर ( सहऋणी ) | 12-अप्रैल-24 ₹ 15,41,742/- पन्द्रह लाख इकतालीस हजार सात सौ बयालीस रूपये मात्र 12-अप्रैल-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 398/17, पीएच नं. 100, ग्राम रेवाभाटा, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 122.21 वर्गगज, पूर्वः साहु की भूमि, पश्चिमः पटेवा की भूमि, उत्तरः रोड, दक्षिणः मफूमदार | 15-जुलाई-24 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060120286161, मदन लाल वर्मा ( ऋणी ), दीपा कुमार वर्मा ( सहऋणी ) | 12-जनवरी-24 ₹ 4,20,337/- चार लाख बीस हजार तीन सौ सैंतीस रूपये मात्र 10-जनवरी-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 305/2 305/8, पीएच नं. 35/2, वार्ड नं. 17 ममतानगर, ग्राम मोतीपुर, तहसील एवं जिला राजनंदगांव, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 0. 006 हैक्टैयर, पूर्वः देवांगन का प्लॉट, पश्चिमः नवागांव बॉर्डर, उत्तरः रोड, दक्षिणः इतवन बाई का मकान | 18-जुलाई-24 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060126721681, हैदर अली पठान ( ऋणी ), श्रीमती जाहिदा बेगम ( सहऋणी ) | 15-फरवरी-24 ₹ 4,95,161/- चार लाख पिच्यानवे हजार एक सौ इकसठ रूपये मात्र 12-फरवरी-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 1336/3, पीएच नं. 05, ग्राम पंचायत भारदा कलां, राजनंदगांव, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1076.39 वर्ग फीट, पूर्वः रोड, पश्चिमः रमानु की भूमि, उत्तरः अन्नू सारथी, दक्षिणः शंकर लाल | 18-जुलाई-24 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060121494902, सिया साडी ( ऋणी ), मोहित वर्मा ( सहऋणी ), रामसिंह वर्मा ( सहऋणी ) | 15-फरवरी-24 ₹ 1,99,301/- एक लाख निन्यानवे हजार तीन सौ एक रूपये मात्र 12-फरवरी-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 815/46, पीएच नं. 14, ग्राम केवली, तहसील खंडेसरा, जिला बेमेतरा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 603 वर्ग मीटर | 18-जुलाई-24 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060117685415, असकरन देवांगन ( ऋणी ), श्रीमती गायत्री देवांगन ( सहऋणी ) | 10-अप्रैल-24 ₹ 6,62,454/- छः लाख बासठ हजार चार सौ चौवन रूपये मात्र 08-अप्रैल-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित ग्राम पंचायत मकान नं. 196, वार्ड नं. 15 399/3 सारंगपाल कांकेर, कांकेर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 484.38 वर्ग गज | 18-जुलाई-24 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती हैं कि अद्योहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया तथा सर्व साधारण को सामान्यतया एतद द्वारा सम्पत्तियों के साथ काई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती हैं। और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।
दिनांक: 19/07/2024
स्थान: छत्तीसगढ
प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

# रायपुर स्मार्ट सिटी एमडी अबिनाश मिश्रा ने किया प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण

■ विलंब पर एजेंसियों के विरूद्ध होगी कड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com





प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने स्मार्ट सिटी मिशन के तहत खो-खो और महाराजबंध तालाब में बन रहे एस.टी.पी. सहित 24×7 पेयजल आपूर्ति हेतु बिछाई जा रही पाइप लाइन कार्य योजना व बूढ़ा तालाब के समीप बन रहे चौपाटी का निरीक्षण भ्रमण किया। मिश्रा ने इस दौरान पुरानी बस्ती में पंकज गार्डन के समीप संचालित हमर अस्पताल पहुंच मार्ग का भी निरीक्षण किया एवं निगम अधिकारियों से मार्ग में जरूरी सुविधाएं तुरंत करने के निर्देश दिए। जलापूर्ति की 24×7 योजना के निरीक्षण के दौरान आम नागरिकों के घरों पर जाकर जल आपूर्ति की मात्रा, गुणवत्ता व स्थापित स्मार्ट मीटर की भी जांच की। स्मार्ट सिटी अधिकारियों ने निर्माणाधीन शास्त्री मार्केट, मटन मार्केट का भी निरीक्षण कर एजेंसियों को विस्तृत दिशा निर्देश दिए। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर विकास योजना अंतर्गत संचालित प्रगतिरत योजनाओं के निरीक्षण के दौरान महाराजबंध तालाब में निर्माणाधीन एस.टी.पी. कार्य में विलंब पर नाराज़गी जाहिर करते हुए तय समय सीमा पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। स्मार्ट सिटी अधिकारियों से कहा है कि प्रतिदिन कार्य का प्रगति प्रतिवेदन तैयार करें एवं अनावश्यक विलंब पर एजेंसी के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाए। उन्होंने एजेंसियों से भी कहा है कि गुणवत्ता या कार्य में विलंब की शिकायत पर अनुबंध निरस्त करने की कार्यवाही भी की जाएगी। इस दौरान स्मार्ट सिटी सी.ओ.ओ. उज्जवल पोरवाल, महाप्रबंधक (ई. एंड टी.) पी.के. पंचायती, जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, अतिरिक्त महाप्रबंधक (तकनीकी) इमरान खान सहित नगर निगम व स्मार्ट सिटी के अभियंता उपस्थित थे।

## मोवा बाजार चौक रायपुर का नामकरण शहीद भरत लाल साहू चौक करने का निर्णय



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने शहीद भरत लाल साहू की स्मृति को अक्षुण्ण रखते हुए मोवा बाजार चौक रायपुर का नामकरण उनके नाम से शहीद भरत लाल साहू चौक करने का निर्णय लिया है। गौरतलब है कि एसटीएफके आरक्षक भरत लाल साहू 17 जुलाई को बीजापुर जिले के मंडीमरका के जंगल में सर्चिंग के दौरान माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने की वजह से शहीद हो गए थे। शहीद भरत लाल साहू रायपुर के मोवा बाजार के रहने वाले थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं मंत्रिपरिषद के सहयोगियों ने शहीद भरत लाल साहू को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही उनकी स्मृति में मोवा बाजार चौक रायपुर का नामकरण शहीद भरत लाल साहू चौक किए जाने का निर्णय लिया है।

# गीदम बीईओ के कार्यशैली से शिक्षक वर्ग में नाराजगी



पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

यूं तो सरकार के बदलने के बाद अनेक सरकारी अंगदों के पैर उखड़े लेकिन गीदम के विवादास्पद खंड शिक्षा अधिकारी जमे हुए हैं। नाम नहीं छापने की शर्त पर ब्लॉक के अधिकांश शिक्षक इनके कार्यशैली से बेहद नाराज हैं.पुष्ट जानकारी मिली है कि ये सरकारी अधिकारी अलसुबह निरीक्षण के नाम पर स्कूल पहुंच जाते हैं और उपस्थित शिक्षक को स्पष्टीकरण थमा देते हैं यदि किसी कारण से शिक्षक स्कूल में नहीं होते हैं तो बड़ा भुगतान करना होता है. बिना लेनदेन के ये स्पष्टीकरण वापस नहीं लेते। यदि इनके विषय में विभाग चाहे तो गुप्त जांच करा सकता है. यह बताना जरुरी है कि छोटे विषयों पर भी इनके द्वारा शिक्षकों को प्रताड़ित किया जाता है। सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि इन पर भी वर्तमान सरकार का संरक्षण है। सामान्यतः दो तीन वर्षो में इन पदों में बदलाव देखा जाता है लेकिन ये लंबे समय से जमे हैं इन्हें मूल पद पर वापस भेजने की दरकार है। दंतेवाड़ा में हालात कमोबेश ऐसे ही हैं जहां बीआरसी को थोप दिया गया है तो बीईओ भी कुर्सी में जम गए हैं।

## सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए करें सभी आवश्यक उपाय : सांसद

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

सांसद महेश कश्यप की अध्यक्षता में इन्द्रावती सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। सांसद ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए दुर्घटना जन्य क्षेत्रों में बड़े.बड़े संकेतंक बोर्ड लगाने, स्पीड़ ब्रेकर, रेडियम, सीट बेल्ट, हेलमेट, आवारा पशुओ को सड़क से हटाने, यातायात नियमों का पालन के लिए जनजागरूकता सहित सभी आवश्यक उपाए करने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने लोक निर्माण, राजस्व, नगर पंचायत, शिक्षा एवं यातायात पुलिस के समन्वय से सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी किशन मोहर ने प्रस्तुतीकरण के जरिए जिले के दुर्घटना संभावित चौराहों-तिराहों, मोड़, संकीर्ण पुल-पुलिया आदि की जानकारी दी तथा दुर्घटना रोकने के उपायों की जानकारी दी। गति अवरोधक, रम्बल स्ट्रीप लगाने एवं रोड मार्किंग, संकीर्ण पुल का चौड़ीकरण सहित सड़कों से अतिक्रमण हटाने, अवैध पार्किंग पर कार्यवाही करने की आवश्यकताओं पर जोर दिया। बैठक में जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहूर रावतिया सहित जिला एवं जनपद पंचायत के सदस्यगण एवं जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# किसान तुलेचंद को उद्यानिकी फसल से मिल रहा आर्थिक लाभ

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिले के ग्राम पंचायत महिमागवाड़ी निवासी तुलेचंद पिता हिरद जाति सामान्य है, जो खेती किसानी करके अपने एवं परिवार का पालन पोषण कर जीवन यापन कर रहे थे। जब उनको उद्यानिकी विभाग की संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी मिली। विभागीय योजनाओं के विस्तार से जानकारी लेने के बाद उन्होंने उद्यानिकी के क्षेत्र में कार्य करना शुरू किया। धीरे-धीरे उनकी मेहनत और विभागीय योजनाओं से मिले लाभ का नतीजा सामने आने लगा है और आज लाखों रुपये का मुनाफा कमा रहे हैं। तुलेचंद ने 1 हेक्टेयर रकबा में उन्नत तकनीक से करेला, टमाटर, भिण्डी का ड्रिप के माध्यम से सिचाई एवं जैविक फसल प्रबंधन एवं उन्नत बीज का प्रयोग किया, जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई। किसान तुलेचंद को अब धान्य फसलों की तुलना में वर्षभर में तीन से चार गुना अधिक आय प्राप्त हो रहा है। तुलेचंद ने बताया कि वह उद्यानिकी विभाग से जुड़ने से पहले परम्परागत खेती करता था, जिससे उसे ज्यादा मुनाफा नही होता था। वर्ष 2022-23 में उसे संरक्षित खेती शेडनेट हाउस निर्माण की जानकारी मिली, जिससे उनको 50 प्रतिशत अनुदान पर 2000 वर्ग मीटर में शेडनेट हाउस प्राप्त हुआ। उन्होने बताया कि अब वह शेडनेट हाउस में टमाटर, भिण्डी एवं करेला की फसल कर रहा है, जिसमें वह अब लगभग 50 हजार रूपये से अधिक आय प्राप्त कर रहा है। तुलेचंद ने बाताया कि अब तक वह 2 लाख रूपये तक की बिक्री किया है, जिसमें तुलेचंद को शुद्ध 1 लाख 50 हजार रूपये की आमदनी प्राप्त हुआ है। तुलेचंद ने बताया कि शेडनेट हाउस की खेती से उसे अच्छी आमदनी प्राप्त हो रहा है और उनकी घर की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है।

## अबकारी पुलिस द्वारा 4 पेटी मिलावटी शराब पकड़ा गया

**भाटापारा।** अबकारी विभाग को गश्त के दौरान मिलावटी शराब मिलने के सूचना के आधार पर ग्राम दतरेंगी में 12 जुलाई के तारीख को अबकारी उपनिरीक्षक दिनेश कुमार साहू के नेतृत्व में नग 134 पाव गोवा (3 पेटी) पकड़ा गया जिसमें ढक्कन व गोवा का रेपर अलग रखा था। आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रदेशी राम वर्मा को गिरफ्तार किया गया है वही सिमगा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रिंगनी में अबकारी उप निरीक्षक देवनंदन टंडन के नेतृत्व मे 18 जुलाई को गोवा के 1 पेटी मिलावटी शराब के साथ पकड़ा गया है जिसके मुख्य आरोपी राजकुमार वर्मा व ददन शाह बताया गया हैं उक्त मामले मे अबकारी अधिनियम के अंतर्गत 1915 की धारा 34(2) 59क धारा 36 लगाया गया है।

# मोटर सायकल चोरी करने वाले युवक को बोधघाट पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com



बस्तर-पुलिस अधीक्षक, शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस के द्वारा अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मोटर सायकल चोरी करने वाले युवक पर कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। ज्ञात हो कि थाना बोधघाट में प्रार्थी मुकेश कुमार मीणा को रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 11.07.24 एवं 12.07. 24 के दरमियानी रात में कोई अज्ञात चोर के द्वारा उसके निवास स्थान रेलवे कॉलोनी से उसके मोटर सायकल क्रमांक CG 17 KB 1525 किमती 12,000/- रु. को चोरी कर ले गया है, रिपोर्ट पर तत्काल पुलिस अधीक्षक,शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में अति. पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में तत्काल कार्यवाही हेतु टीम तैयार किया गया था। उक्त टीम के द्वारा घटना स्थल के आसपास के सीसी टीव्ही फुटेज तथा टावर डंप का बारीकी से अध्यन कर उक्त आरोपी छोटू बघेल उर्फ़ डमरू बघेल पिता मनबध को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जा से चोरी की गई मोटर सायकल को जप्त किया आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है।

## अंचल के गांवों में पहुंचकर पढ़ाई के लिए प्रेरित कर रहे अभाविप कार्यकर्ता

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला कबीरधाम सेवा कार्य आयाम के तहत् वनांचल में सेवा कार्य प्रारंभ किया इसके तहत् वनांचल बैगा जनजाति परिवारजनों के समक्ष लगातर पहुंचकर पढ़ाई करने वाले बालक बालिकाओं को अध्ययन सामाग्री जैसे कापी पेन बैग पेंसिल एवं अन्य पठन पाठन सामाग्री भेंट किया जा रहा है। बीते कल छिदीडीह, खाम्ही, कुई कुकदूर के बच्चों को पाठ्य सामग्री भेंट किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला कबीरधाम द्वारा लगातार तिज त्यौहार के अवसर पर वनांचल ग्राम पहुंचकर सेवा कार्य करते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य वनांचल में निवासरत उन परिवारों तक पहुंचना जहां सेवा और सुविधा शिक्षा ग्रहण करने की सामग्री के अभाव के कारण को भी विद्यार्थी शिक्षा से वंचित न हो पाए इसके लिए लगातार विद्यार्थी परिषद वनांचल में अपना सेवा कार्य दे रही है। अभाविप के प्रदेश सहमंत्री तुषार चन्द्रवंशी ने बताया कि अभाविप लगातार सेवा कार्य के माध्यम से शिक्षा का माहौल अच्छा होगा तो वनांचल में रहने वाले बच्चे अपने आप सही रास्ते पर चल पड़ेंगे। काफी समय विद्यार्थी परिषद की कार्यकर्ताओं का लगातार प्रयास रहता है कि कोई भी विद्यार्थी शिक्षा से वंचित न हो जिसके लिए हम लगातार वनांचल में सेवा कार्य कर रहे हैं। समाज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सक्रिय विद्यार्थी परिषद स्वयं को मात्र छात्र हितों तक सीमित नहीं रखाता समाज के हर वर्ग तक निरंतर पहुंच सके इसके लिए सशक्त प्रयास हमेशा करता रहता है।

# कलेक्टर और प्रभारी पुलिस अधीक्षक ने दी शहीद आरक्षक सत्तेर सिंह को श्रद्धांजलि





पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिला बीजापुर, दंतेवाड़ा एवं सुकमा के मध्य सीमावर्ती एरिया में लगातार दरभा डीवीजन, पश्चिम बस्तर डिविजन व मिलेट्री कंपनी न0 2 के माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना प्राप्त होने पर दिनांक 16 जुलाई को संयुक्त अभियान पर उक्त जिलो से एसटीएफ, डीआरजी, कोबरा और सीआरपीएफ की टीम विशेष अभियान में गई थी। अभियान के 17 जुलाई को रात्रि 10 बजे थाना तर्रेम एरिया में मंडीमरका के जंगलों में आईईडी विस्फोट से एसटीएफ बल के 02 जवान शहीद व 04 जवान घायल हो गये है, जिसमें आरक्षक सत्तेर सिंह निवासी ग्राम बम्हनी, जिला नारायणपुर शहीद हो गए हैं। शहीद आरक्षक सत्तेर सिंह को कलेक्टर बिपिन मांझी और प्रभारी पुलिस अधीक्षक शंकर बघेल द्वारा ग्राम बम्हनी पहुंच कर श्रद्धांजी दिया गया।

## परिसीमन को लेकर अपनी नाराजगी जताते लिखित में आपत्ति दर्ज कराई

# नगर पालिका वार्ड परिसीमन को लेकर कांग्रेस जनों ने हल्ला बोला

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



आगामी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर शासन स्तर पर शुरुवाती तैयारी चालू हो गई है,जिसके लिए निकाय के सभी वार्डो में मतदाताओं की संख्या बराबर रखने सहित रेलवे ब्रिज, सड़क पार ना करते हुए मतदाताओं की संख्या बराबर रखने के स्पष्ट निर्देश के बाद भी शहर में पालिका द्वारा किए गए परिशमन को नियम विरुद्ध बताते हुए नगर के कांग्रेस जनों ने गुरुवार को एस डी एम कार्यलय पहुंच कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है।इस दौरान लगभग 2 घंटे तक वहा गहमा गहमी का माहौल था। वही एसडीएम ने शिकायत की गंभीरता को लेकर पालिका के परिसीमन नोडल अधिकारी अजय नायडू को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए शुक्रवार को नोटिस का जवाब देने का निर्देश दिया है।

उपरोक्त संबंध में जानकारी अनुसार स्थानीय कांग्रेसजनों ने गुरुवार को विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में एस डी एम कार्यलय पहुंचकर शासन के स्पष्ट निर्देश के बाद भी गलत तरीके से हुए वार्डो के परिसीमन को लेकर अपनी नाराजगी जताते लिखित में आपत्ति दर्ज कराई है। शिकायत कताओं का कहना है वार्ड परिसीमन में शासन के द्वारा दी गई गाइड लाइन को दर किनार करते हुए अपनी मर्जी से वार्डो का परिसीमन कर दिया गया है।इन परिसीमन को देखने के बाद किसी वार्ड के मतदाताओं की संख्या मात्र 1000 है तो वही दूसरे वार्डो की जनसंख्या 1600 तो किसी वार्ड में 2000 से ऊपर भी है।आपत्तिकताओं का ये कहना है कि अनेको वार्डो के लोगो को सड़क पार करते हुए अपनी मर्जी से दूसरे वार्ड में जोड़ा गया,वही रेलवे के वार्ड के लोगो को भी विभाजित कर आधा आधा कर दिया गया ।शिकायत कताओं के मुताबिक 1 नंबर वार्ड में सड़क क्रॉसिंग कर वार्ड नंबर 8 के लोगो को जोड़ दिया गया। वार्ड नंबर 10 के हिस्से को वार्ड नंबर 13 में जोड़ा गया। वार्ड नंबर 12 के हिस्से को वार्ड नंबर 16 में जोड़ा गया। 14 नंबर वार्ड के हिस्से को सड़क क्रॉस कर 19 नंबर वार्ड में,वार्ड नंबर 16 और 17 का हिस्सा को वार्ड 21 में, 29 नंबर वार्ड के हिस्से को सड़क और रेल क्रासिंग कर वार्ड नंबर 31 में उसी तरह वार्ड नंबर 30 के हिस्से को सड़क और रेल क्रासिंग कर 29 नंबर वार्ड में जोड़ दिया गया है, जो बिल्कुल ही शासन की गाइड लाइन का उल्लंघन है। इस संबंध विधायक इंद्र साव ने कहा कि नियम विरुद्ध नगरीय क्षेत्रों का परिसीमन हुआ है,जिसकी लिखित में शिकायत और आपत्ति दर्ज करा दी गई है। इस परिसीमन को देखने के बाद ऐसा लगता है कि किसी के इशारे या बोलने पर बिना मौका गए अधिकारियों और मातहत कर्मियों ने परिसीमन तय कर दिया गया है। इस दौरान एस डी एम कार्यलय में लगभग 2 घंटे तक कांग्रेस जन और वार्ड वासी उपस्थित थे। वही कांग्रेस जनों के द्वारा की गई आपत्ति पर पालिका के नोडल अधिकारी अजय नायडू को एसडीएम ने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए शुक्रवार को जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

# बाढ़ से आवागमन बाधित



पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में मानसून दस्तक दे चुकी है प्रदेश के कई जिलों में भरी बारिश हो रही है, जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है। और लोगों को आवाजाही में समस्या हो रही है। ऐसा ही एक मामला बीजापुर का है, जहां बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी बाढ़ में फंस गए हैं। बाढ़ की वजह से कई गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से कट गया है। सभी ग्रामीण बाढ़ में फंसे हुए हैं। विधायक विक्रम मंडावी अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने को निकले थे। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उन्हें बाढ़ को ट्रेक्टर से पार करना पड़ा। जांगला के पास सुबह से नेशनल हाइवे जाम है, इधर चेरपाल नदी में बाढ़ के चलते दर्जनों गांवों का संपर्क टूट गया है।

# फसल चक्र परिवर्तन के लिए अधिकारी कार्ययोजना बनाकर करें कार्य : कलेक्टर नम्रता गांधी

**गांवों में फसल चक्र अपनाने की जा रही पहल, परसतराई में आयोजित कृषक परिचर्चा सह कार्यशाला में शामिल हुईं कलेक्टर**

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com






जिले में गिरते हुए भूजल स्तर के मद्देनजर लोगों को जल संरक्षण की दिशा में प्रेरित करने के लिए जल जगार उत्सव सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन्हीं कार्यक्रमों में से एक है फसल चक्र परिवर्तन के लिए प्रोत्साहित करना। ग्रीष्मकालीन धान के बदलेफसल चक्र परिवर्तन के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज धमतरी विकासखण्ड के ग्राम परसतराई वासियों में किया गया। परसतराई के किसानो ने पूर्व में ही फसल चक्र अपनाने का फैसला लेकर अपने जीवन को खुशहाली की ओर अग्रसर कर लिया है। आज परसतराई में आयोजित कृषक परिचर्चा सह कार्यशाला में कलेक्टर नम्रता गांधी शामिल हुईं। इस दौरान जल संरक्षण, भूमि संरक्षण, पर्यावरणीय संरक्षण, फसल चक्र परिवर्तन, धान फसल लेने के नुकसान, दलहनी/तिलहनी फसल लेने के फायदे, कृषि पद्धतियां, वैज्ञानिक सुझाव एवं आंकलन, किसानों के अनुभव, कृषक प्रश्नोत्तरी इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर एसडीएम डॉ.विभोर अग्रवाल, एसडीएम नगरी पवन कुमार प्रेमी, एसडीएम कुरूद डीडी मंडावी, उप संचालक कृषि मोनेश साहू, सहायक संचालक उद्यानिकी डी.एस. कुशवाहा के अलावा सीईओ जनपद पंचायत सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संबोधित करते हुए कलेक्टर गांधी ने कहा कि परसतराई के किसानों ने फसल चक्र परितर्वन अपनाकर एक मिसाल पेश की है, जो कि सराहनीय है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आने वाले दिनों में परसतराई की तर्ज पर जिले के अन्य गांवों में भी धान के बदले दलहनी/तिलहनी और अन्य नगदी फसल लेने के लिए अभी से ग्रामीणों से सम्पर्क कर कार्ययोजना बना लें। इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, शिक्षकों, सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारियों सहित अन्य समुदायों को भी शामिल करें, जिससे गांवों में लोगों को आसानी से प्रेरित किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारीगांवों में सम्पर्क करने से पहले वहां की मिट्टी का परीक्षण जरूर कर लें, ताकि संबंधित मिट्टी अनुरूप दलहनी, तिलहनी और नगदी फसल के बीज तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना अनुसार ही खेती के लिए बीज की व्यवस्था कर लेने के निर्देश कलेक्टर ने दिए, ताकि फसल बोनी की तैयारी कर लेने के बाद किसानों को संबंधित दलहनी, तिलहनी और नगदी फसल के बीज की कमी ना हो। उन्होंने गांवों में जल संरक्षण की दिशा में किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी लें और विभिन्न समुदायों में इस कार्य विभाजित करने कलेक्टर ने अधिकारियों को कहा, ताकि ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। परसतराई में आयोजित कृषक परिचर्चा सह कार्यशाला में विद्यार्थियों ने फसल चक्र और जल संरक्षण संबंधी कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

## छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय में वेतन भुगतान का मामला

### नगर पंचायत कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर जताया अपना विरोध



पायनियर संवाददाता ◂ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत रामानुजगंज के कर्मचारियों के द्वारा प्रतिमाह वेतन नहीं मिलने के कारण संगठन के आवाहन कर काली पट्टी लगाकर शांतिपूर्ण ढग से अपना विरोध प्रदर्शन किया। गौर तलब है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में समय से वेतन भुगतान को लेकर हमेशा परेशानियों से होकर गुजरना पड़ता है। जबकि प्रत्येक माह सभी कर्मचारियों को वेतन मिलना चाहिए लेकिन ऐसा कभी भी नहीं होता कई महीनो तक वेतन नहीं मिल पाते हैं, जिसके कारण उन कर्मचारियों को आर्थिक स्थिति का सामना करना पड़ता है वही घर परिवार चलाने के लिए उधर के बोझ चले दबना पड़ता है। इन्हीं सभी मांगों को लेकर कर्मचारियों ने 18 जुलाई एवं 19 जुलाई 2024 को काली पट्टी लगाकर शांतिपूर्ण अपना विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों की मांग है कि प्रतिमाह शासन के द्वारा वेतन भुगतान किया जाए इसी बात को लेकर छत्तीसगढ़ शासन एवं प्रशासन का ध्यान आकर्षण कराने के लिए काली पट्टी लगाकर शांतिपूर्ण से अपना विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। नव नियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ बलरामपुर जिले के जिला अध्यक्ष अमित जायसवाल ने बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ में निकायों के अधिकारी कर्मचारी अगामी 22 जुलाई को एक दिवसीय कलमबंद हड़ताल शांतिपूर्ण तरीके से करेगें। व्ही 29 जुलाई 2024 को अनुमति प्राप्त होने पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से करेगें। जिसमें जिलास्तरीय अंदोलन में जिले के अधिकारी कर्मचारी हड़ताल में शामिल होगें। लेकिन उक्त हड़ताल अवधि में भीं निकायों के सभी मूलभूत सुविधा चालु रहेगी। विरोध प्रदर्शन के दौरान अजय कुमार गुप्ता जगरनाथ गुप्ता जगदीश राम संजय कश्यप प्रवीण कश्यप सहित अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## बूथों में रहने वाले त्रिदेव व उनकी टीम ही भाजपा के आधार स्तम्भ होते हैं जिनके भरोसे पार्टी को विजय मिलती है : नारायण चंदेल

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com





बूथों में रहने वाले त्रिदेव व उनकी टीम ही भाजपा के आधार स्तम्भ होते हैं जिनके भरोसे पार्टी को विजय मिलती है। ये बातें पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने विस्तृत जिला कार्यसमिति की बैठक में मुख्यवक्ता के रूप में कही। उदघाटन संभागीय प्रभारी अनुराग सिंहदेव ने विधायक पुन्नूलाल मोहले व भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया। अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित विस्तृत जिला भाजपा कार्यसमिति की बैठक में पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि चुनाव कोई भी हो लोकसभा, विधानसभा या स्थानीय निकाय,प्रत्येक चुनाव में मुख्य कार्य बूथ कमेटी के कार्यकर्ता जिनमें बूथ अध्यक्ष, इकाई अध्यक्ष और वोटर निकालने वाले कार्यकर्ता शामिल हैं ये ही असली कार्य करते हैं चंदेल ने इन्हें त्रिदेव की संज्ञा दी। उन्होंने पार्टी के आने वाले कार्यक्रमों एवं स्थानीय चुनाव के विषय मे भी मार्गदर्शन दिया। इससे पूर्व उदघाटन सत्र का शुभारंभ भारत माता,पं दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर अनुराग सिंहदेव एवं अतिथियों ने किया। अनुराग सिंहदेव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एक एक कार्यकर्ता पार्टी के प्रति पूरी निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करता है, केंद्र व राज्य शासन की योजनाओं को घर घर बताता है योजनाओं का लाभ जनता को दिलाकर पार्टी के लिए काम करता है। बूथ की जनता के लिए बूथ का कार्यकर्ता ही नरेंद्र मोदी है वही विष्णुदेव साय है वही विधायक और सांसद है जिसपर वहां के मतदाताओं का भरोसा है। इन्हीं कर्मठ कार्यकर्ताओं के बदौलत पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता देव दुर्लभ हैं चाहे वो बड़ा पदाधिकारी हो या बूथ का छोटा किंतु महत्वपूर्ण कार्य करने वाला कार्यकर्ता हो वह हर चुनाव में अपनी पार्टी को जीत दिलाने का कार्य करता है।

## सिकलसेल तथा डायरिया जांच, प्रबंधन एवं रोकथाम विषय पर कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com




कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में सिकलसेल तथा डायरिया जांच, प्रबंधन एवं रोकथाम विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि का कार्यशाला बहुत महत्वपूर्ण है। सभी चिकित्सक इस कार्यशाला को गंभीरता से समझे और जिले में सिकलसेल एवं डायरिया के जांच, प्रबंधन एवं रोकथाम हेतु बेहतर कार्य करें। उन्होंने लोगों को डायरिया एवं सिकलसेल के बेहतर उपचार तथा बचाव संबंधी उपायों के प्रति जागरूक एवं सतर्क रहने के लिए अपील भी की। उन्होंने डायरिया से बचाव के लिए स्वच्छ पानी पीने और लक्षण दिखाई देने पर चिकित्सकीय जांच एवं परामर्श लेने के लिए कहा। वहीं जिन समुदायों में सिकलसेल की बीमारी पाई जाती है, उन समुदायों के विवाहित जोड़ों की सिकल की जांच अवश्य कराने की बात कही।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेंद्र पैकरा ने बताया कि डायरिया से बचाव के लिए पीने का साफ पानी उपलब्ध होना बेहद जरूरी है, इसके लिए टंकियां की उचित साफ-सफाई की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि जल जनित बीमारियों को ध्यान में रखते हुए घरों में तथा कुएं एवं जल स्त्रोतों की अच्छी तरह से साफ -सफाई और संक्रमण रोकने के लिए क्लोरीन टैबलेट वितरित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांव में डायरिया की रोकथाम में प्रबंधन के लिए सभी मितानिनों एवं एएनएम को पूरी सक्रियता एवं तत्परता से कार्य करना चाहिए। मितानिनों द्वारा सभी 5 वर्ष तक के बच्चों के घरों में ओआरएस पैकेट, जिंक की गोली वितरित की जाए।

## पुलिस ने अवैध गांजा बेचने वाले पर की कार्यवाही 2 अपचारी विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक द्वारा लगातार क्षेत्र में अवैध जुआ,सट्टा,गांजा,नशीली दवाई पर प्रतिबंध लगाने एवं नशीली दवाई बिक्री करने वाले के विरूद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। जिस पर एसडीओपी कुरूद रागिनी मिश्रा के नेतृत्व में थाना प्रभारी कुरूद निरीक्षक अरूण साहू द्वारा लगातार नजर रख कार्यवाही की जा रही थी। जहा आज 19 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिला कि कुछ व्यक्ति चरमुडिया रोड तिराहा ज्योति राईस मिल कुरूद के पास मादक पदार्थ गांजा बिक्री कर रहे है कि सूचना पर थाना कुरूद पुलिस द्वारा मौके पर तत्काल पहुंचकर घेराबंदी कर 02 अपचारी विधि से संघर्षरत बालकों को मादक पदार्थ गांजा को अवैध रूप बिक्री करते पकडे गये जिसको अभिरक्षा में लेकर उनके कब्जे से 01किलो 300 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 6,300 रूपये बिक्री रकम 550 रूपये,कुल जुमला 6850 रूपये मिलने पर मौके पर कार्यवाही कर अपराध सदर धारा पाये जाने पर धारा 20 (बी) नारकोंटिक्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। अपचारीगण नाबालिग होने से माननीय किशोर न्याय बोर्ड धमतरी पेश किया जा रहा है। 02 अपचारी विधि से संघर्षरत् बालक रहे शामिल।

## अल्प-खण्ड वर्षा के मद्देनजरकिसानों को दी गई सम-सामयिक सलाह

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

वर्तमान में किसानों को अल्प वर्षा/खण्ड वर्षा का सामना करना पड रहा है., जिसके कारण कृषि कार्य में तेजी नहीं आ रही है। पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण बीज बोनी कार्य प्रभावित हो रही है। इसके मद्देनजर उप संचालक कृषि ने बताया कि सुनिश्चित सिंचाई साधन सम्पन्न किसान अपना कृषि कार्य कर रहे हैं, लेकिन गैर अपासी वाले कृषकों को आज की स्थिति में अच्छी बारिश का इंतजार करना पड रहा है।इन परिस्थितियों में किसानों के लिए कृषि विभाग द्वारा समसामयिकी सलाह दी गई है।ऐसे खेत जिनमें रोपा नहीं लगाया गया है, वहां वर्तमान स्थिति में धान की कतार बुआई करें एवं कम तथा मध्यम अवधि (90 से 110 दिन) की अवधि वाले घान के किस्मों का चयन करें। कुछ किस्मों का किसान अपनी खेती के मिट्टी एवं परिस्थिति के अनुसार चयन कर सकते हैं, ये किरण है-विक्रम टीसीआर, महामाया, एम.टी.यू. 1010। ऐसी परिस्थितियों में बीज दर सामान्य से 15 से 20 प्रतिशत अधिक रखा जाना उचित होता है। उप संचालक ने यह भी बताया कि उच्च भूमि क्षेत्र वाले खेतों में धान के स्थान पर कम जल मांग वाली फसलें मूंग, उड़द, तिल, अरहर व मक्के की खेती कर सकते हैं। मूंग-शिखा, विराट, पी.के.व्ही.एम.के.एम-4 एवं उड़द हेतु इंदिरा उड़द-1, एनयूएल 7, आईपीयू 11-02, आईपीयू 10-26 आई.पी.यू. 31-1 आईपीयू 17-1. टी.जे.यू-130 इत्यादि किस्मों का चयन अपनी सुविधा अनुसार कर सकते हैं। साथ ही जिन खेतों में धान की रोपाई हो चुकी है, वहां 15 से 20 दिनों बाद की जाने वाली यूरिया का छिडकाव मौसम को देखते हुये करें। देरी से रोपाई की स्थिति में अधिक अवधि का थरहा होने पर उसकी पत्तियों के ऊपरी भाग को तोड़कर प्रतिदिन 3 से 4 पौधा लगायें।

## बच्चों को विटामिन 'ए' एवं आयरन सिरप पिलाकर किया गया शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ




पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में आज से आगमी 23 अगस्त तक शिशु संरक्षण माह का आयोजित किया जा रहा है। इसका शुभारंभ आज स्थानीय ईतवारी बाजार स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जगदीश रामू रोहरा और महापौर विजय देवांगन द्वारा बच्चों को विटामिन 'ए' एवं आयरन सिरप पिलाकर किया गया। इस अवसर पर विभिन्न वार्डों के पार्षद, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यू.एल. कौशिक, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जे.पी.दीवान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.प्रिया कंवर सहित अन्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य अमला उपस्थित रहा।

### पट्टा नवीनीकरण के लिए आवेदन 7 दिनों के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश

**धमतरी।** नगरनिगम धमतरी के नजूल अंतर्गत ऐसे पट्टाधारक जिनका पट्टा अवधि समाप्त हो चुका है, उन्हें 7 दिनों के भीतर नवीनीकरण का आवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश तहसीलदार नजूल धमतरी द्वारा दिए गए हैं। तहसीलदार ने बताया कि ऐसा नहीं करने पर संबंधित का पट्टा निरस्तीकरण की कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने यह भी बताया कि मोहल्लेवार इस संबंध में नोटिस जारी किया जा रहा है। इस सप्ताह बॉंसपारा वार्ड व तहसील वार्ड में नोटिस जारी किया गया है।

## कलेक्टर ने पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग की ली समीक्षा बैठक



पायनियर संवाददाता ◂ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की बैठक में पशुपालन विभाग की संचालित सभी गतिविधियों एवं योजनाओं पर विस्तार से समीक्षा करते हुए उन्होंने पशुओं के पंजीयन,उपचारित पशुओं की संख्या,टीकाकरण के संबंध में जानकारी ली। व्ही मौसमी बीमारियों को ध्यान में रखते हुए साफ -सफाई और गोवंश,पशुओं के बेहतर रख रखाव हेतु पशुपालकों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोबाइल यूनिट के माध्यम से गांवों तक जा कर पशुपालकों को लाभान्वित करें। साथ ही उपस्थित सभी पशु चिकित्सकों को कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण, बधिया करण पर शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। व्ही मत्स्य विभाग से मछली बीज उत्पादन के संबंध में निरीक्षकों से विभागीय गतिविधियों की जानकारी लेते हुए,उन्होंने बीजोत्पादन के लिए बेहतर कार्ययोजना बनाकर वृहद स्तर पर क्रियान्वयन करने की बात कही। साथ ही मछली बीज के उत्पादन के लिए मत्स्य विभाग की गतिविधि को बढ़ाने आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आयोजित बैठक में उपसंचालक डॉ.तनवीर अहमद अतिरिक्त उपसंचालक डा.एस. एस.सेंगर, डा. पुष्पेंद्र सिंह, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारियों में डॉ. एम.एस.मरकाम, डॉ.विजय बहादुर, डॉ.डी.डी.परहा, डॉ. कुसुम लता श्याम,डा.शालीनता मीनू एक्का.डॉ पुनीत तिर्की एवं पशु चिकित्सालय सहायक संलग्न डॉ.देवेंद्र यादव, डा.अनीशा बेग, डॉ.कविता सिंह डॉ. अदिति सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

**मनरेगा के तहत ले रहे शासन की योजनाओं का लाभ**

## अन्य दिव्यांगों के लिए मिसाल बना कुम्भकरण साहू

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com



आजकल दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं, बल्कि उनकी कला, योग्यता और हुनर को उजागर करने का जमाना है। आज के जमाने में दिव्यांग हर चुनौति का सामना सामान्य लोगों की ही तरह करते हैं। वजह है इन्हें भी अन्य लोगों की तरह शासन की सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

ऐसा ही एक पैर एवं एक हाथ से दिव्यांग हैं कुम्भकरण साहू पिता स्व. कन्हैया राम साहू उम्र 36 वर्ष, निवासी भैंसबोड़ की जिन्होंने कदम-कदम पर चुनौती का सामना करते हुए जीवन निर्वाह के लिए राह को आसान बनाया। ये सब महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत मेट का काम करते हुए हुआ। मनरेगा योजना से ही काम का मिला सहारा। इस तरह कुम्भकरण साहू दूसरों के लिए बना प्रेरणा। जनपद पंचायत कुरूद के ग्राम पंचायत भैंसबोड़ की दिव्यांग ने आत्मनिर्भर बनने की ठानी और अब मेट के रूप में काम करते हुए नियोजित श्रमिकों को योजना में सहभागिता बढ़ाने का गुर सिखा रहे हैं। इस संबंध में कुम्भकरण साहू ने बताया कि सितंबर 2020 में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरूद महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत गांव में चल रहे कार्यों का निरीक्षण करने आए थे। निरीक्षण के दौरान ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ने कुम्भकरण साहू को मनरेगा योजना में मेट के रूप में काम करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कुम्भकरण साहू को मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम की जानकारी दिये तथा कार्यक्रम अधिकारी को पंजीयन कराने के निर्देश दिए। पंजीयन उपरांत कुम्भकरण साहू का चयन मेट के रूप में किया गया। आगे उन्होंने यह भी बताया कि योजनांतर्गत एक वित्तीय वर्ष में 10 हजार से 12 हजार रूपये की आमदनी अर्जित करते हुए परिवारिक जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहे हैं। इस संबंध में कार्यक्रम अधिकारी कुंती देवांगन ने बताया कि-मेट के रूप में कुम्भकरण साहू ने दायित्व संभाला और नियोजित श्रमिकों को मनरेगा योजना में कार्य करने के लिए सहभागिता बढ़ाने, अधिक से अधिक ग्रामीण श्रमिकों को कार्य उपलब्ध कराने, मोबाइल एन.एम.एम.एस. एप्प के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने का उल्लेखनीय कार्य भी किया है। उनकी पत्नी लोकेश्वरी साहू भी मूकबधिर है। मनरेगा कार्य के पश्चात कुम्भकरण गांव में एक छोटा सा पान की दुकान संचालित कर जीवन यापन कर रहे हैं।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 22 जुलाई को

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी द्वारा आगामी 22 जुलाई को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कम्पोजिट भवन के कक्ष क्रमांक 45 में आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा सीआरओ, सेल्स रिप्रजेंटेटिव, एग्रीकल्चर ऑफिसर, हेड कुक, इलेक्ट्रिशियन और आया के कुल 63 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। उप संचालक, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र ने बताया कि 18 से 30 साल तक की आयु के, दसवीं, बारहवीं, आईटीआई में इलेक्ट्रिशियन, स्नातक और बायो या केमिस्ट्री में बीएससी शैक्षणिक योग्यता वाले आवेदक इस साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं।

## ग्राम डोंगरिया में स्थल का निरीक्षण कर प्रस्तावित वृक्षारोपण की तैयारियों का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com



लोरमी विकासखण्ड के ग्राम डोंगरिया में 10 एकड़ रकबा में बगीचा सह नर्सरी तैयार किया जाएगा, जिसमें आम के विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जाएगा। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री अरूण साव शामिल होंगे। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने ग्राम डोंगरिया में स्थल का निरीक्षण कर प्रस्तावित वृक्षारोपण की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने वृक्षारोपण हेतु तकनीकी मानक अनुसार गड्ढों की खुदाई, गुणवत्तायुक्त फेंसिंग के साथ ही प्रवेश द्वार निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि ग्राम डोंगरिया में 10 एकड़ रकबा में 1200 आमों का बगीचा सह नर्सरी तैयार किया जा रहा है, जिसमें दशहरी, लंगड़ा, मल्लिका, बाम्बेग्रीन जैसे विभिन्न प्रजातियो के पौधों का रोपण किया जाएगा। इस अवसर पर उद्यान विभाग की सहायक संचालक भगवती साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लोरमी, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव एवं अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने 1 हजार करोड़ रुपए अनुदान देकर बिजली बिल में 13 प्रतिशत की वृद्धि रुकवाई

## अनेक संगठनों द्वारा सराहना तथा साय के प्रति जताई कृतज्ञता

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली दरों में राहत दिलाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जो 1000 करोड़ रुपए का अनुदान दिया गया है उसकी सराहना करते हुए प्रदेश के अनेक उपभोक्ता संरक्षण, औद्योगिक तथा महिला संगठनों ने साय के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया है। मुख्यमंत्री साय को प्रेषित पत्र में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उपभोक्ता संरक्षण परिषद के अध्यक्ष मोहन एंटी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत विनियामक आयोग द्वारा 1 जून 2024 को प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए जो बिजली की नई दरें घोषित की गई है उसमें आपके द्वारा दी गई राहत की बहुत ही विशेष भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि विरासत में नई सरकार को 4 हजार 420 करोड़ रुपए का घाटा तोहफे के रूप में मिला था, यदि उस आधार पर नई बिजली दरें घोषित की जाती तो लगभग 21 प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित थी। पत्र में कहा गया है, यह हमारा सौभाग्य है कि प्रदेश में आपके जैसा सरल, सौम्य, संवेदनशील लेकिन अपने निर्णयों में सुदृढ़ मुख्यमंत्री मिला है। जो 21 प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित थी वह आपकी संवेदनशीलता की वजह से ही सभी श्रेणियों में औसतन 8.35 प्रतिशत पर आकर थम गई।



घरेलू उपभोक्ताओं के लिए तो आपका निर्णय वरदान ही साबित हुआ है। आपने एक ओर जहां हॉफ बिजली बिल योजना को जारी रखते हुए अपने वार्षिक बजट में इसका प्रावधान कर दिया है वहीं दूसरी ओर घरेलू और गैर-घरेलू उपभोक्ताओं की दरों में मात्र 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है जो कि नगण्य है तथा एफोर्डेबल है। प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए आपने राज्य शासन की ओर से 1000 करोड़ रुपए का जो अनुदान स्वीकृत किया है उसकी जितनी भी तारीफ की जाए वह कम होगी। यह राहत वास्तव में प्रदेश की गरीब एवं मध्यम वर्गीय जनता के लिए बहुत बड़ा आर्थिक संबल साबित होगी।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उपभोक्ता महासंघ के अध्यक्ष श्याम काबरा ने कहा है कि राज्य की विष्णुदेव साय सरकार के हस्तक्षेप से उपभोक्ताओं को बिजली का बड़ा झटका लगने से बच गया। वितरण कंपनी ने 4420 करोड़ रुपए का राजस्व घाटा अनुमानित किया था। जिसे परीक्षण के बाद आयोग ने 2819 करोड़ रुपए मान्य किया। इसमें भी 1 हजार करोड़ रुपए की प्रतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा करने का निर्णय लिया गया। इस तरह बिजली दर में 8.5 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई। सरकार द्वारा प्रतिपूर्ति नहीं किए जाने की स्थिति में 20.45 प्रतिशत वृद्धि अनुमानित थी। नवचेतन जनकल्याण एवं महिला उत्थान समिति की सचिव स्वाति कश्यप ने मुख्यमंत्री साय को पत्र भेजकर कहा है- हम प्रदेश की समस्त महिलाओं की ओर से आपका हार्दिक अभिनंदन करते हैं। मातृवंदन योजना के रूप में आपने प्रदेश की मातृशक्ति को जो संबल दिया है उसकी हम मुक्तकंठ से सराहना करते है। इसी तरह प्रदेश में बिजली की दरें अगर 21 प्रतिशत बढ़ जाती तो उसका सर्वाधिक असर महिलाओं पर ही पड़ता। पूर्व सरकार की कुनीतियों का खामियाजा प्रदेश की नारीशक्ति को भुगतना पड़ता। ऐसे में आपने 1000 करोड़ रुपए का अनुदान देकर एक बड़ी बिजली दर वृद्धि से प्रदेशवासियों को बचा लिया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत विनियामक आयोग द्वारा 1 जून 2024 को प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए जो बिजली की नई दरें घोषित की गई है उसमें आपके द्वारा दी गई राहत की बहुत ही विशेष भूमिका रही है। उल्लेखनीय है कि पूर्व सरकार ने विरासत में 4420 करोड़ रुपए का घाटा तोहफे के रूप में दिया था, यदि उस आधार पर नई बिजली दरें घोषित की जाती तो लगभग 21 प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित थी।

## प्रियांशी गुप्ता बनी सीए, समाज के लोगों ने दी बधाई

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट आफ इंडिया की फायनल परीक्षा अविनाश प्राईड, हीरापुर, रायपुर निवासी स्वर्गीय राजेश गुप्ता की सुपुत्री प्रियांशी गुप्ता ने सीए बनकर शहर एवं समाज को गौरवान्वित किया है। मधावी छात्रा रही प्रियांशी स्नातक तक की शिक्षा रायपुर शहर में रहते हुए प्राप्त की है। इनके द्वारा परिवार के सपोर्ट से और अपनी लगन एवं मेहनत से यह सफलता प्राप्त की हैं। पियांशी को उनके परिजनों के अलावा उनके कॉलानी वासी और मित्रों ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामनाए की है।


**राइट्स लिमिटेड**
राइट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विशेषज्ञ
(भारत सरकार का उपक्रम)
शिखर, प्लॉट सं. 1, सैक्टर-29, गुरुग्राम-122001
सीआईएन : L74899DL1974GOI007227

**जनशक्ति की नियुक्तिः**

| वीसी सं. | पद | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|
| 187/24 | रेजिडेंट इंजीनियर – सिविल संविदा पर | 05 |
| 188/24 | रेजिडेंट इंजीनियर – मैकेनिकल संविदा पर | 06 |
| 189/24 | रेजिडेंट इंजीनियर – इलेक्ट्रिकल संविदा पर | 03 |
| 190/24 | उप महाप्रबंधक (ईएस एंड टी) नियमित आधार पर | 02 |

पद, पारिश्रमिक, योग्यता, अनुभव, आयु, तिथि और स्थान, चयन प्रक्रिया आदि के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, उम्मीदवार राइट्स की वेबसाइट **www.rites.com** पर कैरियर सेक्शन के अंतर्गत पोस्ट किए गए विस्तृत विज्ञापन को देख सकते हैं।

**वीसी संख्या 187/24, 188/24 एवं 189/24 के लिए लिखित परीक्षा 18.08.2024 को गुवाहाटी, कोलकाता, भुवनेश्वर और गुरुग्राम में आयोजित की जाएगी।**



**20 July 2024 — Pride Of Raipur**

"पवन पुत्र हनुमान जी की अद्भुत, अलौकिक, दुर्लभ, अविश्वसनीय, अद्वितीय 5000 फोटो का विशाल संग्रह, जो बना विश्व रिकॉर्ड! इसमें सभी फोटो अलग-अलग व अद्वितीय है। इस दुर्लभ संग्रह का हिस्सा बनें।"
इस दुर्लभ संग्रह (पुस्तक) अपने घर लायें
संपर्क - 98271-22886

TENSILE SHADE

CAR PARKING SHADES
• Cafeteria • Terraces • Sport Areas • Resort Tents • Entrance Canopies • Garden Covering • Food Courts • Car Parking • Walk Ways • Petrol Pumps • Swimming Pool Shades
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
www.makazadpharmacy.com

अपने व्यवसाय को बढ़ाने शहर के मध्य एमजी रोड, रायपुर जे.बी. मॉल में कॉरपोरेट ऑफिस, कोचिंग, सर्विस सेंटर, कोरियर इत्यादि हेतु ग्राउंड फ्लोर पर 1716 Sqt. फर्नीशड हॉल किराये/बेचने हेतु उपलब्ध

ग्राउंड फ्लोर में ऑफिस, दुकान किराये/बेचने हेतु उपलब्ध
अमित जाधव - मो. 9907402581, 8319461409

KSR · KisaN · Parryware

Shree Vijay Sales
Near Ganesh Vinayak Eye Hospital Opp Colors Mall, Dhamtari Road, Pachpedi Naka Raipur, Mob. 9993376888

होमलोन व माडगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70% | पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

Home Constrution

HOUSE Planning I Construction Work (with or without Materials)
BOQ for bank Loans I Building Materials Supplying I Landscaping
All Electrical and Plumbing Services I Consultancy Services
Under Supervision of a well experienced Civil Engineer
@ Raipur M : 82239-70000 86029-59274
M/s. SHEKHAR SAHAY
Shop# 139, 1st Floor, Progressive Point, Lalpur, Raipur

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step

JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567



स्थापना दिवस
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार पायनियर के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

आदिवासी अंचल में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रतिबद्ध
स्वास्थ्य विभाग, जिला–दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा

प्रमुख अभियान



• मलेरिया मुक्त दक्षिण बस्तर
• फाइलेरिया मुक्त दक्षिण बस्तर
• गर्भवती व शिशुवती माताओं को शत प्रतिशत टीकाकरण
• मच्छरदानी वितरण एवं उपयोग
• कुपोषण से मुक्ति हेतु एनआरसी का संचालन
• संक्रामक व मौसमी बीमारियों पर रोकथाम की तत्परता
• बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सतत प्रयत्नशील अभियान





खंड चिकित्सा अधिकारी दंतेवाड़ा | खंड चिकित्सा अधिकारी कटेकल्याण | खंड चिकित्सा अधिकारी गीदम | खंड चिकित्सा अधिकारी कुआकोंडा

विनीत : – मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला–दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403